सुप्रभात
रांची, शनिवार
15.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 215

06 सौंदर्य अनुभूति, भावना, कल्पना, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल



# कांग्रेस कोटे से बने मंत्रियों के कामकाज की होगी सोशल ऑडिट, पार्टी जनता से लेगी फीडबैक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में दोबारा महागठबंधन की सरकार बनाने के बाद कांग्रेस इस बात को लेकर ज्यादा गंभीर है कि चुनाव के दौरान जनता से किए चुनावी वादों को पूरा किया जाए। इसके साथ ही हेमंत सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों की जनता के बीच पॉजिटिव छवि बनीं रहे। कांग्रेस अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए झारखंड कोटे के सभी मंत्रियों के कामकाज और पार्टी कार्यकताओं-आमजन में उनकी छवि का सोशल ऑडिट कराने का फैसला किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान में प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व से यह आदेश मिला है कि मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा हो और उनकी जनता के बीच क्या छवि बनीं है इसकी भी जानकारी ली जाए।

**07 गारंटी को पूरा करने की दिशा में काम करने के निर्देश :** जगदीश साहू ने कहा कि अभी हाल ही में चारों मंत्रियों की दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ बैठक हुई थी। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी मंत्रियों को यह निर्देश दिया था कि वह चुनाव के समय जनता को दी गई सात गारंटियों को धरातल पर उतारने के लिए गंभीर प्रयास करें।

**मंत्रियों- विधायकों के कामकाज का फीडबैक लेगी कांग्रेस :** जगदीश साहू ने कहा कि पार्टी ने एक ओर जहां आम जनता की सुविधा के लिए मंत्रियों को जनता दरबार लगाकर जन शिकायतों को तत्काल सुलझाने का निर्देश दिया है। वहीं चारों मंत्रियों के बीच छह-छह जिले का प्रभार सौंपने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कमिटी की ओर से भी पदाधिकारियों को जनता के बीच भेजा जाएगा।

### मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा स्वाभाविक प्रक्रिया : राकेश

झारखंड कांग्रेस द्वारा अपने मंत्रियों के कामकाज की सोशल ऑडिट और समीक्षा को सामान्य प्रक्रिया बताते हुए कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि जनता ने बेशुमार आशीर्वाद देकर हमें दोबारा सत्ता सौंपी है। हमने जनता से कई चुनावी वादे भी किये थे, ऐसे में जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों और विधायकों के कामकाज समीक्षा भी जरूरी है।

### सरकार में कांग्रेस कोटे से 04 मंत्री

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे से 04 मंत्री हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल है।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा : केशव

## कांग्रेस समागम की तैयारी को लेकर चांडिल में आहुत बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कोल्हान प्रमंडल में अगामी एक मार्च को होनेवाली कांग्रेस समागम की तैयारी को लेकर चांडिल डैम गेस्ट हाउस में शुक्रवार को आहुत बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय शामिल हुए। बैठक में कोल्हान प्रमंडल के सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रखंड और जिला पदाधिकारीगण मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद युवाओं, किसानों, महिलाओं का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। यही कारण है कि लोगों का रूझान कांग्रेस में बढ़ रहा है और लोग कांग्रेस की सदस्यता लेने के लिए उत्सुक दिख रहे है। आगामी 01 मार्च को आहूत कोल्हान प्रमंडल कांग्रेस समागम इसी का उदाहरण है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सचिव सह सांसद सत्पगिरी शंकर उलका, सचिव डॉ सिरिबेला प्रसाद सहित मंत्री, और विधायकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र रहा है और आप लोगों का जो प्यार हमें मिला उस प्यार का कोई मूल्य नहीं है। कांग्रेस समागम यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि कांग्रेस के प्रति लोगों का जो विश्वास बढ़ा है, उसका उदाहरण है। बैठक में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, धर्मेन्द्र सोनकर, देबू चटर्जी, संजीव श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, छोटे राय किस्कू, राणा सिंह, एलबी सिंह, शिवकुमार गोराई, परमिन्दर मिश्रा, दुर्योधन गोप, त्रिशानु राय आदि शामिल थे।

# मॉडल शॉप (हाता) खोलने का विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड में नई उत्पाद निति लागु होने के विरोध में शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि झारखण्ड में नई उत्पाद निति नई के तहत मॉडल शॉप (हाता) खोलने का प्रावधान रखा गया है। इस निति का बार एसोसिएशन विरोध करता है। इस निति से ना सिर्फ बार एसोसिएशन को राजस्व में घाटा होगा बल्कि समाज में भी इसका दुष्परिर्णम पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बार में जो शराब बिक्री के कोटे का प्रावधान है। वह अनुचित है और बार संचालको के लिए न्यायोचित नहीं है। कोटा रहने से कोटे के अनुरूप बिक्री करने की वाध्यता होती है। जिससे नियमों के उलंघन की संभावना बनी रहती है। अतः बार से कोटे के नियमों को समाप्त किया जायेग। इसके साथ ही एक दिवसीय बार टेंडर को भी कैंसील किया जाये क्योंकि रेस्ट्रेंट और अन्य लोग इसका दुरूपयोग करते है।

अतः हम सरकार से इस पर पुनः विचार करने की मांग करते है। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक गुर चरन सिंह ,विजय वर्मा ,रामा शंकर प्रसाद ,अर्पण यादव ,उमेश सिंह ,बबलू महतो , विक्रम यादव साथ ही कई बार और रेस्टोरेंट के संचालक उपस्थित थे।

# झारखंड में प्रस्तावित शराब नीति 2025 पर अबुआ अधिकार मंच ने दिए सुझाव

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित शराब नीति 2025 को लेकर अबुआ अधिकार मंच के गौतम सिंह ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को विभिन्न जनहितैषी सुझाव प्रेषित किए हैं। गौतम सिंह ने शराब नीति में व्यापक सुधार लाने की मांग करते हुए कहा कि इससे न केवल सामाजिक संतुलन स्थापित होगा, बल्कि अपराध दर में भी कमी आएगी।

अबुआ अधिकार मंच ने शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, खेल मैदानों और शहरी आबादी वाले क्षेत्रों से कम से कम 500 मीटर दूर शराब की दुकानों को लाइसेंस देने, ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने के लिए ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य करने, शराब की बिक्री के लिए ऑनलाइन लाइसेंस प्रणाली लागू करने ताकि पारदर्शिता बनी रहे, हर दुकान पर अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाना अनिवार्य किए जाने, शराब की बिक्री रात 9 बजे के बाद प्रतिबंधित की जाने जिससे अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके, प्रत्येक शराब दुकान के बाहर 'नशा मुक्त समाज' से जुड़े जागरूकता पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाए जाने, शराब विक्रेताओं के लिए सामाजिक जिम्मेदारी प्रशिक्षण अनिवार्य किए जाने ताकि वे नाबालिगों और नशे की लत वाले व्यक्तियों को शराब बेचने से बचाया जा सके, अंतरराज्यीय अवैध शराब व्यापार को रोकने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किए जाने, शराब पीने की न्यूनतम आयु सीमा का कड़ाई से पालन कराए जाने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

## केंद्रीय बजट में झारखंड को विशेष तरजीह देने पर पीएम और वित्त मंत्री को आभार

# राज्यसभा सांस्द प्रदीप वर्मा ने केंद्रीय बजट को सराहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केन्द्रीय बजट 2025-26 में झारखंड के प्रति जो विशेष ध्यान रखा गया है। उस पर चर्चा करते हुए सांसद प्रदीप वर्मा ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट 2025-26 को 2047 के विकसित भारत के रोड मैप के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह बजट प्रधानमंत्री के समावेशी विकास के रूप में एवं सबका साथ सबका विकास के दर्शन के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। बजट में ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषि उद्यमिता और रोजगार के लिए एमएसएम ई बुनयादी ढांचे एवं नवाचार के विकास के लिए निवेश आर्थिक वृद्धि के लिए निर्यात इन चार क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया गया है।

### झारखंड पर रहता है प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान

इस बजट का लक्ष्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के विकास को गति देना समावेशी विकास को सुरक्षित करना निजी क्षेत्रों के निवेश को सुगम बनाना एवं स्वदेशी उत्पादों को विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धी तरीके से लेकर जाना है। शुन्य कर को बारह लाख तक बढ़ाकर एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए अर्जित ब्याज टीडीएस कटौती की सीमा पचास हजार से एक लाख तक बढ़ाकर मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाने का कार्य इस बजट में किया गया है। झारखंड प्रांत पर प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान रहता है उनके कार्यकाल में झारखंड के विकास का ध्यान रखा गया है।

### झारखंड में चल रहे हैं 32 नये रेल लाइन प्रोजेक्ट

झारखंड में 32 नये रेल लाइन प्रोजेक्ट चल रहे हैं। कुल 3070 किलोमीटर नयी रेल लाइन बावन हजार आठ सौ पचासी करोड़ की लागत से बिछाए जा रहे हैं। झारखंड राज्य में 57 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशनों के रूप में विकसित किया जा रहा है। 2014 के बाद जबसे देश में एनडीए की सरकार आई है झारखंड में 436 रेलवे फलाई ओवर और अंडरपास का निर्माण हुआ है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उतकर्ष अभियान के तहत प्रधानमंत्री द्वारा 63 हजार जनजातीय गांवों को विकसित किया जा रहा है जिसका सर्वाधिक लाभ झारखंड को मिलेगा। 2800 करोड़ की लागत से एकलव्य विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है जो झारखंड के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उनहोंने केन्द्रीय बजट 2025-26 में झारखंड राज्य का विशेष ध्यान रखने पर प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री का विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया है।

### भारत सरकार के ग्रांट में भी 266% की वृद्धि की गयी

पहले 2004-2014 में केन्द्र की कांग्रेस सरकार द्वारा टैक्स कलेक्शन से 56 हजार 90 करोड़ हस्तान्तरित किए गये, जबकि वर्तमान सरकार के द्वारा 302% की वृद्धि करते हुए 2 लाख 26 हजार 444 करोड़ रुपए टैक्स कलेक्शन से हस्तान्तरित किए गये। साथ ही भारत सरकार के ग्रांट में भी 266% की वृद्धि की गयी है। 2004-14 में जहां 28509 करोड़ था। वहीं, इस बजट में 104373 करोड़ किया गया है, जो प्रधानमंत्री का झारखंड के प्रति विशेष ध्यान को इंगित करती है। उनहोंने कहा कि रेलवे के बजटीय अलोकेशन में भी सोलह गुणा वृद्धि की गयी है, जहां वर्ष 2009-14 में 457 करोड़ का अलोकेशन था। वहीं, 2025-26 में यह राशि बढ़कर सात हजार तीन सौ दो करोड़ पहुंच गयी है।

# स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी नायकों का अध्ययन व दस्तावेजीकरण की है जरूरत

## तेलंगा खड़िया की 219वीं जयंती पर टीआरआई में व्याख्यान आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र क्षेत्रीय केंद्र और डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान मोरहाबादी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को तेलंगा खड़िया की 219वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर तेलंगा खड़िया-स्वाधीनता संघर्ष का एक अल्पज्ञात जनजातीय शहीद विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ कुमार संजय झा ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इन सभी नायकों के जीवन का अध्ययन और दस्तावेजीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आजादी का अमृत महोत्सव पहल के तहत भारत के गुमनाम आदिवासी नायकों को समर्पित कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। वक्ता ने कहा कि पिछले साहित्यिक कार्यों और ऐतिहासिक दस्तावेजों से सावधानीपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई है, जिसमें 19वीं शताब्दी में औपनिवेशिक ताकतों के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध का नेतृत्व किया गया था। मौके पर रांची विवि खड़िया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बंधू भगत, सहायक प्राध्यापक डॉ मेरी एस सोरेन, संत जेवियर कॉलेज हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो कमल कुमार बोस, डीएसपीएमयू हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जिंदर सिंह मुंडा, डॉ सावित्री बड़ाइक समेत अन्य विद्वान, शोधकर्ता और छात्र शामिल थे।

**जनजातीय वीरों का इतिहास हाशिए पर है : अंगद किशोर :** मुख्य अतिथि अंगद किशोर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि तेलंगा खड़िया को अल्पज्ञात जननायक श्रेणी में गिना जाता है, लेकिन वह उन महान वीरों में से हैं जिनका योगदान भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अद्वितीय है। भारतवर्ष में जनजातीय वीरों का इतिहास हाशिए पर है, जिसे मुख्यधारा के इतिहास में सम्मान के साथ सम्मिलित करने की आवश्यकता है। सम्मानित अतिथि डॉ। बिनोद कुमार ने जनजातीय स्वाधीनता संघर्षों के मुख्य कारणों पर प्रकाश डाला और कहा कि जनजातीय समाज का प्रकृति से प्रेम है। इसकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने की प्रवृत्ति रही है, और यही कारण है कि आदिवासी समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में एकजुटता दिखायी।

**वीर सपूत तेलंगा खड़िया आज भी गुमनाम : प्रो डीएन वर्मा :** सेवानिवृत्त प्रोफेसर और रामपुर हाट के अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र के संस्थापक प्रो डीएन वर्मा ने संबोधित किया और कहा कि तेलंगा खड़िया अंग्रेजों के सामने कभी नहीं झुके। इसका प्रमाण विभिन्न प्रामाणिक स्त्रोतों, मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों और खड़िया लोकगीतों में मिलता है।

इस आदिवासी शहीद का उल्लेख होने के बावजूद यह वीर सपूत आज भी गुमनाम है।पूर्व में किए गए शोधों की आलोचनात्मक समीक्षा करते हुए प्रो वर्मा ने कहा कि औपनिवेशिक इतिहासकारों ने आदिवासियों को असभ्य, जंगली और बर्बर कहा था। लेकिन इसके बावजूद आदिवासी नायकों ने विदेशी शासन का पुरजोर प्रतिरोध किया। इसके बाद भी आज इनकी गौरव गाथा और अधिकांश गुमनाम हैं।

### आदिवासियों का संघर्ष इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं

अनुपम शौर्य और अनवरत संघर्ष का निष्पक्ष मूल्यांकन देश के इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं किया गया है। विभिन्न जनजातीय संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि संताल हूल 1855-1856 के सिदो और कान्हू, मुंडा संघर्ष 1895-1900 के बिरसा मुंडा, साफाहोड़ आन्दोलन के भागीरथ मांझी आदि से लोग अवगत हैं, लेकिन गोनो पिंगुआ (1857, कोल्हान), प्रोटो हो (1836-1837) जैसे आदिवासी समुदाय के वीर नायकों की तरह छोटानागपुर क्षेत्र में ब्रिटिश सत्ता का प्रतिरोध करने वाले तेलंगा खड़िया (1806-1880) के ऐतिहासिक संघर्ष और उनके बलिदान से लोग परिचित नहीं हैं।

## खबर एक नजर में

### प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोप में ट्रायल का सामना कर रहे प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत शर्तों में संशोधन करते हुए सप्ताह में दो बार ईडी कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने की शर्त को हटा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रेम प्रकाश किसी भी हालत में ट्रायल को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे और नियमित रूप से ट्रायल कोर्ट में उपस्थित रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने दिया है। बता दें कि 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने प्रेम प्रकाश को जमानत दी थी। उस समय कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि जमानत पर रहने के दौरान प्रेम प्रकाश को अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करना होगा और बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ेंगे। इसके साथ ही उन्हें सप्ताह में दो दिन ईडी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया गया था। प्रेम प्रकाश अवैध खनन और लैंड स्कैम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के मामलों में आरोपी हैं और फिलहाल दोनों मामलों में जमानत पर है।

### लीव इनकैशमेंट के मामले में संविधान पीठ में सुनवाई 18 को

**रांची।** नौकरी से बर्खास्त किए जाने पर लीव इनकैशमेंट का लाभ दिया जा सकता है या नहीं, इस मामले पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की संविधान पीठ में सुनवाई शुरू हुई। इस मामले में आंशिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने न्याय मित्र इंद्रजीत सिन्हा को भी अगली तिथि में कोर्ट में पक्ष रखने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव, जस्टिस आनंद सेन, जस्टिस राजेश शंकर, जस्टिस दीपक रोशन और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी शामिल थे। इस संबंध में चतरा के बर्खास्त जिला जज (सीनियर डिवीजन) अशोक कुमार मिश्र ने याचिका दायर की है। अशोक कुमार मिश्र को वर्ष 2013 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जो खारिज हो गयी। इसके बाद वह सुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश को सही बताया। फिर अशोक कुमार मिश्र ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बकाया लीव इनकैशमेंट और उसका ब्याज देने का आग्रह किया। इस मामले की पूर्व में खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए कहा था कि किसी भी आपराधिक, न्यायिक, विभागीय कार्यवाही के दौरान पेंशन और ग्रेच्युटी रोकी नहीं जा सकती। लीव इनकैशमेंट के मामले में पटना हाईकोर्ट के दो फुल कोर्ट बेंच ने अलग-अलग विचार दिए हैं। एक ने इसे वेतन का हिस्सा माना है, जबकि दूसरे ने इसे नहीं माना है। खंडपीठ ने इस मामले को वृहद बेंच में स्थानांतरित करने का आग्रह किया था। इसके बाद संविधान पीठ का गठन कर इसकी सुनवाई शुरू की गयी है। संविधान पीठ यह तय करेगी की लीव इनैकशमेंट वेतन का हिस्सा है या नहीं। सेवा से बर्खास्त हुए कर्मचारी को इसका लाभ मिल सकता है या नहीं। पहले गठित फुल कोर्ट ने इस पर विचार किया है या नहीं। इन सभी बिंदुओं पर हाईकोर्ट की संविधान पीठ 18 फरवरी से सुनवाई करेगी।

### सीएम हेमंत ने शहीद वीर जवानों को किया नमन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 2019 में पुलवामा में कायराना आतंकी हमले में शहीद होने वाले अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन।

### वीर जवानों के वीरता का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा : चंपई



झारखंड के पूर्व सीएम और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुये भारत माता के वीर सपूतों को शत शत नमन। आपके अदम्य साहस, वीरता व शौर्य का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। जय हिंद, जय भारत।

### शहादत को कभी नहीं भूल सकते : डॉ इरफान




स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि 14 फरवरी 2019 पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन। उनकी शहादत को कभी नहीं भूल सकते। देश की रक्षा के लिए उनका बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। जय हिंद! डॉ इरफान अंसारी ने एक फोटो भी साझा की है, जिसमें लिखा है कि 14 फरवरी 2019 यह वही दिन है जब हमारे वीर जवानों पर कायराना हमला हुआ था। जिसमें 40 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान शहीद हो गये। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद इसका जिम्मेदार था।

### जवानों का बलिदान हर नागरिक को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा : मिथिलेश



झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथलेश ठाकुर ने भी पुलवामा आतंकी हमले में शीहद अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने 40 सीआरपीएफ जवानों की फोटो साझा कर लिखा कि पुलवामा के वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन। 14 फरवरी 2019- यह तारीख हर एक हिंदुस्तानी के दिल में दर्द और गर्व दोनों की भावना जगाती है। इस दिन हमारे 40 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका बलिदान हमेशा अमर रहेगा और देश के हर नागरिक को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। आज हम संकल्प लेते हैं कि उनकी कुबार्नी व्यर्थ नहीं जाने देंगे। हम एकजुट रहकर देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करेंगे। शहीदों का यह बलिदान हमें हर पल याद दिलाता है कि हमारे सैनिक हमारी सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देते हैं। हम सबका दायित्व है कि हम उनके परिवारों के साथ खड़े रहें और एक सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। अमर शहीद वीरों को नमन! जय हिंद!

### शहीद जवानों की वीरता को मेरा प्रणाम : संजय सेठ



**रांची।** लोकसभा सांसद और भाजपा नेता संजय सेठ ने कहा कि पुलवामा के आतंकी हमले में अपना बलिदान देने वाले मां भारती के सभी वीर सपूतों को मेरा कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रहित के लिए दिया गया आपका बलिदान, हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। यह देश आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। आपकी वीरता को मेरा प्रणाम।

### बीजेपी ने पंचायतों के अधिकारों में कमी पर जतायी चिंता, सीएम से की सशक्त बनाने की अपील

**रांची।** झारखंड में पंचायतों को अधिकार देने की स्थिति राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे होने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि ग्राम पंचायतों को स्वायत्त शासन की शक्ति दी जानी चाहिए, लेकिन अधिकारों की कमी के कारण वे शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और बुनियादी ढांचे से जुड़े फैसले स्वतंत्र रूप से नहीं ले पातीं। बाबूलाल ने बताया कि वित्तीय स्वतंत्रता की कमी भी विकास कार्यों में बाधा बन रही है, जिससे स्थानीय शासन प्रणाली कमजोर हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि ग्राम पंचायतों को समुचित संसाधन और वित्तीय स्वायत्तता देकर सशक्त बनाया जाये, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।

### आदिवासी गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य : बाबूलाल

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के आदिवासी गांवों में नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के फैसले को स्वागतयोग्य बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि केंद्र सरकार की पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड के आदिवासी गांवों में 1220 नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य है। इससे आदिवासी समाज के विकास और पोषण में काफी सुधार होगा।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
15.02.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 215 | 12



महाकुंभ से उत्तर प्रदेश हुआ मालामाल

**न्यूज डायरी**

### महाकुंभ से तीन लाख करोड़ रुपये का फायदा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया है कि महाकुंभ से कई लोगों को काम मिला है। श्री गडकरी ने लखनऊ में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया की प्रयागराज कुंभ से जीडीपी में तीन लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, पर्यटन एक ऐसा सेक्टर है जहां पूंजी निवेश का 49 फीसदी रोजगार पैदा करने के लिए खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे टैक्सी वाले, होटल और रेस्टोरेंट वालों को काम मिला है।

### बांग्लादेश पर ट्रंप ने दिया भारत को फ्री हैंड

**नयी दिल्ली।** वाशिंगटन में पीएम मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में बांग्लादेश मुद्दे को लेकर बड़ी चर्चा हुई है। ट्रंप ने बांग्लादेश में जारी हालात में अमेरिका की भूमिका से साफ इनकार कर दिया है। द्विपक्षीय वाता के दौरान ट्रंप ने कहा, 'मैं बांग्लादेश का मुद्दा पीएम मोदी पर छोड़ता हूं।' अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने भी बांग्लादेश के हालात पर पीएम मोदी से बातचीत की।

### भारत ओलंपिक की मेजबानी को तैयार

**नैनीताल।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत ने अपना दावा भी प्रस्तुत कर दिया है। शुक्रवार को यहां श्री शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने सत्ता संभालते ही देश में खेलों के प्रति माहौल में बदलाव किया है। देश में खेल सुविधाओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

### सीमेंट लदा ट्रक पलटा चालक-खलासी की मौत

**रामगढ़।** रांची–पटना मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर के चुटूपालु घाटी में शुक्रवार को सड़क हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एलपी ट्रक रांची से हजारीबाग जा रहा था। घाटी में अचानक अनियंत्रित होकर गड़के मोड़ के पास पलट गया। ट्रक के मलबे में चालक और खलासी बुरी तरह दब गये। पुलिस ने दोनों को किसी तरह निकलवा कर दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों छत्तीसगढ़ के रहनेवाले थे।

### उत्तर-पश्चिमी कनकनी हवाओं से फिर लौटी ठंड

**रांची।** राज्य भर में उत्तर उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से ठंड फिर से लौट आयी है। इन हवाओं के चलने से जहां रात में कनकनी बढ़ गयी है। वहीं दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा है। शक्रवार को न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी। ठंड कम होने से लोग गर्म कपडे. रखने की तैयारी में थे, लेकिन ठंड बढ़ने से लोगों को गर्म कपड़ों की फिर जरूरत महसूस होने लगी। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

राष्ट्रपति दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंची, राजभवन में किया रात्रि विश्राम

# आज बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल

■ राष्ट्रपति बीआइटी मेसरा से सीधे जायेंगी एटरपोर्ट, 12:45 बजे दिल्ली के लिए होंगी रवाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार की शाम रांची पहुंचीं। उनके रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष गंगवार और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उनका स्वागत किया। उनके रांची अगमन पर एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक रांची पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। एयरपोर्ट से राजभवन निकलने से पहले ही रूट लाइन में तैनात सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड में थे। करीब 20 से 22 मिनट के भीतर ही राष्ट्रपति का काफिला कड़ी सुरक्षा के बीच राजभवन पहुंच गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार की रात राजभवन में विश्राम किया। बता दें कि उनका विमान बेंगलुरु से शाम 4:30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचा और वहां से 5.15 बजे राजभवन पहुंच गयीं।



राजभवन में राष्ट्रपति का स्वागत करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

### आज सुबह 11 बजे जायेंगी बीआइटी मेसरा

राष्ट्रपति 15 फरवरी की सुबह 11 बजे बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। बीआइटी के बिड़ला ऑडिटोरियम को राष्ट्रपति के स्वागत के लिए तैयार कर लिया गया है। वह बिरला इंस्टिट्यूट के ऑडिटोरियम में आयोजित रिसर्च एग्जिबिशन कम डिस्प्ले का उद्घाटन भी करेंगी। इधर, राष्ट्रपति की सुरक्षा में दस आइपीएस के अलावा 1000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

### शहर में जगह-जगह की गयी है बैरिकेडिंग

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से राजभवन तक जाने वाले रास्ते पर और राजभवन से बीआइटी मेसरा तक जाने वाले रोड के दोनों तरह जगह बैरिकेडिंग की गई है। साथ ही कई जगह ड्रॉप गेट बनाये गए हैं। ट्रैफिक संभालने के लिए ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर व पुलिसकर्मियों को हर रोड में तैनात कर दिया गया है। ट्रैफिक रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग भी की गई है।

बेंगलुरु में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में राष्ट्रपति ने कहा

## महिलाएं बड़े सपने देखें और आत्मविश्वास के साथ बढ़ें

**बेंगलुरू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने महिलाओं से साहस जुटाने, बड़े सपने देखने और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर अपने लक्ष्यों को हासिल करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बाधाओं को तोड़ना और रूढ़ियों को चुनौती देना बिना मानसिक शक्ति के संभव नहीं है। उन्होंने कहा, हर महिला को साहस जुटाना चाहिए बड़े सपने देखने चाहिए और अपनी पूरी ताकत और क्षमता का उपयोग कर अपने सपनों को साकार करना चाहिए। महिलाओं के हर छोटे कदम से भारत और दुनिया के विकास की दिशा में बड़ा योगदान होगा।



राष्ट्रपति ने तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना रही है लेकिन इसके साथ ही मानवीय मूल्यों को बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा करुणा, प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए हर व्यक्ति को अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। यहां महिलाओं की भूमिका सबसे अहम हो जाती है क्योंकि उनमें करुणा के साथ नेतृत्व करने की विशेष क्षमता होती है। वे परिवार, समाज और पूरी दुनिया के कल्याण के लिए सोच सकती हैं।

उत्पाद विभाग के अधिकारियों पर भड़के मंत्री

## दो अधिकारियों को किया शो-कॉज ठीक से काम करने की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/दुमका।** पेयजल स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को दुमका में दोनों विभाग के दुमका, देवघर और जामताड़ा के अधिकारियों के साथ उनके कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान वे उत्पाद विभाग के अधिकारियों के रवैये पर काफी असंतुष्ट दिखे और आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि दुमका के एक्साइज असिस्टेंट और कमिश्नर सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं या सोये रहते हैं। एक्साइज विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों को शो-कॉज किया गया है। बाकी के पदाधिकारियों को बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**अफसरों को चेताया :** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने उत्पाद विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि अपने कार्यों को बेहतर ढंग से निष्पादित करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। हालत यह है कि उत्पाद विभाग का काम भी पुलिस कर रही है। पुलिस ही छापेमारी करती है और अवैध शराब भर जब्त करती है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से राजस्व का काफी नुकसान हुआ है। इस पर तत्काल एक्शन लेने को कहा गया है।



विभागीय अधिकारियों के साथ दुमका में बैठक के दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**जल्द मिलेगा गंगा का पानी :** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि एनओसी नहीं मिलने के कारण दुमका के सरैयाहाट और शिकारीपाड़ा प्रखंड में अब तक गंगा का पानी नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने बताया कि इसमें वन विभाग, पथ निर्माण विभाग और एनएचएआई डिपार्टमेंट की एनओसी चाहिए। फिलहाल दो विभागों की एनओसी मिली है। सिर्फ वन विभाग में कुछ मामला फंसा हुआ है। उसका क्लीयरेंस मिलते ही गंगा का पानी लोगों को उपलब्ध होगा। इसके साथ उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि गर्मी शुरू होने के पहले यह सुनिश्चित करें कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि पेयजल विभाग की कई ऐसी योजनाएं हैं जिसका काम अब तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन विभागीय सुस्ती की वजह से योजनाओं का काम अधूरा है। लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों को भी शो-कॉज किया गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने दी एक मां की थमती सांसों को नयी जिंदगी

बिना समय गंवाये सीपीआर देना शुरू किया और चलने लगी सुरजमनी की सांसें

सुधीर

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी गुरुवार की रात गोविंदपुर-साहिबगंज हाइवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृत 11 वर्षीय विशाल मुर्मू के परिजनों से मिलने गये थे। स्वास्थ्य मंत्री जब शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे, तो माहौल बेहद गमगीन था, लेकिन तभी एक और अनहोनी ने सबको सकते में डाल दिया। मृतक की मां सुरजमनी मरांडी की हालत बिगड़ने लगी। दर्द और सदमे से उनका शरीर जवाब देने लगा। नब्ज रुक गयी। धड़कनें थम गयीं। ऐसा लगा जैसे बेटे के गम में मां भी दम तोड़ रही है। वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही मंत्री इरफान अंसारी आगे बढ़े और बिना एक पल गंवाए तुरंत सीपीआर देना शुरू किया। हर सेकंड कीमती था। सबकी निगाहें मंत्री पर टिकी थीं। कुछ ही पलों में जो चमत्कार हुआ, वह शब्दों से परे था। अचानक आंखों में हल्की हरकत हुई और कुछ ही देर में मां की धड़कनें लौट आयी। उनकी सांसें फिर से चलने



लगी। ऐसा लगा जैसे मनो चमत्कार हो गया हो। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि, बल्कि एक कुशल और संवेदनशील डॉक्टर की भूमिका में भी दिखे।

**मंत्री को मसीहा कहकर पुकारने लगे गांव के लोग :** मृतक की मां के ठीक होते ही गांव के लोगों ने मंत्री इरफान अंसारी को मसीहा कहकर पुकारा। इसी दौरान मंत्री ने तुरंत तीन और डॉक्टरों को बुलाया और इलाज की पूरी व्यवस्था करायी। उनके प्रयासों से ना सिर्फ एक मां की जान बची, बल्कि लोगों के दिलों में उनके लिए सम्मान और भी बढ़ गया।

### जन सेवा और जीवन की रक्षा हमारी प्राथमिकता

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यहां के लोगों ने मुझे एक जनसेवक के रूप में चुना है। मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मेरे डॉक्टर होने का लाभ भी जनता को मिल रहा है। मैं जामताड़ा की जनता का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझ पर अटूट विश्वास रखा है। जनसेवा और हर जीवन की रक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता है। गांव के लोगों के होंठों पर मुस्कान लाकर वह समाज, राज्य और देश को समृद्ध बनाना चाहते हैं।

### रांची से अपहृत हुए होटल कारोबारी धनबाद से बरामद



**रांची।** राजधानी रांची के होटल व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद के नेता लाल रणविजय नाथ सहदेव को धनबाद आरपीएफ की टीम ने शुक्रवार को स्टेशन से बरामद किया। व्यवसायी रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र उरगुट्टू के रहने वाले हैं। परिजनों के अनुसार गुरुवार शाम चार बजे व्यवसायी का अपहरण हुआ था। जिसको लेकर ठाकुरगांव थाना में मामला भी दर्ज कराया गया था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वह धनबाद रेलवे स्टेशन पर बचाओ बचाओ की आवाज लगाते हुए दौड़ रहे थे। जिसके बाद आरपीएफ ने उन्हें पकड़कर अस्पताल में भर्ती कराया। आरपीएफ ने बताया कि कारोबारी का अपहरण कर किसी पहाड़ के ऊपर रखा गया था। उसके पास जो पैसे और सोने की अंगूठी थी, उसे अपहरणकर्ताओं ने छीन ली है। भाग नहीं पाए इसको लेकर अपहरणकर्ताओं ने कारोबारी के पैर को जलाने का भी प्रयास किया था। बरामदगी के वक्त कारोबारी के हाथों में रस्सी लगी हुई थी।

वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की बड़ी घोषणा

## सैन्य व्यापार: भारत को अमेरिका देगा अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यहां हुई ऐतिहासिक मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में महत्वपूर्ण सामरिक घोषणा हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने का फैसला किया है। इसका मकसद भारत को अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल करना है। प्रधानमंत्री मोदी से बेहद सौहार्द्रपूर्ण मुलाकात के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस साल अमेरिका भारत में सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक पहुंचाएगा। ट्रंप ने कहा कि भारत में अमेरिका तेजी के साथ सैन्य व्यापार बढ़ाएगा। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी इस बात की है कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च स्थान पर रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की तरह वह भी अपने देश के हितों को सबसे ऊपर रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्यकाल में वह अगले चार वर्ष तक आपके साथ मिलकर काम करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके पहले कार्यकाल के दौरान हमारे संबंध प्रगाढ़ रहे। अब हम उसी बंधन, समान विश्वास और समान उत्साह के साथ और तेजी से आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में ट्रंप के भरोसेमंद साथी एलन मस्क से हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, " वाशिंगटन डीसी में हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं।



### मुंबई का गुनहगार तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच चर्चा 4 टी – ट्रेड, टैरिफ, टेरर और टफ टॉक पर केंद्रित रही। यात्रा का मुख्य उद्देश्य ट्रंप को यह भरोसा दिलाना था कि भारत टैरिफ देश नहीं है और यह व्यापार युद्ध से बचने के लिए व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी के साथ वॉइट हाउस में मुलाकात के बाद ट्रंप ने घोषणा की कि मुंबई हमलों के गुनहगार तहव्वुर हुसैन राणा को भारत भेजा जायेगा। ट्रंप ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा और दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 79500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100000 रु./प्रति किलो |




स्वच्छता के वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर बढ़ा महाकुंभ-2025, नदियों के संरक्षण का दिया संदेश

# 300 सफाई कर्मियों ने पहला रिवर क्लीनिंग रिकॉर्ड बनाया, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

एजेंसी

**प्रयागराज।** दुनिया में पहली बार शुक्रवार को 300 सफाई कर्मियों ने पहला रिवर क्लीनिंग रिकॉर्ड बनाया है। महाकुंभ मेले की सीईओ आकांक्षा राणा ने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। आकांक्षा राणा ने कहा कि यह दुनिया का पहला रिवर रिकॉर्ड है, जिसमें 300 सफाई कर्मियों द्वारा गंगा नदी की सफाई की जा रही है। इस गतिविधि के माध्यम से मेला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य देश और दुनिया को यह



संदेश देना है कि नदी और जल स्रोतों को स्वच्छ रखना कितना महत्वपूर्ण है। महाकुंभ मेला प्रशासन की योजना है कि इस तरह के और भी रिकॉर्ड बनाए जाएं। अगले चरण में 15 हजार सफाई कर्मियों द्वारा सड़कों की सफाई की जाएगी। यह सफाई गतिविधि विभिन्न जगहों पर एक ही समय में आयोजित की जाएगी।

आकांक्षा राणा ने आगे कहा कि आज का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स दुनिया का पहला रिवर क्लीनिंग रिकॉर्ड है, जिसमें 300 सफाई कर्मियों ने एक साथ मिलकर गंगा की सफाई की। इसके बाद, महाकुंभ मेला प्रशासन द्वारा और भी रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, जो इस विशाल आयोजन की स्वच्छता की दिशा में एक और कदम साबित होंगे। इस ऐतिहासिक सफाई अभियान से महाकुंभ मेला प्रशासन ने देश और दुनिया को एक जागरूकता का संदेश दिया है कि हमारे नदी-जल स्त्रोतों को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए।

बता दें कि विश्व के सबसे बड़े धार्मिक सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 ने दुनिया को अचंभित कर रखा है। दुनियाभर के बड़े धार्मिक आयोजनों में यह अपनी विशेष पहचान बना चुका है। प्रयागराज में मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के पावन संगम में आस्था का अटूट रेला उमड़ रहा है। महाकुंभ में अब तक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

## भारत-बांग्लादेश पर सीमा से संबंधित विषयों पर अगले हफ्ते होगी बातचीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच वर्ष में दो बार होने वाली महानिदेशक स्तर की बैठक नयी दिल्ली में 17 से 20 फरवरी के बीच बीएसएफ मुख्यालय, नयी दिल्ली में होने जा रही है। इसमें सीमा पर फेंसिंग और बीएसएफ कर्मियों पर हमले जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बीएसएफ की ओर से जारी एक वक्तव्य के अनुसार 55वां महानिदेशक स्तर का सीमा समन्वय सम्मेलन नयी दिल्ली में आयोजित होगा। इसमें बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के मोहम्मद अशरफुजामन सिद्दीकी अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसमें बांग्लादेश आधारित बदमाशों और नागरिकों के बीएसएफ कार्मिक और भारतीय नागरिक पर हमले, ट्रांस-बॉर्डर अपराधों को कैसे रोका जाए, बाड़ का निर्माण, बांग्लादेश में भारतीय विद्रोही समूहों के खिलाफ कार्रवाई, सीमा के बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दे, समन्वित सीमा प्रबंधन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संयुक्त प्रयास योजना, विश्वास निर्माण उपाय और अन्य मुद्दे पर चर्चा होगी।

## स्पीड न्यूज

### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच ड्रेस और बैग किट का किया गया वितरण




**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र सं.- 2 में शुक्रवार को 35 बच्चों के बीच ड्रेस व बैग किट का वितरण किया गया। कीट में पोशाक, जूता, मोजा, बैग व खिलौना शामिल था। वितरण निवर्तमान पार्षद पूनम देवी व विजय रवि ने किया। संचालन सेविका उषा देवी ने किया। मौके पर आनंद कुमार, पीकू राज सहित कई लोग मौजूद थे।

### सामाजिक समरसता के प्रतीक थे संत रविदास : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में रविदास की 648वीं जयंती बच्चों संग स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने मनायी। श्री देव ने संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहर के विभिन्न पूजा स्थलों पर जाकर उन्हें नमन किया। बारालोटा आंबेडकर नगर में अंबेडकर नौजवान क्लब ने संत रविदास जयंती समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि अविनाश देव शामिल हुए। श्री देव ने कहा कि संत रविदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। रविदास ने अंधविश्वास, छुआछूत जातिवाद चरम पर था तब मध्यकाल में भक्ति आंदोलन चलाया।

### हरतुआ मुखिया ने ग्राम पचमो में किया सड़क निर्माण का शिलान्यास



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र की हरतुआ पंचायत के पचमो में गुरुवार को मुखिया अरविंद शुक्ला ने दो पीसीसी सड़क तथा एक पेयजल कूप निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना कर किया। उक्त सड़क 15वें वित्त की राशि 2.49 लाख की लागत से दिलीप दुबे के घर से मनोज तिवारी के घर तक तथा दूसरा सड़क मनोज तिवारी के घर से कुंदरहीया नाला तक पीसीसी पथ बनाया जायेगा। मुखिया ने कहा कि इस सड़क को बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। मौके पर कृष्णा तिवारी, उदयनाथ तिवारी, विजय राम, सुमंत गिरी, लव तिवारी, हरेंदर तिवारी, सुशील तिवारी आदि भी शामिल थे।

### मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित




**चैनपुर पलामू।** भाजपा चैनपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी संगठन चुनाव को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पांडे ने की। कार्यशाला में मंडल चुनाव प्रभारी विजय ठाकुर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन पर्व के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। आगामी होने वाले बुथ चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र में, निर्वाचन अधिकारी, सह निर्वाचन अधिकारी का नाम मंडल चुनाव अधिकारी विजय ठाकुर के द्वारा घोषणा किया गया। मौके पर जिला मंत्री सोमेश सिंह, मंडल के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, राजेश सिंह, मनोज मेहता, महामंत्री मनीष पांडेय, मंडल संयोजक दिनेश प्रजापति भी मौजूद थे।

### गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



**सतबरवा पलामू।** 20 फरवरी से होने वाले नारी सशक्तिकरण एवं शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोर-शोर से ट्रेनिंग स्कूल सतबरवा के मैदान में चल रहा है। कार्यक्रम स्थल को भव्य पांडालों से सजाया जा रहा है। महिला मंडली ने 24 कुंडों का निर्माण किया जा रहा है। गायत्री परिवार महिला मंडल तथा पुरुष मंडली के द्वारा कार्यक्रम हेतु अन्न धन का भिक्षाटन तथा यज्ञ में लोगों को शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। यज्ञ की शुरुआत अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के टोली 020 फरवरी से कलश यात्रा के साथ करेगा। यज्ञ 23 तक चलेगा। मौके पर संजय कुमार अध्यक्ष, विनोद चौधरी उपाध्यक्ष, सतनारायण मेहता, सुभाष, सुनील गांधी, वीरेंद्र साहू, श्याम बिहारी प्रसाद, कमलेश प्रसाद जुटे हुए हैं।

### महान समाज सुधारक थे रविदास: शत्रुघ्न



**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के हरिओम नगर कोनवाई एवं बचदोहर में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह पूजा पंडाल में शामिल हुए। इस कमेटी के लोगों ने मंडल अध्यक्ष को माला वह गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संत रविदास एक महान समाज सुधारक थे। उनके समाज सुधार के प्रयास से समाज में समरसता आयी। उन्होंने कहा कि सभी को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए। मौके पर विजय राम, लोरिक सिंह, विष्णु देव राम, कालूराम, कोनवाई के पूर्व मुखिया प्रमोद सिंह, विश्वजीत सिंह, श्याम नंदन प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, विनेशराम, बाबूलाल राम भी थे।

### सभी मिलकर करें संघर्ष : अविनाश वर्मा



**पांकी पलामू।** गत दिन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा के आगमन को लेकर पांकी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के द्वारा शिक्षा निकेतन स्कूल में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूरे गर्मजोशी के साथ संरक्षक अविनाश वर्मा का स्वागत फूल मालाओं के साथ करते हुए एसोसिएशन के द्वारा पूर्व और वर्तमान में किए गए कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्ति की और भविष्य में भी कदम से कदम मिलाकर चलने का वायदा किया। श्री वर्मा ने सभी सदस्यों को एसोसिएशन से जुड़ने पर पुनः बधाई देते हुए अपने क्षेत्र के और विद्यालयों को एसोसिएशन से जोड़ने एवं सदस्यों की आपसी सहमति से कमेटी का पुनर्गठन करने का सुझाव दिया ताकि पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सभी के विद्यालयों का भला हो सके। कहा कि छोटी-मोटी बातें और शिकायतों को दूर करते हुए सभी लोग मिलकर अपने कार्यों का निर्वहन करें तभी मान्यता के शर्तों में जारी संघर्षों का परिणाम सुखद हो सकता है।

# उत्तर कोयल नहर पर नप ने बनायी थी पीसीसी सड़क, विभाग ने कबड़वाया

- बिना एनओसी के अनुपयोगी योजनाओं पर हो रही हैं लाखों लाख रुपया की बर्बादी
- हाल ही में सांसद व विधायक से सामुहिक रूप से अंधकार में रखकर कराया गया था शिलान्यास

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** एक तरफ नगर में कोई प्रतिनिधि नही हैं सरकार द्वारा चुनाव नही कराने एवं बोर्ड नही रहने के कारण अफरसाहि चरम पर सिर चढ़कर कैसे बोलता हैं इसका जीत जाता उदाहरण हुसैनाबाद नगर में बिना बोर्ड में लिए गए कई योजनाओं को धड़ाधड़ निर्माण कार्य कर बिना उपयोगी योजनाओं में लाखों लाख रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा हैं। यह बात कोई किताबी नही बल्कि नगर पंचायत हुसैनाबाद कारनामा सामने आ रहा है। विदित हो कि नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा दिसंबर 2024 में 14 योजनाओं के लिए निविदा निकाली गयी थी।



उन योजनाओं में ही 8 नंबर पर मोहम्मदाबाद से डंपिंग साइट प्राक्कलित राशि 995192 एवं 9 नंबर पर डंपिंग साइड से मोहम्मदाबाद मेन रोड में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का प्राक्कलित राशि 993400 है। सबसे मजे की बात तो यह है कि नगर पंचायत के द्वारा यह योजन उत्तर कोयल नहर परियोजना के जमीन पर निर्माण करा दिया, जिसका ना अंचल जांच रिपोर्ट हैं और ना ही सिंचाई परियोजना विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र,और ना ही चेक स्लिप बनवाया गया और न ही स्थल की जानकारी ली गई कि कार्य किस जगह होना है। वह स्थान निजी है या अन्य विभाग के अधीन है और उत्तर कोयल मुख्य नहर पर पीसीसी पथ का निर्माण करा दिया गया। इधर पूर्व से मुख्य नहर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। नहर का जीर्णोद्धार कर रही कंपनी ने हाल में ही बनी एक पीसीसी सड़क को उखाड़ कर फेंक दिया और उसपर मिट्टी डाल दी। बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग से नगर पंचायत कार्यालय ने अनपति प्रमाण पत्र नहीं लिया था। प्रावधान के मुताबिक कोई किसी विभाग की भूमि का इस्तेमाल उसकी सहमति के बिना नहीं कर सकता है।

# ई पॉश मशीन में अंगूठा लगाने जा रही भितिहा की छात्रा से दुष्कर्म की आशंका

### पाक्सो एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज



रणनीति बनाते लोग और बालिका आवासीय विद्यालय।

**राजेश प्रसाद**

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के भितिहा गांव स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना गुरुवार की है। वार्डन चंदा कुमारी ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक छात्रा सुबह करीब 10:30 बजे तबीयत खराब होने तथा जन वितरण प्रणाली के इ-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने की बात कह अपने परिचित के साथ विद्यालय से बाहर निकली थी। अपराह्न करीब 2 बजे वापस लौटने पर उसकी हालत ठीक नहीं थी। वहीं सूचना पाकर छात्रा के परिजन जब विद्यालय पहुंचे तो उसे डरी, सहमी पाया। वह नशा की हालत में प्रतीत हो रही थी। साथ ही लगातार रो रही थी।मालूम हो कि उक्त छात्रा के माता-पिता जीवित नहीं है। साथ ही बड़ी बहन बेंगलुरु में रहती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभिभावकों तथा ग्रामीणों ने छात्रा के साथ अनहोनी का संदेह जताते हुए विद्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आइएएस सह छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, डीएसपी अवध यादव, डीइओ सौरव प्रकाश, बीडीओ बिनय कुमार व प्रभारी थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने विद्यालय जाकर पूछताछ की।

### जनता के बीच पहुंची पलामू प्रशासन, समस्याओं का किया निदान

# ग्रामीण क्षेत्रों से दूर होगी बिजली और सड़क की समस्याएं : डीसी

- उपायुक्त शशि रंजन ने ग्रामीणों से की सीधी बात
- किसी तरह की समस्या नहीं होने देने का भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जरूरतमंदों को राहत सामग्री देते पलामू उपायुक्त।

**रामगढ़ पलामू।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन के साथ जिला, अनुमंडल, प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी आज बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंचे। वहां जनता दरबार लगाकर आमजनों की जन समस्याओं को सुना और उसका निदान किया।

कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं तत्काल निष्पादन योग्य नहीं रहने वाले मामलों को आगामी कुछ दिनों में निराकरण का भरोसा दिया।

उपायुक्त शशि रंजन द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनता दरबार लगाये जाने के इस सकारात्मक प्रयास का स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते नजर आए। उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त ने भी जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और उसका निदान किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने गांव में बिजली की समस्याओं को दूर करने संबंधी बातें रखी। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंता से बात कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अप्रैल माह तक गांव वासियों को निर्वाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को प्राथमिकता के तहत गांव में बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों ने सड़क की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया।

# सरईडीह पिकेट में प्रतिनियुक्त जैप आठ के हवलदार छोटन राम की हर्ट अटैक से मौत

- पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू एवं जैप- 8 के मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी ने हवलदार को दी सलामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हवलदार को अंतिम विदाई देते सहकर्मी, परिजन व अन्य।

**मेदिनीनगर/छतरपुर।** जैप-8 के हवलदार छोटन राम की मौत हर्ट अटैक से हो गई। मृतक हवलदार नौडीहा थाना अंतर्गत सरईडीह पिकेट में प्रतिनियुक्ति थे जिन्हें गुरुवार को रात्रि 1 बजे अचानक पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक का दौर आया इसके तुरंत बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों नेउन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद उनके परिजनों को सूचना दी गयी। सूचना मिलने के तुरंत बाद उनके परिजन सदर अस्पताल मेदिनीनगर पहुंचे। उनके परिजनों की देखरेख में पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद पुलिस केंद्र पलामू में पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू एवं जैप- 8 के मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी के द्वारा मृत हवलदार को सलामी एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मृत हवलदार को सलामी देनेवालों में पुलिस निरीक्षक / सार्जेंट मेजर सुरेश राम, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, सचिव लालू उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, अंकेक्षक सुनील कुमार, एमटी सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी, जीपी सर्जेंट मेरी खलखो, नौडीहा थाना प्रभारी अमित द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर नागेंद्र चौधरी, जैप 8 के कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, अंकेक्षक सिकंदर कुमार, केंद्रीय सदस्य द्वारिका प्रसाद महतो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा, ओमप्रकाश प्रदेश संयोजक जसवंत कुमार पांडे एवं अजीत कुमार शुक्ला, पुलिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रूपेश सिंह, पुलिस केंद्र पलामू के पदाधिकारी एवं कई जवान उपस्थित थे।

## ज्ञानदीप कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने 10वीं के बच्चों को दी सम्मानपूर्वक विदाई


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने शुक्रवार को समारोह आयोजित कर 10वीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह का उद्घाटन मेदिनीनगर एसएसई कोचिंग सेंटर के निदेशक निकिता कुमारी व स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय ने किया। इसके बाद सभी अतिथियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की गयी। समारोह की अध्यक्षता निदेशिका सुनीता पांडेय व संचालन प्राचार्य सबाहत आरा ने किया। निकिता ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित कई टिप्स दिये। अवध बिहारी पांडेय ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रे-बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने वाले प्रथम पांच विद्यार्थियों अमन, विशाल, अमित, आरती व श्रेया को पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षिका महिमा शुक्ला, निधि चौबे, पूनम कुमारी, पंकज कुमार, प्रवीण कुमार थे।

## निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को मिली एनएबीएच की मान्यता : निदेशक डॉ प्रवीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर को भारत सरकार की मानक एजेंसी भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा मान्यता मिल गई है। एजेंसी ने अस्पताल को नेशनल अस्क्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडरस के अपने देशव्यापी सूची में शामिल कर लिया है। उल्लेखनीय है कि निर्मला अस्पताल पूरे पलामू प्रमंडल का पहला ऐसा अस्पताल है जिसे एनएबीएच द्वारा मान्यता मिली है। अस्पताल की इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताते हुए संस्थान के निदेशक और जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि एनएबीएच की मान्यता अस्पताल की विश्वसनीयता को और भी ज्यादा बढ़ाने वाला साबित होगा। एनएबीएच अस्पतालों में मिलने वाले ईलाज की गुणवत्ता का एक विश्वस्तरीय मानक है जिसे पाने के लिए किसी भी अस्पताल को बहुत सारे मानदंडों पर खरा उतरना होता है। मरीजों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की ब्यूरो की एक्सपर्ट टीम कड़ाई से जांच पड़ताल करती है।

### रितिक बने प्रदेश युवा कांग्रेस के को-ऑर्डिनेटर



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने श्रीराम पथ रेड़मा के रितिक तिवारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के को-ऑर्डिनेटर बनाया है। स्व मनमोहन तिवारी के पुत्र रितिक को संयोजक बनाने से युवा कांग्रेस को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, उदय भानु, कृष्णा अल्लावरू, इशिता सेढ़ा, अभिजीत राज के प्रति आभार जताया है। उन्हें झारखंड प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश सचिव रामाशीष पांडेय, श्यामनारायण सिंह, विश्राम दूबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना खान, विकास सिंह ने बधाई दी।

### खरौंधा फॉल के पास नवजात शिशु का शव मिला



**पाटन पलामू।** प्रखंड के खरौंधा फॉल के पास नवजात शिशु मृत अवस्था में पाया गया। जानकारी के अनुसार किसी ने गुरुवार की रात्रि में खरौंधा फॉल के पास नवजात बच्चे को फेंक दिया था। इसकी सूचना सुबह में राहगीरों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पाटन थाना पुलिस एवं ओपी किशुनपुर पुलिस ने नवजात मृत बच्चे को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। वहीं शव की सूचना से लोगों की भीड़ पहुंच गयी थी।

### सतबरवा पुलिस ने आरोपी के घर साटा इश्तेहार



**सतबवा पलामू।** सतबरवा पुलिस ने पांकी थाना क्षेत्र के होटाई में आरोपी के घर पर शुक्रवार को इश्तेहार चिपकाया। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर पांकी पुलिस के सहयोग से सतबरवा पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त अखिलेश यादव उर्फ अखिलेश जी के घर इश्तहार साटा। अनुसंधानकर्ता विश्वनाथ राणा ने बताया कि जेजेएमपी संगठन के अखिलेश पर सतबरवा थाना में 25 अगस्त 2024 को धारा 25 (1 – बी) ए/ 26/35 आर्म्स एक्ट 308 बीएनएस एवं 17 सीएलए के प्राथमिक अभियुक्त हैं। उसके घर पर इश्तहार चिपकाया गया।

### एसपी ने तीन लापरवाह जवानों को किया निलंबित

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के कैदी वार्ड से एक कैदी भागने में सफल रहा था। जिसे लेकर पलामू पुलिस पर कई गंभीर आरोप लोगों ने लगाया था कि कोई भी कैदी अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया जाता है तो उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जाता है। इसे लेकर एसपी रीष्मा रमेसन ने गंभीरता दिखाते हुए सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर जांच रिपोर्ट देने को कहा था। एसपी ने विगत दिन एमएमसीएच अस्पताल का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया था। इसमें सुरक्षा में तैनात लापरवाह तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

## अकीदत के साथ मना शबे बरात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अकीदत के साथ शबे बरात का त्योहार गुरुवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर सतबरवा के जामा मस्जिद और ताहा मस्जिद में पूरी रात इबादतों का दौर चला। इस दौरान विशेष दुआएं की गईं। अदनान अशरफ ने बताया कि कब्रिस्तानों में जाकर अपने बुजुर्गों एवं इस्लाम के शहीदों की मगफिरत की दुआएं के लिए फातेहा पढ़ी गई। घरों में मीठे पकवान बनवाकर बांटे गए। मजारों पर लोगों ने चरागा किया, मस्जिदों पर रंगीन लाइटें व कुमकुमे लगाकर सजावट की। इबादत का दौर पूरी रात चलता रहा जो फजिर की नमाज के बाद समाप्त हुआ। जामा मस्जिद में मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही ने बताया कि शबे बारात के पर्व को लेकर इंसान के पूरे साल का लेखा जोखा तय किया जाता है। इसी के साथ किसको दुनिया में आना है, और किसे दुनिया से जाना है।

### भाजपा की बैठक आज

**पाटन पलामू।** भाजपा की बैठक 15 फरवरी दिन शनिवार को पार्टी कार्यालय कुड़वा मोड़ के पास आयोजित की गई है। इसकी जानकारी भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा मुख्य रूप से शामिल होंगे। उन्होंने भाजपा मंडल के पदाधिकारी, सभी मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष , मंडल में निवास करनेवाले प्रदेश के पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य व संगठन महापर्व भाजपा प्रदेश संगठन चुनाव के मंडल प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित

## चयनित जगह पर आंगनबाड़ी निर्माण के पक्ष में उतरे ग्रामीण, सेविका का विरोध

**बीरेंद्र यादव**



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के बांसडीह पंचायत के उलमान गांव में चयनित जगह पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण के पक्ष में स्थानीय ग्रामीण उतर आये हैं। निर्धारित जगह गांव के बीचो बीच है और ग्रामीण यहीं पर निर्माण की मांग करने लगे हैं। इस बीच सेविका रूपाकली देवी इसका विरोध कर रही है और चयनित जगह से अलग स्थान पर निर्माण कराना चाहती है। ग्रामीण मनोज सिंह, लालजी सिंह, धनपत सिंह, टुनेश्वर सिंह, सदानंद सिंह समेत अन्य ने बैठक कर सर्वसम्मति से कहा कि खाता नंबर 1, प्लॉट नंबर 933 पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जगह का चयन किया गया है। इसी जगह पर निर्माण होगा। यह स्थान गांव के बीचो बीच है और यहां आंगनबाड़ी केन्द्र बनने से उनके बच्चों को यहां पहुंचने में आसानी होगी। ग्रामीणों ने कहा कि सेविका रूपाकली देवी भवन निर्माण को लेकर मनमानी करना चाहती है।

### विवेकानंद पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# पुलवामा शहीदों को किया नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



श्रद्धांजलि सभा में शामिल शिक्षक व बच्चे।

**विश्रामपुर (पलामू)।** महुगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजली सभा में पुलवामा के वीर शहीदों को नमन किया गया। स्कूल के सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने शहीदों के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने बच्चों को बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर में हुये इस हमले में 40 सीआरपीएफ जवानों ने अपनी शहादत दी थी,जिससे पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई थी। पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं,बल्कि देश की सुरक्षा के लिये एक बड़ी चुनौती थी, जिसका भारत ने मजबूती से जवाब दिया। यह दिन हमें उन वीर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मौके पर प्राचार्य तृप्ति मिश्रा ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को हुये इस हमले की बरसी को 'ब्लैक डे' के रूप में मनाया जाना चाहिए,ताकि शहीदों की कुबार्नी को हमेशा याद रखा जा सके। मौके पर उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक नेहा वर्मा, पूजा कुमारी, सीता देबी, प्रमोद कुमार, रीता देबी, माही मिश्रा, बीरेंद्र कुमार, कुंदन यादव, नागेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरकारी संस्थानों व निजी प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षित होमगार्ड से ले सकते हैं सेवा : निरीक्षक अनुज झा

- कार्यालयों में निजी गार्डों से कार्य कराना सरकारी नियम के विरूद्ध

**अजीत कुमार दूबे**



अनुज कुमार झा, निरीक्षक।

**मेदिनीनगर।** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय में पदस्थापित निरीक्षक अनुज कुमार झा ने प्रेस वार्ता में कहा कि झारखंड सरकार के पत्रांक 1676 के आलोक में सरकार के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी निजी प्रतिष्ठानों मे होमगार्ड जवानों से सुरक्षा कार्य लिए जाने का आदेश प्राप्त है। जिला समादेष्टा दीपक कुमार ने सभी प्रतिष्ठानों के वरीय पदाधिकारी के साथ संपर्क कर एवं पत्राचार के माध्यम से होमगार्ड को ड्यूटी लेने के लिए पत्राचार किया जा रहा है। इसके आलोक में कई प्रतिष्ठान में महिला एवं पुरुष होमगार्ड जवानों से लाठी पार्टी एवं सशस्त्र बल के रूप में सेवा लिया जा रहा है परंतु पलामू जिला में ऐसे कई संस्थान हैं जिनको सुरक्षा गार्ड निजी रूप से सेवा ले रहे हैं विभाग के उन सरकारी प्रतिष्ठान में लगातार आदेश पत्र की पत्र एवं विभाग द्वारा प्रेषित पत्र दिया जा रहा है। झारखंड सरकार के आदेश की विपरीत निजी सुरक्षा कर्मियों से सेवा लिया जा रहा है। वर्ष 2024 एवं 2025 लगभग 1500 महिला एवं पुरुष बल आधुनिक हथियार से प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। प्रशिक्षित होमगार्ड से उनका सेवा लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ सरकारी प्रतिष्ठानों में यह देखा जा रहा है कि जिस कार्य के लिए होमगार्ड जवान को सेवा लेना चाहिए ठीक उसके विपरीत उनसे कार्य ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तैनात सशस्त्र बल से उनका कार्य सेवा है वही लिया जाये। सरकारी संस्थानों में जैसे नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, नगर निगम, बैंक, सभी कॉलेज में प्राय देखा गया है कि वह निजी सुरक्षा गार्ड से सेवा ले रहे हैं जो सरकार के आदेश की अवहेलना है। उन्होंने जिला के सभी सरकारी कार्यालय व निजी प्रतिष्ठानों से कहा है कि प्रशिक्षित होमगार्ड वे अपने विभाग में सेवा ले सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## खेलने के दौरान गिरने से बच्ची घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के तुम्बागड़ा ग्राम में शुक्रवार को खेलने के दौरान गिरने से एक वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुप्रिया कुमार एक वर्ष पिता छठु गंझु तुम्बागड़ा थाना बालूमाथ निवासी का भाई उसके खेल रहा था। जहां हाथ से छूट जाने के कारण गिरकर बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## झारखंड आंदोलनकारी मंच ने जगदीश उरांव के मौत पर जताया शोक

**चंदवा।** झारखंड आंदोलनकारी मंच द्वारा शुरूवार को स्थानीय कृषि फार्म परिसर में शोक सभा आयोजित कर झारखंड आंदोलनकारी सह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोबिया के सहायक अध्यापक जगदीश उरांव के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मौत पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आंदोलनकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया साथ इस दु:ख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को सहन शक्ति प्रदान करने की कामना की। मंच के प्रखण्ड अध्यक्ष धनेश्वर उरांव ने कहा कि जगदीश उरांव मृदुभाषी स्वभाव के व्यक्ति थे, अगल झारखंड राज्य आंदोलन में भी उन्होंने काफी अहम भूमिका निभाई थी, मंच इनके परिवार को हर संभव सरकारी सुविधा दिलाने की लड़ाई लड़ेगी। शोक व्यक्त करने वालो में सत्येंद्र सिंह, अनिल मिंज, बेलस टोप्पो, सरजू उरांव, सुरेंद्र भगत, गुलाब प्रजापति, मुकुदिनी हांसदा, राजकुमारी देवी, सुमन खलखो, फूलचंद गंझू व अन्य शामिल हैं।

## प्राण प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ के अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के मुरपा पंचायत के हैरयाटांड ग्राम में शुक्रवार को शिव प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ सात दिवसीय का शुभारंभ हुआ ।इस महायज्ञ के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।गाजे-बाजे के साथ निकाले गए इस कलश यात्रा मैं बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने भाग लिया।यात्रा नवनिर्मित शिव मंदिर से निकलकर हरैयाटांड,मुरपा ग्राम का भ्रमण करते हहारो नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। इस दौरान भक्ति में सराबोर सभी लोग ओम नमः शिवाय,हर-हर महादेव,बम-बम भोले समेत कई नारे लगा रहे थे ।

## ग्राम सभा का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत बनवार खेल मैदान मे शुक्रवार को मुखिया सुशीला देवी की अध्यक्षता मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे बरवाडीह गांव के काफी संख्या मे महिला पुरुष उपस्थित रहे। ग्राम सभा मे कम्पनी के जीएम राजीब मुखर्जी ने कहा की आप सबों के सहमति और मदद से यहाँ 491 मेगावाट ताप विद्युत सयंत्र की स्थापना किया जायेगा। एसएम स्टील ग्रुप एन्ड पावर इंडस्ट्रीज खुलने से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा साथ ही बाहर मजदूरी करने नहीं जाना पड़ेगा। कम्पनी गांव और क्षेत्र को विकास की नयी आयाम देगी इसके लिए यहां आप सब ग्रामीण को एक कमिटी बनाना होगा।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह शुरू

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 25वें मानस महायज्ञ सह रजत जयंती समारोह की शुक्रवार की विधिवत शुरूआत की गई। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली के द्वारा पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं मंत्र शक्ति से अग्नि देव को प्रकट किया गया। इसके साथ ही 33 कोटि आवाहित देव शक्तियों का आवास माना जाने वाले यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हो गई।

# लूटकांड के बाद उत्पाद विभाग के दारोगा ने दुकान में कार्यरत कर्मी को ही जमकर पीटा

### उत्पाद विभाग के दारोगा के कार्रवाई से ग्रामीणों में नाराजगी, उच्च स्तरीय जांच की मांग, महिलाओं व बच्चों में फैला दहशत

शराब दुकान में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने से अपराधिक घटना को मिल रहा बढ़ावा, पूर्व में भी हो चुकी है गोलीबारी


शराब दुकान पर मौजूद उत्पाद विभाग के दरोगा व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत एसबीआई रोड स्थित शराब दुकान में बीते दिन गुरुवार को संध्या में लाल रंग के अपाची बाईक पर सवार होकर तीन अज्ञात नकाबपोश अपराधियों के द्वारा लुट की घटना को अंजाम देने के बाद, जहां मनिका पुलिस के द्वारा जल्द से जल्द अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा था, तो वहीं दुसरी ओर घटना की सुचना पाकर लातेहार से पहुंचे उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू साहू, खेत खाए कोई और मार खाए कोई इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए देखे गए। वहीं उत्पाद विभाग के दरोगा साहब सरेआम शराब दुकान में कार्यरत कर्मी चेतन कुमार को लात-घूंसों के साथ डंडे से जमकर पिटाई कर लुट की घटना का गुस्सा उल्टे घटना से भयभीत कर्मी पर ही निकालते देखे गए। बता दें कि आवासीय क्षेत्र होने के कारण उत्पाद विभाग के दरोगा की उक्त कारवाई से आसपास के घरों में रहने वाले बच्चे सहित महिलाओं में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं उत्पाद विभाग के उक्त दरोगा शराब दुकान में आम लोगों की मौजूदगी में सरेआम कर्मी की पिटाई की न्यूज कवरेज कर रहे स्थानीय पत्रकारों पर भी भड़क गए। जब पत्रकारों के द्वारा कर्मी की पिटाई करने की वजह पूछा गया तो उत्पाद विभाग के दरोगा ने कहा की घटना के बाद कर्मी बहती गंगा में हाथ धोने का प्रयास कर रहा था। उन्होंने कहा कि यह मेरा विभागीय मामला है और हम अपने स्टाफ के साथ कुछ भी करें इस पर किसी को जवाब देना मेरे लिए जरूरी नहीं है। वहीं उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू साहु इतना पर हीं नहीं रूके,रात होने के बावजूद बिना महिला सिपाही के बगल के किराने दुकान को खुलवाकर महिला से पूछताछ के दौरान शराब की बोतल भी ढुंढने लगे। साथ ही आसपास के घरों के चहारदिवारी झांकते फिरते रहे,जैसे कि अपराधी घटना को अंजाम देकर बगल के घरों में ही छिपे बैठे हों। वहीं उत्पाद विभाग के उक्त दरोगा की करवाई से शराब दुकान के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में काफी नाराजगी व रोष व्याप्त है। साथ ही ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग किया है। बता दें कि इसी शराब दुकान में अपराधियों के द्वारा बीते वर्ष जुलाई-अगस्त माह में तीन सप्ताह के अंदर दो बार गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। उस वक्त भी अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास रहने वाले लोग दहशत के साए में जीने को विवश थे। इसके बावजूद उत्पाद विभाग ने घटना को नजर अंदाज कर दुकान में सीसीटीवी कैमरा तक लगाना मुनासिब नही समझा, जिसके कारण अपराधिक घटना को बढ़ावा मिल रहा है, नतीजतन अपराधियों ने पुनः घटना को अंजाम दिया और चलते बने। मौके पर पहुंचे पूर्व जिला सांसद प्रतिनिधि सहित आसपास के लोगों ने बताया की लुट की घटना से ज्यादा उत्पाद विभाग के उक्त दरोगा की करतूत से लोग दहशत में हो गए हैं। वहीं लूटकांड की घटना से ज्यादा उत्पाद विभाग के उक्त दरोगा की चर्चा जोरों पर है।

### दारोगा साहब ने पक्ष देने से किया इनकार

वहीं मामले के विषय में जब उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू साहू से बात किया गया तो उन्होंने अपना विभागीय काम कर रहा हूं और अपने हिसाब से करूंगा बोल कर अपना पक्ष देने से साफ इनकार कर दिया।

## चंदवा में दो हादसों में 5 घायल, 4 रिम्स रेफर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

### हिसरी के पास तेज रफ्तार बाइक ने ट्रेलर को पीछे से मारी टक्कर, 3 घायल

**चंदवा।** चंदवा में शुक्रवार की देर शाम फिर से बेकाबू रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां दो स्थानों पर हुए दो सड़क दुर्घटना में 5 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत हिसरी के समीप एक बाइक जेएच-08-डी-7400 की जोरदार टक्कर ट्रेलर वाहन के पिछले हिस्से से हो गयी, जिसमे बाइक पर सवार सीकेन्द्र तुरी पिता लोचन तुरी, बबलू तुरी पिता दिलीप तुरी व जितन मुंडा पिता महावीर मुंडा (सभी पुरनाटोली चकला) गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चंदवा पुलिस की टीम बाइक व ट्रेलर को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी। वहीं दूसरी घटना चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर लोहरसी तेतर टोली के समीप हुई जहां अज्ञात वाहन से चकमा खाने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर नाली में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसमे बाइक सवार प्रमोद गंझू पिता जगदीश गंझू (हेसालोंग मैकलुस्कीगंज) गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार एक अन्य युवक को हल्की चोट आई है। प्रमोद गंझू को भी प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घायलों में दो की स्थिति काफी चिंताजनक बताई जा रही है।

## पीएलवी ने कैंसर पीड़ित का बनवाया आयुष्मान कार्ड


पीड़ित के साथ पीएलवी राजेश कुमार चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के विभिन्न गांव का भ्रमण कर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान भुनेश्वर उरांव ने जमीनी विवाद का सनहरा दर्ज कराया था। जिसके आलोक में राजनाथ उरांव को 17 फरवरी को डीएलएसए गढ़वा में हाजिर होने का नोटिस दिया गया। जनसंपर्क के दौरान पीएलवी राजेश को सूचना मिली कि बाइसप्लाट निवासी हरिहर चौधरी का पुत्र महेंद्र चौधरी इन दिनों लीवर कैंसर से पीड़ित हैं। जिसके बाद पीएलवी ने रंका प्रभारी डॉ असजद अंसारी से दूरभाष पर बात कर पीड़ित को सदर अस्पताल गढ़वा के चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही।

# पीएम आवास प्लस 2 को लेकर चल रहा है सर्वे, 10231 आवास अलॉटमेंट का लक्ष्य

### आरोपः सूची में नाम जोड़ने के नाम पर बिचौलिए हावी, मांगा जा रहा है पैसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चंदवा।** केंद्र की मोदी सरकार का लक्ष्य है कि देश के प्रत्येक गरीब परिवार का अपना पक्का मकान हो, इसी लक्ष्य के साथ पूरे राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस टू कार्यक्रम के तहत नए लाभुकों का नाम जोड़ने को लेकर सर्वे का काम किया जा रहा है, जहां एक और सर्वे टीम सभी ग्राम पंचायत में घूम-घूम कर योग्य लाभुकों की सूची तैयार करने में जुटी है वहीं सूची में नाम चढ़ाने के नाम पर बिचौलियागिरी हावी होने का आरोप लग रहा है। आरोप है कि बिचौलिए द्वारा लोगो को गुमराह कर आवास योजना सूची में नाम जुड़वाने का नाम पर भोले भाले ग्रामीणों से पैसे की डिमांड की जा रही है। लोगों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि बिचैलिये किसी से 10 हजार, किसी से 12 हजार तो किसी से 20 हजार रुपये तक की डिमांड कर रहे हैं। इस मामले में कुछ पंचायत प्रतिनिधियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि आवास योजना में की सूची में नाम जुड़वाने के लिए किसी को भी पैसे देने की जरूरत नहीं है, अगर कोई योग्य लाभुक छूट रहे हैं तो वह सीधे पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि या फिर पंचायत सचिव से संपर्क कर सकते हैं। मामले को लेकर पूछे जाने पर आवास योजना के प्रखंड समन्वयक कुश ध्वज कुमार ने बताया कि चंदवा प्रखंड में 10231 नया पीएम आवास योजना अलॉटमेंट का लक्ष्य है, जिसको लेकर सर्वे किया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व जन सेवक को लगाया गया है। वहीं बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि अगर पैसे मांगे की शिकायत आ रही है तो इसकी जांच की जाएगी।

## भ्रष्ट सिस्टमः घटिया सड़क निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों ने किया हल्ला बोल

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी मेलाटांड़ से मजूरमरी तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़क में काफी अनियमितता बरती जा रही है। हालांकि निर्माण कार्य के प्रारंभिक दौर से ही संवेदक की मनमाने रवैया से ग्रामीण काफी नाखुश है। क्योंकि सड़क के शिलान्यास के लगभग एक वर्ष पूरे हो गए है, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। इधर एक बार फिर सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने को लेकर ग्रामीणों ने हल्ला बोल कर दिया है। इस मामले को लेकर ग्रामीण विभागीय स्तर से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में पीसीसी ढलाई का कार्य किया जा रहा है, लेकिन घटिया सीमेंट व मेटेरियल के इस्तेमाल के कारण सड़क काफी कमजोर एवं गुणवत्ता विहीन दिख रही है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को रोकते हुए संबंधित अभियंता के मौजूदगी में कार्य शुरू कराने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मांग जिले के उपायुक्त व स्थानीय विधायक से की है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सीमेंट के साथ साथ तीस से चालीस एमएम चिप्स से बालू की मात्रा अधिक कर पीसीसी पथ की ढलाई की जा रही है।

# जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में शब ए बारात को लेकर लोगों ने इबादत कर मांगी दुआएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**


इबादत करते लोग

**महुआडांड़।** महुआडांड़ में मुस्लिम समुदाय को लोगों ने पुरे हर्सोल्लास के साथ शब ए बारात का त्योहार मनाया। बताते चलें कि इस्लाम धर्म में शब-ए-बारात का त्यौहार काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि ये रात उन खास रातों में एक होती है जिसमें अल्लाह अपने बंदों की हर एक दुआ को कबूल करता है।इसी के कारण इस दिन हर कोई अपने गुनाहों की माफी मांगता है। इसके साथ ही इंतकाल फरमा चुके अपने पूर्वजों की कब्र के पास जाकर फातिहा पढ़ कर मगफिरत के लिए दुआएं करते हैं।शब-ए-बारात इबादत, फजीलत, रहमत और मगफिरत की रात मानी जाती है. इसीलिए तमाम मुस्लिम समुदाय के लोग रात भर इबादत करते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। महुआडांड़ के जामा मस्जिद,गौसिया मस्जिद मदीना मस्जिद समेत प्रखंड के अन्य मस्जिदों में में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जाकर रात भर जाग कर इबादत की। त्यौहार को लेकर महिला पुरूष समेत बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया।इस दौरान सभी ने अकिदत के साथ दुआएं की और अपने और अपने मरहुमीन के लिए भी मगफिरत के दुआएं की। महिलाएं अपने अपने घरों पर ही सारी रात जाग कर इबादत की।इस अवसर पर अलग अलग तरीके से नमाज पढ़ी जाती है जो सभी नमाजो की फजिलत अलग अलग होती है। वहीं रात को सभी पहर में किसी भी समय कब्रस्तान जाकर सभी लोगों फातिहा पढ़ी और मगफिरत की दुआ की। इससे पूर्व शाम को सभी घरो में हल्वा रोटी, समेत अन्य पकवान बना कर फातिहा कर सभी घरों में बांटा गया। वहीं दुसरे दिन रोजा रखा गया।इस रोजे की भी अपनी एक खास फजिलत है।त्यौहार को लेकर घर मस्जिद को लाइटों से सजाया गया था साथ ही कब्रस्तान में भी रौशनी के लिए लाइटें लगाई गई थी ताकि वहां जाकर फातिहा पढ़ने वालों को आने जाने में कोई परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

**रोजे को लेकर दावतें इफ्तार का आयोजन :** रोजे को लेकर जामा मस्जिद में नौजवान कमेटी की ओर से दावतें इफ्तार का इहतमाम किया गया है।जिसे लेकर जुम्मा नमाज से पहले इमाम के द्वारा सभी को दावतें इफ्तार के लिए ऐलान कर इफ्तार के वक्त मस्जिद पहुंचने की अपील की गई।

## तालीमी मुजाहिरा में मकतब के बच्चों ने अपने प्रदर्शन से लोगों को किया आकर्षित

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के रहमत नगर स्थित मदीना मस्जिद में मकतब में शब-ए-बरत के उपलक्ष्य में अध्ययनरत बच्चे एवं बच्चियों के लिए तालीमी मुजाहिरा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों एवं बच्चियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों ने नात, तकरीर, हदीस, दुआ और क्विज के माध्यम से समाज में तालीमी बेदारी पैदा करने और बुराई को जड़ से खत्म करने की महत्वपूर्ण बातें कहीं। हाफिज मौके पर सैफुल्लाह ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए बच्चों को तालीमी बेदारी और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करना बताया उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को दीनी तालीम पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

एक नजर में

## झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन ने पुलवामा हमले के छठे वर्षी पर किया श्रद्धांजलि सभा

**चंदवा।** शुक्रवार को झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की एक विस्तारित बैठक राम रतन भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता मो. अलाउद्दीन पप्पू ने की। बैठक में 2019 में पुलवामा हमले में मारे गए 44 शाहिद सैनिकों को 2 मिनट मौन धारण कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि पुलवामा हमला यह केवल एक घटना नहीं थी, बल्कि हमारे देश की संप्रभुता और वीर जवानों के शहादत पर एक कायरतापूर्ण हमला था।14 फरवरी 2019 यह दिन भारतीयों के लिए सिर्फ एक तारीख नहीं बल्कि दर्द आक्रोश और बलिदान की एक गाथा बन चुकी है।

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह और नये होस्टल का भव्य उद्घाटन आज

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य मार्ग स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह एवं नए होस्टल का भव्य उद्घाटन कल दिन रविवार को किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के निर्देशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि वार्षिक समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह शिरकत करेंगे। जो कार्यक्रम का उदघाटन करने के साथ- साथ हॉस्टल का भी शुभारंभ करेंगे। वार्षिक समारोह में समस्त बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के लोगों और अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है।इस खास अवसर पर विद्यालय पर प्रबंधन विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों और नए होस्टल के उद्घाटन समारोह का आयोजन कर रहे हैं।

## 351 कन्याओं की सामूहिक विवाह की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी

**गढ़वा।** जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन किया है, जिसकी तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। दानरो नदी छठ घाट पर शादी को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इसके निरीक्षण को लेकर पहुंचे विकास माली ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकती हैं। इस संबंध में जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, क्योंकि इसको लेकर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से लगातार चर्चा हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि विवाह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसे सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

## मां चतुभुर्जी मंदिर परिसर में भव्य शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**केतार।** मां चतुभुर्जी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कलश स्थापना के बाद काशी वाशी श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महराज के तत्वावधान में भव्य शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को काफी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही पहुंच कर यज्ञशाला की परिक्रमा कर पूजा अर्चना किया। यहां काशी से आये यज्ञाचार्य महेंद्र दुबे के द्वारा मंत्रोच्चार कर वातावरण को भक्तिमय किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के द्वारा श्री श्री 108 श्री महंत रामेश्वर दास जी महराज का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात सैकड़ों लोगों ने चौबीस घंटे चल रहे भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं संध्या बेला में वृंदावन से आयी कथावाचिका देवी प्रतिभा का प्रवचन सुनने हजारों कि संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु कि भीड़ उमड़ रही है।

## एसडीओ ने दिया सड़क को अवरोध मुक्त करने का निर्देश

**भवनाथपुर।** विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, अध्यक्ष वीरेंद्र साह, सचिव रामविजय साह को श्री बंशीधर एसडीओ ने मेसर्स सेल, भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के गेट पर किये जा रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान अवरूद्ध किये गये सड़क को अवरोध मुक्त करने का निर्देश दिया है। उल्लेख किया है कि उप महाप्रबंधक (खान), सेल, भवनाथपुर खदान समूह के पत्रांक 133 दिनांक 12.02.2025 से सूचित किया गया है कि विस्थापित संघर्ष समिति, भवनाथपुर के द्वारा सेल भवनाथपुर खदान समूह के क्रेशर प्लांट के निलामी के पश्चात कंटिग के विरोध में मेसर्स सेल, भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है एवं सड़क को अवरूद्ध कर दिया गया है। विदित हो कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के आदेशानुसार किसी भी परिस्थिति में सड़क को अवरूद्ध नही किया जाना है।

## आदिम जनजाति के लोग गंदे तालाब का पानी पीने को मजबूर

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के लहराहा टोला के आदिम जनजाति के लोग गंदे तालाब के पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि टोला पर पांच चापाकल है लेकिन दो चापाकल का पाइप फटा हुआ है और दो चापाकल बिल्कुल खराब पड़ा हुआ है और एक चापाकल तो चालू है लेकिन ग्रामीण का कहना है कि उसमें लाल पानी देता है। ग्रामीण कुछ दूरी पर स्थित तालाब का पानी पीने को विवश हैं। जिस तालाब से ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं, उसी तालाब में पालतू जानवर भी पानी पीते हैं। इसी तालाब में ग्रामीण नहाने, कपड़ा धोने का काम करते हैं। टोला की आबादी 500 है। ग्रामीण उपेंद्र कोरवा, नंदकिशोर कोरवा ने बताया कि एक माह से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। गांव के किसी जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है।

## ओरियंटल कोचिंग सेंटर में आशीर्वाद सह विदाई समारोह

**गढ़वा।** ओरियंटल कोचिंग सेंटर हरैया में वर्ग दशम के विद्यार्थियों का आशीर्वाद सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में कोचिंग के संचालक से सम्मान मिलने के बाद सभी छात्र-छात्राएं भावुक हो गए। कार्यक्रम का उद्घाटन कोचिंग के संचालक पवन कुमार गिरी ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान संचालक ने बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आने वाले बोर्ड परीक्षा में कैसे बेहतर करें उसके लिए भी गुरु मंत्र भी दिया।

## दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिले महामंडलेश्वर जी, दी सांत्वना

**कांडी।** विद्या कुंड श्रीराम धाम अयोध्या के महामंडलेश्वर महंत श्री श्री 1008 श्री प्रेमशंकर दास जी महाराज ने दिवंगत युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें शास्त्रीय दृष्टांतों के साथ सांत्वना दी। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा आयोजित 25वें मानस महायज्ञ का महामंडलेश्वर जी महाराज नेतृत्व कर रहे हैं। यज्ञ स्थल से ही समिति अध्यक्ष सह विधायक नरेश प्रसाद सिंह व अन्य लोगों के साथ पधारे महाराज जी ने कहा कि केशव चाहते तो अभिमन्यु को युद्ध में जाने से रोक सकते थे। लेकिन उन्हें मालूम था कि अभिमन्यु व अर्जुन का साथ आज ही तक है। अतः प्रारब्ध को स्वीकार करना ही पड़ता है। आशुतोष ने इतनी ही उम्र अपनी कीर्ति पताका फहरा दी है। जिस कारण आज आप ही नहीं पूरे जिले व प्रमंडल के लोग मर्माहत हैं। उसके वियोग से उत्पन्न शोक की छाया जब महायज्ञ पर स्पष्ट देखी गई तो और क्या कहा जा सकता है।

खबर मन्त्र
रांची. शनिवार. 15 फरवरी 2025



# अमेरिका से बड़ी डील

अमेरिका दुनिया के सबसे एडवांस फाइटर जेट्स में से एक एफ-35 फाईटर जेट की सप्लाई भारत को करने के लिए तैयार हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ रणनीतिक संबंधों को व्यापक बनाने की दिशा में एक बड़ा ऐलान किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद कहा कि वह अरबों डॉलर की सैन्य सप्लाई बढ़ाने के हिस्से के रूप में भारत को एफ 35 फाइटर जेट उपलब्ध करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। एफ 35 फाइटर जेट के मिलने से भारतीय सेना की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। फिलहाल, भारत के पास सबसे एडवांस फाइटर जेट के रूप में राफेल है। एफ 35 एक पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, जो सुपरसोनिक स्पीड पर रडार की पकड़ में आए बिना दुश्मनों पर हमला करने में माहिर है। इसकी एडवांस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर टेक्नोलॉजी, स्मार्ट सेंसर और ओपन आर्किटेक्चर इसे एक असाधारण जेट बनाते हैं। इन अत्याधुनिक फीचर्स की मदद से यह जेट लंबी दूरी तक दुश्मनों का पता लगा सकता है और उन पर हमला कर सकता है, जिससे यह आधुनिक हवाई युद्ध में एक बेहद ताकतवर हथियार बन जाता है। एफ 35 को अमेरिकी डिफेंस कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने डिजाइन और निमार्ण किया है। यह दुनिया के सबसे एडवांस और मल्टीरोल फाइटर जेट्स में से एक है। एफ -35 को फिलहाल ऑपरेशन में मौजूद एक सबसे स्टेल्थी फाइटर जेट माना जाता है। खबर में एफ 35 फाइटर जेट के संबंध में दी गई जानकारी अमेरिकी सेना द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले मॉडल पर आधारित है। यह जानकारी फाइटर जेट निमार्ता लॉकहीड मार्टिन की ऑफिशियल वेबसाइट से जुटाई गई है। भारत को जो एफ- 35 फाइटर जेट अमेरिका सप्लाई करेगा, उसकी कोई भी डिटेल सामने नहीं आई है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक.2.6.8**

**वृष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक.4.6.8**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक.5.7.8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक.4.6.7**

**सिंह : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक.2.5.6**

**कन्या: 'आगे आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक.4.5.7**

**तुला : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक.3.5.7**

**वृश्चिक : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक.2.4.6**

**धनु: जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक.4.6.7**

**मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक.1.3.5**

**कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक.3.4.6**

**मीन : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक.2.4.6**

# सौंदर्य अनुभूति, भावना, कल्पना, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल

**सौंदर्य** आनंदित करता है। भारतीय दर्शन सौंदर्य को शब्दातीत मानता है। रामायण में सौंदर्य शब्द के स्थान पर रमणीय, शोभन और चारु शब्द आए हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य का मन सहज प्रकृति के दिव्य रूपों में रमण करता है। वैदिक कालीन अनुभूति प्रतीति को सौंदर्य कह सकते हैं। जब हम आनंद मगन हों तब सौंदर्य घटित होता है। जब सूर्य की अरुणाभा के दर्शन होते हैं तब सौंदर्य ही है। जब पक्षियों का कलरव ब्रह्म मुहूर्त में छंद बन जाए तब सौंदर्य समझो। जब आकाश गंगा रात्रि में जगमग उदीप्त दिखे तो सौंदर्य ही होता है। जब नदियां-झरने गीत गाते आगे बढ़ रहे हो तब वह सौंदर्य ही प्रवाहित होता है। ऋतुराज बसन्त ऋतुओं का सौंदर्य है।


गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में सौंदर्य हमारी धारणा में निहित है। वह कहते हैं- सौंदर्य की विकृत अभिव्यक्ति ही कुरूपता है। कला आत्मविस्मृत आनंद से पोषित होती है। सौंदर्य अनुभूति, भावना कल्पना, संपूर्णता, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल अवधारणाएं हैं। वे न केवल कला को परिभाषित करते हैं, कला और सौंदर्य को जोड़ते भी हैं। कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

यूनानी दार्शनिक अरस्तू का कहना है कि सुंदरता को मापा जा सकता है। सुंदरता के लिए व्यवस्था समरूपता और निश्चितता प्रमुख है। सुंदर शरीर के रूप को परिभाषित किया है। सुंदरता के लिए गणितीय विज्ञान का भी उपयोग किया। उसका मानना था कला प्रकृति की नकल करती है। अरस्तू ने सौंदर्य के साथ राजनीति और तत्व मीमांसा पर भी कई रचनाएं लिखी है। सौंदर्य मूल्य और कला के बारे में दार्शनिक जांच है। सौंदर्य बोध की प्रथम यात्रा है। सुंदरता नैतिक या शारीरिक आंतरिक सौंदर्य के रूप में व्यक्ति परक है।

श्रीमद्भागवद गीता में सौंदर्य को सत्य कहा गया है। सांसारिक सौंदर्य कृष्ण के सर्वोच्च सौंदर्य की एक झलक है, आभा है। कृष्ण परम सत्य की अभिव्यक्ति हैं। दसवें अध्याय का 41वां श्लोक।

रामचरितमानस के बालकांड में तुलसीदास ने राम के सौंदर्य पर लिखा है। उनके (राम) नील कमल और गम्भीर (जल से भरे हुए) मेघ के समान श्याम शरीर मे करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल-लाल चरण कमल के नखों की (शुभ्र) ज्योति ऐसी मालूम होती है जैसे कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। (पृष्ठ 182 बालकांड)।

कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के



सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है।

सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी-विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती। शरीर को काट कर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तस का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता।

सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य (एम्पथी) पहली शर्त है। जब हम प्राकृतिक दृश्यों को देखते हैं तो केवल स्वयं एक सुखद अनुभूति में होते हैं। हम बगल में बैठे व्यक्ति का ध्यान सुंदर दृश्य की ओर खींचते हैं कि वह भी सौंदर्य का आनंद ले। सौंदर्य का व्यावहारिक पक्ष यही है कि प्रत्येक व्यक्ति सुंदर वस्तुओं से आकर्षित होता है। चाहे हंसता गुलाब, जूही-चम्पा, लीली और उस पर मंडराती तितलियां, रंगबिरंगी चिड़िया भौरें हों। मनोरम घाटियां, जगमग सितारे, भव्य पूर्णिमा के चांद का सौंदर्य आकर्षित करता हैं। प्रत्येक सुंदर वस्तु के दो पक्ष होते हैं- जड़ और चेतन। इंद्रियों से समझा जाने वाला रूप आकार और उसके माध्यम से अभिव्यक्त विचार, सौंदर्य अनुभूति, कला सृजन परस्पर संबंधित हैं। सौंदर्य शास्त्र का एक विषय के रूप में अध्ययन (स्टेथिक्स) कहलाता है। इसे स्वतंत्र विषय बनाने वाला 18वीं सदी का जर्मन दार्शनिक बामगार्टन था। भारत में सौंदर्य रस रूप में देखा गया है।

सौंदर्य अनुभूति का सबसे सशक्त स्थल भरत मुनि ने रंगमंच को माना है, जहां प्रत्येक प्रेक्षक भाव विभोर होकर रस अनुभूति करता है। जिन चीजों में आनंद आता है उन सुंदर चीजों को देखकर हृदय बार- बार उसी ओर आकर्षित हो जाता है। उसकी छाया पीछा करती है। गीत फूटने लगते हैं। यह भौतिक आनंद क्षणिक होता है। सौंदर्य विषय पर प्राचीनकाल से चिंतन मंथन है। कला शरीर है। सौंदर्य उसकी आत्मा है। सच्ची कला सौंदर्य का ही मूर्ति रूप होती है। कला बिना पढ़े समझ में आती है।



**- अरूण दीक्षित**

> आंतरिक आनंद की भावना इस अनुभूति में बड़ी होती है। सौंदर्य की प्रशंसा और सम्मोहन इसका चरित्र है। सौंदर्य की अनुभूति को अंग्रेजी में (एम्थी) कहते हैं यह आवश्यक शर्त है। तादात्म्य के अभाव में सौंदर्य को पूरा का पूरा अनुभव नहीं किया जा सकता। गायक कुछ गा रहा है। एक चित्रकार चित्र बना रहा है।

प्राचीनकाल में मानव ने पर्वतों की गुफाओं में पशुओं सहित भिन्न प्रकार के चित्र उकेरे हैं। यह चित्र हमें उस पाषाण, पुरापाषाण काल की सूचनाएं देते हैं कि तब का मानव कैसा था। चित्र भाषा, मानव आत्मा की भाषा है। सौंदर्य का अस्तित्व भी इसलिए है कि दुनिया में कुरूपता भी है। यही कारण है कि सौंदर्य कुरूपता का परिष्कृत रूप है। गुण की पहचान अवगुण है। विशेष कर पश्चिमी देशों में सौंदर्य की प्रतियोगिताएं होती हैं। विश्व सुंदरी के चुनाव के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता होती है। ऊपर से कुरूप व्यक्ति तब सुंदर दिखाई देगा जब उसके कार्यों में शुभता और लोकमंगल हो। सौंदर्य अनुभूति अन्य अनुभूतियों से भिन्न है।

आंतरिक आनंद की भावना इस अनुभूति में बड़ी होती है। सौंदर्य की प्रशंसा और सम्मोहन इसका चरित्र है। सौंदर्य की अनुभूति को अंग्रेजी में (एम्थी) कहते हैं यह आवश्यक शर्त है। तादात्म्य के अभाव में सौंदर्य को पूरा का पूरा अनुभव नहीं किया जा सकता। गायक कुछ गा रहा है। एक चित्रकार चित्र बना रहा है। अभिनेता अभिनय कर रहा है जो उसके साथ एकात्म हो जाए तभी वह उसके भीतर सौंदर्य की अनुभूति कर सकता है। दुनियाभर में सौंदर्य के प्रति विशेष दृष्टिकोण है। प्रत्येक व्यक्ति का अलग विचार है। आदर्शवादी सौंदर्य को केवल एक हृदय और मस्तिष्क से देखते हैं। वस्तुओं में नहीं। इसके विपरीत यथार्थवादी उसे वस्तुओं में निहित एक ठोस वास्तविकता मानते हैं। (पृष्ठ 27, 33 सौंदर्य पुस्तक डॉ० राजेन्द्र वाजपेयी)हम सब प्रथम सौंदर्य का दर्शन अपने अंतःकरण में हृदय और मानव चक्षुओं से करते हैं। सौंदर्य सापेक्ष होता है। किसी विशेष वस्तु के सौंदर्य के संबंध में कोई सर्वमान्य अधिकृत मत नहीं दिया जा सकता है। कला प्रकृति के सौंदर्य को प्रतिध्वनित करती है। समस्त कला में सौंदर्य तत्व और आनंद तत्व विद्यमान रहता है।

सुप्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक कांट ने सौंदर्य को कामना रहित आनंद बताया है। बौद्ध दर्शन में सौंदर्य दिव्य ज्योति और उज्ज्वल प्रकाश कहा गया है। उसकी अनुभूति मानव को बोध होने पर होती है। भारत में सौंदर्य को मूलतः रस रूप देखा गया है। ऋग्वेद में सौंदर्य को श्रीनाम से कहा गया है। उपनिषदों में भी रस के व्यापक अर्थ हैं।

## लेटर टू एडिटर

### नंबर लेने का दबाव

**कुछ** ही दिनों में बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। विद्यार्थियों पर पास होने का व अच्छे नंबर लेने का दबाव न केवल टीचरों की तरफ से बल्कि आजकल माता-पिता की तरफ से भी होता है। बारहवीं के विद्यार्थी तो और ज्यादा दबाव में होते हैं क्योंकि उनको आगे कंपीटिटिव एग्जाम भी अच्छे रैंक से पास करने होते हैं ताकि आगे अच्छे कालेज में दाखिला मिल सके। इससे वे मानसिक तनाव में आ सकते हैं ।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### मोटापे के विरुद्ध

**मोटापे** के कारण होने वाली बीमारियों, अन्य खतरों से सावधान करने वाला था। जीवन-शैली में निष्क्रियता के चलते मोटापे की बीमारी भारत में तेजी से बढ़ रही है। देश में लगभग 7 करोड़ मोटापे के शिकार लोगों में महिलाएं-बच्चे भी शामिल हैं। उच्च रक्तचाप, फेफड़ों का कैंसर, अर्थराइटिस, दिल की बीमारी आदि तेजी से फैल रही है!

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**परमात्मा** की बनाई इस सृष्टि में चर-अचर व समस्त जैव एवं पादप समूह के प्राणियों का उनकी प्रकृति के अनुरूप स्वतंत्र सत्ता और वैशिष्ट्य भी है। जब हमें स्वयं व अन्य सभी प्राणियों में दिव्यता और परमात्मा की विभूति अनुभूत होगी तो ही हम बड़े और महान कार्यों को संपादित कर पायेंगे। श्रेष्ठता के सुभग शिखरों पर आरूढ़ होने के लिए सही दृष्टिकोण और सकारात्मक विचारों की आवश्यकता है। जैसी दृष्टि होगी तदानुकूल परिवेश की निर्मिति होती जायेगी । अतः हमें अन्यों में दुर्गुण और दोष न दिखें ।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# एआई पर सावधानी इसके नियमन पर न हो कोई समझौता



**मनोज शर्मा**

## आई टी

पेरिस में संपन्न एआई एक्शन समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को स्वीकारते हुए सुरक्षा उपायों पर बल दिया गया। फ्रांस के तत्वावधान में आयोजित समिट राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सह-अध्यक्षता में संपन्न हुई। जो भारतीय प्रतिभाओं की वैश्विक साख को भी दशार्ता है। निश्चित रूप से यह समय एआई के क्षेत्र में भारत को अपनी प्राथमिकता तय करने का है। हालांकि, समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संवर्द्धन के रोडमैप पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में गहरे मतभेद भी उजागर हुए। मेजबान फ्रांस,भारत व प्रमुख हितधारक चीन समेत दुनिया के साठ देशों ने डिजिटल विभाजन को कम करने के लिये एआई पहुंच को बढ़ावा देने, इसे खुला,समावेशी, पारदर्शी, नैतिक, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के संकल्प लेते हुए एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। वहीं अमेरिका और ब्रिटेन ने इस पर असहमति जतायी और हस्ताक्षर नहीं किए। ट्रंप जैसे तेवर अपनाते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने वैश्विक नेताओं व तकनीक उद्योग के अधिकारियों को चेताया कि अत्यधिक विनियमन से तेजी से बढ़ते एआई उद्योग की गति थम सकती है। जो बताता है कि अमेरिका एआई जोखिमों को कम करने के यूरोप के प्रयासों से खुश नहीं है। दरअसल, एक अधीर राष्ट्रपति के नेतृत्व में अमेरिका एआई की अपार संभावनाओं पर वर्चस्व चाहता है। उसे चीन की चुनौती भी स्वीकार नहीं है। हालांकि, इसी तर्ज पर भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई इस सदी में मानवता के लिये नया कोड लिख रही है। लेकिन साथ ही एआई को वैश्विक भलाई के लिये विकसित करने पर भी बल दिया। जिसका संदेश यह भी है कि इसका उपयोग देश विशेष अपने निजी हितों तक सीमित न रखे। यानी एआई नवाचार को बढ़ावा तो दिया जाना चाहिए, लेकिन इसके नियमन को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, बड़े पैमाने पर एआई के दुरुपयोग की आशंका के बीच विश्वास, सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिये एक वैश्विक ढांचा स्थापित करना अपरिहार्य ही है।

दरअसल, यही वजह है कि यूरोपीय देशों ने इस दिशा में सतर्क रुख अपनाया है। ताकि जांच और संतुलन बनाने वाले कदमों से दुनिया में डीपफेक व भ्रामक प्रचार पर अंकुश लगाया जा सके। फलतः भविष्य में नियामक मानदंडों को आसान बनाने पर सहमति बनानी जरूरी है। इसके लिये पूरी तरह से दरवाजे खोलना किसी आपदा को आमंत्रण जैसा भी हो सकता है। पेरिस में एक्शन समिट ऐसे वक्त में हुई है जब एआई में अमेरिकी वर्चस्व को चीनी कंपनी डीपसीक जबर्दस्त चुनौती दे चुकी है। उसने कम लागत में बेहतर एआई टूल पेश करके बताया है कि इस दौड़ में चीन कहीं आगे निकल चुका है। निस्संदेह, इस क्षेत्र में तमाम नई खोजों की संभावनाएं बरकरार हैं। लेकिन सुरक्षा मुद्दों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, आने वाला समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है, लेकिन इसका अनियंत्रित विकास मानवता के लिए घातक भी साबित हो सकता है। ऐसे में एआई विकास में पारदर्शिता व नियमन के अंतर्राष्ट्रीय मानक बनाने भी जरूरी हैं। जरूरी है कि हम एआई की वैश्विक चुनौती के बीच अपने इंजीनियरों व वैज्ञानिकों की मेधा का बेहतर उपयोग करके नयी खोजों का मार्ग प्रशस्त करें। अन्यथा भारत एआई की नई खोजों की दौड़ में पिछड़ सकता है। फिक्र है कि भारत जैसे बड़ी बेरोजगारी वाले देश में कहीं एआई रोजगार संकट का वाहक न बने। कम जनसंख्या वाले विकसित देशों के लिये जहां यह तकनीक उपयोगी साबित होगी, वहीं श्रम प्रधान संस्कृति वाले भारत में यह विसंगति भी पैदा कर सकती है। निश्चित रूप से एआई के इस्तेमाल से बेहतर कार्य संस्कृति पैदा होगी, लेकिन यह प्रयास रोजगार के अवसर कम न करे। कृत्रिम मेधा के नियमन और नवाचार के साथ हम रोजगार के अवसर भी बढ़ाएं। भारत में एआई को तेजी से अपनाया जा रहा है।

नीति आयोग ने भी इसे प्रोत्साहन देने के लिये राष्ट्रीय नीति तैयार की है। आने वाले वर्षों में एआई की देश की सुरक्षा, आर्थिकी, चिकित्सा, कृषि तथा शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। लेकिन जरूरी है कि युवाओं के लिये पर्याप्त रोजगार के अवसर भी सृजित हों। भारतीय युवा भी खुद को इस नई चुनौती के अनुरूप तैयार करें।

# युवाओं के विवाह पर रोक के खिलाफ थे संत बैलेंटाइन

**हर्षवर्धन पाण्डे**

## समाज

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड हो गया है। आज जहां इजहार और इकरार करने के तौर- तरीके बदल गए हैं, वहीं इंटरनेट के मौजूदा दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। प्यार का यह उत्सव एक बड़े बाजार को गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। शहर से लेकर कस्बों तक यह तेजी से फैल चुका है।

वैलेंटाइन के सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह वैलेंटाइन अथवा वलेंतिनस नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते हैं लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्मगुरू थे। उन दिनों वहां क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया।

किन्दवंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन ने क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक-युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फाँसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा ₹वैलेंटाइन डे₹ मनाते हैं । 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए।

कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाइयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरम्यान हो गई। इस पर नई मान्यता यह है कि ईसाइयों के प्रेम का प्रतीक मानें जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन। आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वेलेंटाइन।' 14 फरवरी के बहाने इस संत के नाम पर पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जाने लगा।

आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सिर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलकें बिछाये बैठे रहते हैं। इसे प्यार के इजहार का दिन बताते हैं लेकिन युवक-युवतियां प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाये हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे कि प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बांध सकते। वह तो प्यार को हंसी-मजाक का खेल समझ रहे हैं। आज का प्यार नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं।

जहां चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को 'वाइट डे' का नाम से जाना जाता है। इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्व बढ़ गया है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक होती है। यूं तो हमारी संस्कृति में प्रेम को परमात्मा का दूसरा रूप बताया गया है अतः प्रेम करना गुनाह और प्रेम का विरोधी होना सही नहीं होगा लेकिन वैलेंटाइन के नाम पर जिस तरह का पश्चिमपरस्ती का विस्तार हो रहा है वह सही नहीं है। आज का वैलेंटाइन डे भारतीय काव्य शास्त्र में बताये गए मदनोत्सव का पश्चिमी संस्करण प्रतीत होता है। सवाल यह है कि क्या आप प्रेम जैसी चीज को एक दिन के लिए बांध सकते हैं? शायद नहीं। आज लोग प्यार के चक्कर में बर्बाद हो रहे हैं। हीर-रांझा, लैला-मजनूं, रोमियो-जूलियट के प्रसंगों का हवाला देने वाले हमारे आज के प्रेमी यह भूल जाते हैं कि मीरा वाला प्रेम सच्ची आत्मा से सम्बन्ध रखता था। प्यार को गिफ्ट और पॉकेट में तौला जाने लगा है। वैलेंटाइन के प्रेम में फंसने वाले कुछ युवा सफल तो कुछ असफल साबित होते है। जो असफल हो गए तो समझो बर्बाद हो गए क्योंकि यह प्रेम रूपी ₹बगर₹ बड़ा खतरनाक है। एक बार अगर इसकी जकड़ में आप आ गए तो भविष्य में भी पीछा नहीं छोड़ेगा।

वैलेंटाइन के नाम पर आज समाज में जिस तरह की उद्दंडता हो रही है, वह चिंतनीय है। संपन्न तबके साथ आज का मध्यम वर्ग और निम्न तबका इसके मकड़जाल में फंसकर अपना पैसा और समय दोनों खराब कर रहे हैं। आज वैलेंटाइन की स्टाइल बदल गई है।

गुलाब गिफ्ट दिए, नशे में पार्टी में थिरके बिना काम नहीं चलता। यह मनाने के लिए आपकी जेब गर्म होनी चाहिए।आज की युवा पीढ़ी को न तो प्रेम की गहराई का अहसास है न ही वह सच्चे प्रेम को परिभाषित कर सकती है।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में युवक ने की आत्महत्या



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के नया बाजार टांड़ निवासी कुणाल सिंह उर्फ छोटू (31वर्ष) पिता रामपुकार सिंह ने गुरुवार रात अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर पहुँचे कुजू पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। गुरुवार रात कुणाल सिंह की मां भोजन लेकर जब कुणाल के कमरे की ओर गई,तो कमरे का दरवाजा बंद देखा। आवाज लगाने पर बहुत देर तक कोई जबाब नहीं मिला तो वह अपने पति रामपूकार सिंह को इसकी दी। राम पूकार सिंह व अन्य लोगों ने काफी जद्दोजहद के बाद जब दरवाजा खोला तो देखा कि कुणाल सिंह पंखे के सहारे गले में फांसी लगाकर झूल रहा था। उसे नीचे उतार कर आनन-फानन में स्थानीय नर्सिंग होम में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार कुणाल सिंह की पत्नी अपने तीन माह के बच्चे के साथ अपने मायके में थी। अपने संबधी से पूर्व में लिए गए पैसे की देनदारी को लेकर वह पिछले एक सप्ताह से तनाव में था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मानसिक रूप से तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली। शव का अंतिम संस्कार रामगढ़ दामोदर नदी तट पर कर दिया गया।

### 31 हजार रुपये लेकर उच्चके फरार



रामगढ़। मेन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा से बुधवार को दुलमी निवासी एक व्यक्ति के पास से उच्चकों ने 31 हजार रूपए चुरा लिया। इस संबंध में पीड़ित आदित्य महतो ने बताया कि उन्होंने बुधवार को बैंक से 42 हजार रूपए की निकासी की और अपनी पत्नी के खाता में 31 हजार रूपए जमा करने के लिए फॉर्म भर रहे थे। उसी दौरान उनके अगल बगल चक्कर लगा रहे चार उच्चकों ने उनके जेब से 31 हजार रूपए निकाल लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने बैंक प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। तब प्रबंधन ने उनसे थाना जाने को कहा। जिसके बाद उन्होंने इस संबंध में रामगढ़ थाना में आवेदन दिया। वहीं, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। कहा कि मामले में शामिल सभी उच्चके शीघ्र पकड़े जाएंगे।

### माकपा जिला कमेटी की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य धनेश्वर महतो ने किया। बैठक में जिला सचिव राजेन्द्र प्रसाद चंदेल ने गत बैठक की समीक्षा और भावी कार्यक्रम पर रिपोर्ट पेश किया। जिस पर जिला कमेटी के सदस्यों ने भी सहमति जताई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि बजट के लिए वैकल्पिक प्रस्तावों को लेकर वामदलों के आह्वान पर आगामी 20 फरवरी तक माकपा एक सप्ताह का व्यापक जन अभियान चलाएगी। सीपीएम राज्य कमेटी से रामगढ़ जिला के प्रभारी पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 लोगों की तात्कालिक और बुनियादी आवश्यकताओं के साथ विश्वासघात है। लोगों के हाथों में क्रय शक्ति की कमी, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और घटती मजदूरी के कारण अर्थव्यवस्था में मांग की समस्या को दूर करने के बजाय मोदी सरकार ने खर्चों में कटौती के बावजूद अमीरों को रियायतें देकर अर्थव्यवस्था को चौपट करने की कोशिश की है। बैठक में धनेश्वर महतो, देवनाथ महली और अशोक कुमार सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

### जेइइ मेंस में डीएवी के दो छात्र सफल



**रजरप्पा।** एनटीए ने मंगलवार को जेईई का रिजल्ट जारी कर दिया। जेईई की परीक्षा में डीएवी रजरप्पा के दो छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखा। डीएवी रजरप्पा के नमन कुमार ने *97.08* तथा *ऋषिका पोद्दार* ने *90.66* प्रेसेंटाइल प्राप्त कर डीएवी विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर झारखंड प्रक्षेत्र डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी व डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा ने सफल छात्रों के माता-पिता को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और बच्चों को स्मृति चिह्न देकर उन्हें जेईई एडवांस की परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर सफल होने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### विस्थापितों के मिले न्याय : रामेश्वर



भुरकुंडा (रामगढ़)। समाजसेवी एवं विस्थापितों के प्रतिनिधि रामेश्वर गोप ने पतरातु सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (पीयूवीएनएल-एनटीपीसी) द्वारा अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) गतिविधियों में भेदभाव बरते जाने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा है कि प्रबंधन ने लबगा गांव को जानबूझकर सभी विकास योजनाओं से अलग रखा है। रामेश्वर गोप ने सवाल उठाया कि प्लांट के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए कौन सा मापदंड अपनाया जा रहा है। क्या एनटीपीसी बिना पानी के प्लांट चला सकता है। जब प्लांट से निकलने वाले धुएं और प्रदूषण का असर सभी गांवों पर पड़ता है, तो फिर सीएसआर योजनाओं का लाभ भी सभी को समान रूप से क्यों नहीं मिलना चाहिए।

# हजारीबाग यूथ विंग का रक्तदान शिविर 3 मार्च को



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हजारीबाग यूथ विंग तीन मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में भव्य रक्तदान शिविर लगायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन के लिए संस्था ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया है। इसके लिए संस्था के पदाधिकारियों ने औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपते हुए शिविर की तैयारियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया कि पिछले वर्ष 2024 में शिविर के माध्यम से 130 यूनिट रक्त एकत्र किया गया था। इस बार लक्ष्य 175-200 यूनिट रक्त संग्रह का है। उन्होंने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से इस लक्ष्य को हासिल करने में सहयोग

**सांसद जायसवाल ने युवाओं से की बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील**

करने का आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ₹रक्तदान महादान है। यह न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि समाज में सहयोग और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है। स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है, और यह शरीर के रक्त संचार को भी सक्रिय करता है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे इस मानवता की सेवा में योगदान दें। इस आयोजन में सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास को भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। संस्था को उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि, अधिकारी और समाजसेवी इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा, ₹रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। हजारीबाग यूथ विंग हर साल इस शिविर को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं, उपाध्यक्ष विकास केसरी और कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने भी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की। यूथ विंग ने विशेष रूप से युवाओं से इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह आयोजन जरूरतमंदों की मदद और समाज सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। शिविर में भाग लेकर न केवल रक्तदान करें, बल्कि इस नेक कार्य में अपनी भूमिका निभाकर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने का अवसर पाएं।

# विधायक मनोज यादव ने संगम में लगायी डुबकी

**क्षेत्रवासियों के सुख और शांति की कामना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** बरही के विधायक मनोज कुमार यादव ने शुक्रवार को महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी मीना यादव और भाजपा कार्यकताओं का दल भी मौजूद था। विधायक ने इस महापर्व पर बरही विधानसभा सहित प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। विधायक मनोज यादव ने कहा, ह्लमहाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत और सनातन धर्म की दिव्यता का प्रतीक है।

गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम अध्यात्म, परंपरा और संस्कृति का महासंगम है। यह आस्था और आत्मिक ऊर्जा का ऐसा पर्व है, जो आत्मा को ब्रह्म से जोड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि महाकुंभ जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं की ताकत को दशार्ते हैं। यह पवित्र संगम न केवल जल का मिलन



है, बल्कि यह अध्यात्म और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है। विधायक मनोज यादव और उनकी पत्नी के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, बच्छई समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, गोविंदपुर समिति सदस्य अशोक यादव, भाजपा नेता आकाश राज, देवल यादव, रामचन्द्र सिंह, आदित्य चौरसिया, हितेश राज, सुरेन्द्र यादव, विश्वा यादव, जगरनाथ साव, भोला साव डुमरी, संतोष यादव, सचिन यादव, लक्ष्मण यादव, मनोज राणा और उनके निजी सहायक भूपेंद्र यादव सहित कई कार्यकताओं ने भी त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

विधायक ने कहा कि महाकुंभ का पुण्य लाभ लेने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाकर क्षेत्र और प्रदेशवासियों की समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी भक्ति और श्रद्धा के साथ संगम में स्नान कर महाकुंभ के आध्यात्मिक महत्व को अनुभव किया। यह आयोजन क्षेत्र के लिए आस्था, संस्कृति और एकता का संदेश लेकर आया।

### चुटूपालु घाटी में ट्रक पलटा, चालक और खलासी की मौत

रामगढ़। रांची-पटना मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर के चुटूपालु घाटी में शुक्रवार को सड़क हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गई। रांची से हजारीबाग की ओर से आ रहे सीमेंट लदा एलपी ट्रक (सीजी 04एमएस 4977) अचानक घाटी में अनियंत्रित हो गई और घाटी के गढ़के मोड़ के पास आकर पलट गई। इस घटना में ट्रक के मलबे में चालक और खलासी बुरी तरह दब गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से किसी तरह निकलवा कर दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत अहिवारा, नंदनी नगर निवासी ट्रक मालिक सह चालक अजय कुमार जैन और खलासी रायपुर जिला अंतर्गत सरधू गांव निवासी प्रकाश वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी दोनों मृतकों के परिवार वालों को दी। । 10 फरवरी को डीसी ने चुटूपालु घाटी में सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए घाटी में लगाई गई लाइट को नियमित रूप से कार्य करने को लेकर निर्देश दिए थे। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर साइन बोर्ड जल्द से जल्द लगाने का भी निर्देश दिए थे।




प्रशिक्षकों के साथ कराटेकार।

# कराटे आत्मरक्षा का बेहतर माध्यम : विजयंत कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ए ला एंगलाइज विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर संपन्न, नीति चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ कराटेकार**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्सल आर्ट सितोरियो कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देखरेख में ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शुक्रवार को कराटे प्रशिक्षण शिविर लगा। लगभग 45 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में छोटे बच्चों को पिटी, वर्मअप, बेसिक, काता और फाइट का अभ्यास कराया गया। जिसमें लक्ष्मी टॉकीज झंडा मैदान निवासी प्रीति कुमारी और निर्मल साहू की 7 वर्षीय पुत्री सह ए ला एंगलाइज विद्यालय के कक्षा एक की छात्रा नीति कुमारी सर्वश्रेष्ठ कराटेकार चुनी गई। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को योगा और कराटे का भी प्रशिक्षण दिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। शिविर में नीति कुमारी, आयुषी, गौतमी, देवासी, मिस्टी, अंतरा, अन्वी कुजूर, नतमा, जिया, अनुष्का, तृष्णा, कनक, सृष्टि, इशिका, देवासी, महक, सूर्यांश दास, संकल्प, अनमोल, आयुष, शिवांश, मोहित, राजवीर, सनी, अंशु, तन्मय, अर्पित को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया गया। शिविर को सफल बनाने में सरिता कुमारी, शबनम खातून, प्रिया सिंह और काजल बनर्जी का योगदान रहा।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बाल विवाह व बाल तस्करी पर रोक और किशोरियों को सशक्त बनाने पर दिया गया जोर**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अग्रगति संस्था के तत्वावधान में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली में शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में बटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर देते हुए बच्चियों को सशक्त बनाने, शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी की निगरानी और रोकथाम, कमजोर और स्कूल न जाने वाले बच्चों को कौशल विकास के अवसरों से जोड़ने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाना है।

इस अवसर पर अग्रगति संस्था द्वारा किए जा रहे बाल संरक्षण मुद्दों पर तथा नीति आयोग के सभी संकेतकों के बारे में अग्रगति जानकारी दी गई। संस्था के परियोजना प्रभारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि रामगढ़ जिला को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी और बाल यौन शोषण जैसे मामलों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि इस कुरीति को खत्म करने के लिए अग्रगति सबों को साथ मिलकर कार्य करना होगा। जिससे हमारा समाज, गांव और प्रखंड सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त हो सके। इस अवसर विद्यार्थियों ने बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी की खत्मा के लिए सामुहिक प्रयास करने का शपथ भी लिया। मौके पर विद्यालय



के प्रधानाध्यापक अर्पणा कुमारी, दांगी कुमार, पुष्पा कुमारी, नीरज कुमार, जयप्रकाश सिंह, विजय बेदिया, राजकुमार बेदिया, बीरबल नायक, गोपाल कुमार, मंगु कड़िया सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रगति संस्था के जिला समन्वयक मो. बेलाल अंसारी, इशरत जहां सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### कटकमदाग में दाखिल-खारिज के लिए लगा शिविर




कटकमदाग। प्रखंड सह अंचल परिसर में गुरुवार को दाखिल-खारिज के लंबित मामलों के समाधान हेतु एक विशेष शिविर लगा। इस दौरान कई मामलों का जांच के बाद मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर में दर्जनों रैयतों ने दाखिल-खारिज के लिए आवेदन किए, जिनका तत्परता से निपटारा किया गया। शिविर के दौरान लंबित म्यूटेशन मामलों की सूची तैयार कर स्वीकृत मामलों के शुद्धि पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजकिशोर प्रसाद और कटकमदाग अंचल अधिकारी विजय कुमार महतो ने आवेदकों को शुद्धि पत्र सौंपे। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीत, उपप्रमुख बिमल कुमार गुप्ता, राजस्व भूमि सुधार उपनिरीक्षक बालेश्वर कुमार और विक्रम कुमार, अंचल अमीन उपेंद्र कुमार, असगर अली, इंद्र नारायण कुशवाहा, खपरियावा मुखिया राजेश कुमार गुप्ता, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अंगों पंचायत में किसानों का प्रशिक्षण शुरू



**चुरचू।** हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड अंतर्गत ग्राम अंगों पंचायत में 13 फरवरी को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा फसल सूचना कार्यक्रम योजना के तहत तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम कन्या पौधा संरक्षण पदाधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रथम दिन के प्रशिक्षण सत्र में मुख्य रूप से फसलों में कीट एवं रोग की पहचान, पोषक तत्वों की कमी के लक्षण, समेकित कीट प्रबंधन तकनीक, जैविक कीटनाशकों का उपयोग और जीवामृत तैयार करने की विधियों पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान पौधा संरक्षण प्रभारी चितरंजन कुमार सिंह और प्रशिक्षक योगेंद्र महतो ने उपस्थित किसानों को इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया सीतामुनी की अध्यक्षता रही, जिनकी देखरेख में प्रशिक्षण का सफल संचालन हुआ। साथ ही, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (इळट) नकुल कुमार ने किसानों को फसल प्रबंधन की उन्नत विधियों के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक और जैविक खेती तकनीकों से परिचित कराकर फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार लाना है। पंचायत के किसानों ने प्रशिक्षण को सराहते हुए इसे लाभकारी बताया।

### शिक्षक पर अप्राकृतिक यौनाचार का आरोप

**दारु।** दारु थाना क्षेत्र के दारु खैरका मे एक शिक्षक के द्वारा तीन नाबालिग बच्चियों के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने का मामला सामने आया है। आरोपी शिक्षक केशव कुमार कांत पिता कृष्ण कुमार कान्त दारु खैरिका निवासी है और पेशे से शिक्षक है वह पेटो के एक स्कूल मे शिक्षक के साथ साथ घर मे भी टयूशन पढ़ाने का काम करता था। इसी मोहल्ले की सात, नौ और दस साल के उम्र की तीन बच्चियां घर मे टयूशन पढ़ने आती थी। इनके परिजनों का आरोप है कि आरोपी शिक्षक इन तीनो बच्चियों के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करता था जिसकी सूचना इन मासूम बच्चियों ने अपने अभिभावकों को दिया। यह मामला पहले गांव के स्तर से सुलझाने का प्रयास किया गया मामला नही सुलझने पर बच्चियों के माता पिता ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ आवेदन देकर करवाई की मांग किया। इतने कम उम्र की मासूम बच्चियों के साथ इस तरह कि दरिंदगी की बात सुन थाना प्रभारी शफीक खान के साथ पत्रकार व ग्रामीण भी भौचक्के रह गये। थाना प्रभारी शफीक खान ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी युवक के घर पुलिस दल को भेजा पर वो घर से फरार हो गया था। पुलिस उसके पिता को पकड़कर दारु थाना ले आयी। दारु थाना मे इस सम्बन्ध मे मामला दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही थी।

### चौपारण में भ्रूण परीक्षण का पर्दाफाश



चौपारण। प्रखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की आड़ में भ्रूण परीक्षण और अवैध गर्भपात का गोरखधंधा जोरों पर है। इन गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए गुरुवार को जिला स्तरीय इम्प्लिमेंटेशन मॉनिटरिंग कमेटी की टीम ने छापेमारी की। टीम के पहुंचने से पहले ही संचालकों को इसकी भनक लग गई और वे अपने-अपने अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद कर फरार हो गए। उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर गठित टीम में मजिस्ट्रेट नवीन भूषण कुल्लू के नेतृत्व में नोडल पदाधिकारी डॉ. सुभाष प्रसाद, डॉ. राहुल सिंह, सीओ संजय यादव, और पुलिस बल मौजूद रहे। जांच दल ने आशना क्लिनिक, उत्कर्ष अल्ट्रासाउंड, श्री मंगलम अल्ट्रासाउंड, भारत अल्ट्रासाउंड और आरोही क्लिनिक की जांच का प्रयास किया। लेकिन अधिकतर केंद्र बंद पाए गए। प्रखंड में चल रहे कई अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर पीसी-पीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन और अवैध गतिविधियों की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। बावजूद इसके, संचालकों के समय रहते भागने के कारण जांच प्रक्रिया बाधित हो गई। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।चौपारण क्षेत्र भ्रूण परीक्षण और अवैध स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मुफीद बन चुका है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। प्रशासन ने गहन जांच की योजना बनाई है।

### सड़क दुघर्टना में महिला समेत दो बच्चे घायल

**बरही।** बरही हजारीबाग रोड में करसो के पास हुई सड़क दुघर्टना में बाइक सवार महिला और दो बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गए। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों में शबनम खातून, फैजान अली एवं नूरी फातिमा शामिल है। शबनम खातून अपने पति और बच्चों के साथ बरही से वापस अपने घर लौट रही थी। करसो के पास तेज रफ्तार वैन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। वैन की टक्कर से बाइक सवार सभी सड़क पर गिर कर घायल हो गए। करसो गांव के ग्रामीणों ने घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

स्पीड न्यूज

## वन्य प्राणी प्रक्षेत्र में फ्लाई ऐश गिराने के आरोप में ट्रेलर जब्त

**कोडरमा।** वन्य प्राणी प्रक्षेत्र अंतर्गत जमसोती नाला स्थित जंगल में फ्लाई ऐश गिराने के आरोप में वन विभाग की टीम ने फ्लाई ऐश लदे ट्रेलर (बीआर01जीजे-2161) को जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक बांझेडीह पावर प्लांट से ट्रेलर फ्लाई ऐश लोड कर बिहार जा रहा था, इसी दौरान वन्य प्राणी प्रक्षेत्र के जंगली क्षेत्र में ट्रेलर से फ्लाई ऐश को आंशिक रूप से खाली किया जा रहा था, इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और फ्लाई ऐश लदे उक्त वाहन को जब्त कर लिया। हालांकि इस दौरान वाहन चालक फरार होने में सफल रहा। घटना को लेकर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल उस्मान अंसारी, वनरक्षी कुंदन कुमार, सिकंदर यादव, दुर्गा प्रसाद महतो, गोपाल यादव, शंकर महतो आदि मौजूद थे।

**जिले में धड़ल्ले से हो रही है फ्लाई ऐश की ढुलाई** : हाल के दिनों में बांझेडीह पावर प्लांट से फ्लाई ऐश लोड कर झुमरीतिलैया, कोडरमा होते हुए बिहार भेजा जा रहा है। फ्लाई ऐश परिवहन के लिए बड़े ट्रकों व हाइवा का इस्तेमाल किया जा रहा है। नियमों को ताक पर रख कर धड़ल्ले से फ्लाई ऐश के परिवहन होने से सड़क पर फ्लाई ऐश जगह जगह पर गिरते जाते हैं, जिससे एक ओर प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होते जा रही है, तो दूसरी ओर आमजनजीवन, पेड़ पौधे और वन्य प्राणियों की सेहत पर भी इसका दुष्परिणाम पड़ रहा है। वन्य प्राणी प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि बांझेडीह से फ्लाई ऐश लोड कर बिहार जाने वाले वाहनों द्वारा जंगली क्षेत्रों में आये दिन आंशिक रूप से फ्लाई ऐश को खाली कर दिया जाता है, जिससे पेड़ पौधे नष्ट हो रहे हैं। फ्लाई ऐश उड़कर तथा जलस्रोतों में घुल कर पूरे जंगल में फैल जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप वन्यप्राणियों को भी काफी क्षति हो रहा है, उनके जीवन में प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

## शब ए बरात अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों में गुरुवार को शब ए बरात पर यानी इबादत की रात बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। मुसलमानों ने रात भर अल्लाह की बारगाह में दुआ मांगी। रात भर सभी अकीदतमंद मस्जिदों में कुरान की तिलावत, ईबादत व नमाज अदा कर खुदा से अपने गुनाहों की माफी के साथ साथ देश की उन्नति व अमन चौन की दुआ मांगी। नफिल नमाज तस्वीह व कुरान की तिलावत पूरी रात होती रही। मुसलमानों ने इबादत के साथ कब्रिस्तान पहुंच पूर्वजों के कब्र पर फातिहा पढ़ा और उनके भी मगफिरत की दुआ मांगी। पुरुषों ने मस्जिदों व महिलाओं ने घरों में खैर व बरकत की दुआ मांगी। शाम की नमाज पढ़कर लोग इबादत में जुट गए थे। जिसका सिलसिला शुक्रवार की सुबह तक जारी रहा। शबे बरात का उत्साह गुरुवार की सुबह से ही देखा जा रहा था। कब्रिस्तान व मस्जिदों मे साज सज्जा के साथ साथ विशेष रूप से लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। दोपहर से ही हलवा व अन्य व्यंजन बनाने का सिलसिला सभी घरों में शुरू हो गई थी। दो दिन लोगों ने रोजा रखा, साथ ही कुराने पाक की तिलावत की। नमाज अदा करने के बाद मस्जिदों में शबे बरात की विशेष नमाज अदा की गई। वहीं दूसरी ओर अपने पूर्वजों को इसाले शबाब पहुंचाने के मकसद से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर मस्जिदों में इमाम से फातिहा कराई गई और गरीबों के बीच बांटी गई। मस्जिद के इमाम ने बताया कि रहमतों के महीने रमजान से पहले मगफिरत का महीना शाबान आता है। पूरी रात इबादतों का दौर चलता रहा। लोगों ने रो-रोकर अल्लाह-ताला से अपने गुनाहों के लिए माफी मांगी। मुस्लिम महिलाएं घरों में हलवा व तरह-तरह के पकवान बनाने में मशगूल रहीं। शाम होते ही पकवान का फातिहा कराने के बाद पड़ोसी, रिश्तेदार गरीबों व दोस्तों में बांटा गया।

### जेईई मेंस रिजल्ट में आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड ने किया सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन

# प्रत्येक वर्ष हर क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट देकर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है : पुनीत यादव







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने इस वर्ष जेईई मेंस एग्जाम में चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय ने एक बार फिर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जिले में दूसरा स्थान हासिल किया, जो कि अपने क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। ज्ञात हो कि आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय का विद्यार्थी श्रेयांश दुग्गड 99005 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर जिला में दूसरा स्थान हासिल किया है, साथ ही साथ आदित्य प्रसाद 9897 परसेंटाइल, अनीषा राज 9870 परसेंटाइल, धीरज कुमार यादव 9685 परसेंटाइल रिजल्ट प्राप्त कर विद्यालय के अलावे अपने क्षेत्र और जिला को गौरवान्वित किया है। उक्त चार विद्यार्थी के अलावे विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर लिए हैं। इस शानदार सफलता पर प्राचार्य पुनीत यादव फुले नहीं समाए, उन्होंने कहा कि इस वर्ष जेईई मेंस एग्जाम में विद्यार्थियों ने गजब का प्रदर्शन करते हुए कमाल कर दिया है प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय प्रत्येक वर्ष हर क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट देकर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है चाहे मेडिकल क्षेत्र हो, इंजीनियरिंग क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो या फिर किसी तरह का शैक्षणिक क्षेत्र हो। सभी जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय की इस सफलता पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक ड नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, रामधन यादव, निर्मला देवी, देवनारायण यादव, केदारनाथ यादव, गणपत यादव, रामेश्वर यादव, इंद्रदेव यादव, बिनोद दास, बलदेव यादव के अलावे विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार राणा, दीपक कुमार, महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, फुलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, मुकेश राणा, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार, सीताराम यादव, शाहिद हुसैन, सुनील कुमार यादव, पंकज कुमार साव, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन, केदार यादव, रामचंद्र यादव, रंजीत कुमार यादव, संदीप कुमार तिवारी, शरीफ अंसारी, रवि रंजन, सतीश कुमार, लक्ष्मण चन्द्र यादव, मिथलेश पांडेय, पम्मी रय के साथ साथ सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सभी सफलतम विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रेमी ने शादी से किया इनकार, प्रेमीका ने कुएं में कूदकर दी अपनी जान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया की रहने वाली एक युवती ने शुक्रवार सुबह कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 18 वर्षीय रूबी कुमारी पिता प्रेमचंद यादव के रूप में की गई है। मामले की जानकारी देते हुए मृतका के मौसा ने बताया कि रूबी के पिता करम गांव के रहने वाले हैं। बचपन से ही रूबी अपने नानी घर सिमरिया में अपने मौसा के घर रह रही थी। वह फिलहाल बेहराडीह प्लस टू उच्च विद्यालय की 11वीं की छात्रा थी। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर डोमचांच थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

रूबी के मौसा ने बताया कि रूबी की पिछले वर्ष डोमचांच थाना क्षेत्र के ही सपही में शादी तय हुई थी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व रूबी की पिछले वर्ष ही गिरिडीह जिला के बगोदर में शादी तय हुई थी। शादी तय होने के पश्चात सपही के रहने वाले सूरज यादव ने इस शादी को तुड़वा दिया। जब हमने पता लगाया तो यह बात सामने आई कि रूबी और सूरज का प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके बाद गांव में इस मामले को लेकर पंचायत भी हुई।

जिसमें हमने इस बाबत सूरज से बात की और उसे रूबी से शादी करने को कहा, तो सूरज तैयार हो गया। उन्होंने बताया कि शादी को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई थीं। अप्रैल महीने में रूबी की सूरज से शादी होने वाली थी। सुबह फोन पर रूबी और सूरज की बात हो रही थी। इसी दौरान सूरज ने रूबी से शादी करने से इंकार की बात कही, जिसके कुछ देर बाद ही रूबी ने कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली।

## दहेज हत्या के मामले में पिता पुत्र दोषी करार




**कोडरमा।** एडीजे द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने दहेज को लेकर विवाहिता की हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए हत्याकांड के आरोपी ससुर करमा निवासी सुरेश यादव और पति सुमन कुमार को दोषी करार दिया है, सजा के विंदु पर 18 फरवरी को सुनवाई होगी। बताते चलें की तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त पूतो, करमा निवासी विनोद यादव विवाहिता पुत्री अंजली कुमारी की मौत करमा स्थित उसके ससुराल में बीते 27 जुलाई 2023 को हुआ था, घटना को लेकर विवाहिता के पिता ने मृतका के ससुर और पति पर दहेज की मांग को लेकर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तिलैया थाना कांड संख्या 182/23 में मामला दर्ज किया था, माननीय अदालत ने सुनवाई के दौरान मृतका की हत्या में ससुर और पति को दोषी करार दिया। वहीं सजा के विंदु पर 18 फरवरी को सुनवाई होगी।

## करंट लगने से युवक की मौत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित खरखार पंचायत के पहाड़पुर होटल में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान 38 वर्षीय प्रदीप यादव पिता गणेश यादव ग्राम खरखार, थाना नवलशाही निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रदीप यादव रोज की तरह शुक्रवार को होटल खोलकर साफ-सफाई कर रहा था। इसी दौरान करंट लग गया और निचे गिर गया। जिसके बाद पड़ोस के वेल्डिंग दुकान के संचालक उमेश मेहता किसी काम से प्रदीप यादव का होटल गया जहां देखा कि प्रदीप यादव निचे गिरा हुआ है। जिसके बाद हो-हल्ला किया गया। उसके बाद आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हुवे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर नवलशाही पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल के उज्ज्वल ने किया शानदार प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह के छात्र उज्ज्वल कुमार ने जेईई मेन्स परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 9537 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर जिले में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है। वहीं अपनी सफलता पर उज्ज्वल ने कहा, मेरी मेहनत और मेरे माता-पिता, गुरुजन और मित्रों के सहयोग से यह संभव हुआ है। उन्होंने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया और सही दिशा में मार्गदर्शन किया। वहीं शिक्षकों ने उज्ज्वल की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। वहीं निदेशक ने कहा उज्ज्वल की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हम उम्मीद करते हैं कि वह आगे भी इसी तरह उत्ष्ट प्रदर्शन करेगा और देश का नाम रोशन करेगा। उज्ज्वल की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। यह साबित करता है कि अगर सच्ची लगन और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने उज्ज्वल को सम्मानित करने की घोषणा की और अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी।

## करमा में जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया पुलिस ने थाना क्षेत्र के करमा में अवैध रूप से जुआ खेलने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन मोबाइल, 8530 रुपये नकद बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मो नसीम बाराटोला, संजय कुमार बाराटोला, मो रफीक करमा व मो रहमतुल्ला छतरबर शामिल है। जानकारी के अनुसार एसपी अनुदीप सिंह को सूचना मिली थी कि तिलैया थाना क्षेत्र के करमा स्थित जेम्स स्कूल के बगल वाली गली में कुछ लोग जमा होकर जुआ खेल रहे हैं, इसके बाद तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में वहां छापेमारी की गयी।

## असहाय गरीब महिला का घर जलकर राख, प्रशासन से मदद की गुहार

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बारियातू पंचायत अंतर्गत उमाढाँकि गांव में गुरुवार को एक असहाय महिला यशोदा देवी (पति - बालेशर गंझु) का खपरैल मकान आग लगने से पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस आग में उनका घर, 5 क्विंटल धान, खाने-पीने का सामान और पशुओं का चारा (बिचाली) भी जलकर नष्ट हो गया। घटना के समय यशोदा देवी अपने पति और बच्चों के साथ खेत में काम कर रही थीं। अचानक घर में आग लगने की खबर मिली तो परिवार के लोग भागकर पहुंचे, लेकिन तब तक पूरा घर जल चुका था। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, मगर आग इतनी तेज थी कि कुछ भी बचाया नहीं जा सका। उन्होंने प्रखंड और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सहायता देने की अपील की है, ताकि उनके परिवार को इस मुश्किल समय में राहत मिल सके।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन, सेवानिवृत शिक्षक को दी गयी विदाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षक जयप्रकाश सिंह को विदाई दी गई। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने उनके कार्यकाल की सराहना की और कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के विकास में उनका विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते। सेवानिवृति मात्र एक प्रक्रिया है जिससे सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मियों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने शल ओढ़ाकर उपहार दिया। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने उन्हें स्मार पत्र सौंपा और सर्टिफिकेट दिया। उन्होंने भी उनके कार्यकाल की सराहना की। कर्डिनेटर शगुफ्ता परवीन ने प्रशंसा पत्र को पढ़कर सुनाया। मौके पर संजय तिवारी, रजनी बाला, विनय कुमार ने भी अपने विचार को रखा। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक मनोज पांडेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों के द्वारा भी जयप्रकाश सिंह को उपहार दिए गए। इस मौके पर उप निदेशक विनोद कुमार, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, रमेश कुंज, राकेश पांडेय, विक्रम कुमार, शंकर कुमार, आशुतोष गौतम, किशोर कुणाल, चंदन पांडेय, राहुल कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, रेणु सेठ, सुनील पाठक, संजय कुमार, विशाल आनंद, सीमा जैन, सरोज पांडेय, कामिनी सहाय, राहुल कुमार, मनोज सिंह, अनुष्का शर्मा, स्वीटी सिन्हा, रूबी वर्मा, रंजीता कुमारी, रणजीत सिंह, टिंकू कुमार, भोला कुमार, सपना शर्मा, पवन ठाकुर, प्रियंका गुप्ता, लता सिन्हा, सुजीत प्रताप, सुमित साव, शाहिद आलम सहित स्कूल के अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

एक नजर में

## उपायुक्त के नेतृत्व में ऐतिहासिक होगा राजकीय इटखोरी महोत्सव: जिप उपाध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** आगामी 19, 20, और 21 फरवरी को राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। ज़िला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शुक्रवार को भद्रकाली मंदिर पहुंचे। उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों के साथ खुद सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।इस दौरान ज़िला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि यह महोत्सव इस बार और भी भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त रमेश घोलप के नेतृत्व में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप लेगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि एसपी विकास कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा, ताकि दर्शकों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी बिरजू तिवारी ने कहा कि इटखोरी महोत्सव न सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने का अवसर है, बल्कि यह क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान सुरेश सिंह, शक्ति सिंह, राहुल सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों का एसडीओ ने लिया जायजा



**खबर मन्त्र संवादाता**

**इटखोरी।** आगामी तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। महोत्सव को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य जरूरी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। एसडीओ चतरा जहूर आलम ने कहा कि महोत्सव को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने आयोजन समिति को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं ताकि महोत्सव का आयोजन सुचारू रूप से हो सके। निरीक्षण के दौरान डीएसपी अमिता लकड़ा, सीओ सविता सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हंटरगंज में निमार्णाधीन मंदिर में तोड़फोड़, ग्रामीणों में आक्रोश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के बिहिया गांव में एक निमार्णाधीन मंदिर में तोड़फोड़ की घटना से तनाव फैल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मंदिर में तोड़फोड़ की और वहां लगे 11 झंडे भी उखाड़ दिए। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मंदिर के पास प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार बिहिया और भोजपुर गांव के सीमांत पर छठ घाट तालाब के पास ग्रामीणों ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की थी, जहां वे लंबे समय से पूजा-अर्चना कर रहे थे। शुक्रवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया और मंदिर के झंडे उखाड़ दिए। जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली, तो वे आक्रोशित हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में सैकड़ों ग्रामीण थाने पहुंचे और दोषियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।स्थानीय निवासी शंकर यादव का कहना है कि मंदिर जिस जमीन पर बनाया जा रहा है, वह विवादित है और 2021 से इस पर न्यायालय में मामला लंबित है। उन्होंने दावा किया कि इस भूमि के सभी दस्तावेज उनके पास हैं और पहले भी फसल को नुकसान पहुंचाया गया था।

**पुलिस कर रही मामले की जांच :** इस घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस सतर्क है और मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और कोई बड़ी घटना न हो।

## हस्तशिल्प सेवा केंद्र द्वारा एक दिवसीय चौपाल का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** बारीसाखी पंचायत भवन में शुक्रवार को हस्तशिल्प सेवा केंद्र, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार (रांची) के तत्वावधान में एक दिवसीय चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती ने किया, जबकि पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा में आयोजित वीर बुधु भगत जयंती समारोह ऐतिहासिक होगा: आलोक

**लोहरदगा।** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती के अवसर पर 17 फरवरी को मैंना बगीचा लोहरदगा में भव्य जतरा सह विकास मेला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सांसद के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू कुड़ू प्रखंड के अंतर्गत सलगी पंचायत के ग्राम रोचो, सलगी, महुआ टोली, छाप्पर टोली,धौरा के ग्रामीणों एवं युवाओं से मिलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में जतरा में आने की अपील की। श्री साहू ने कहा कि अमर शहीद वीर बुधु भगत एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। 2006 में लोहरदगा के तत्कालीन विधायक सुखदेव भगत ने मैंना बगीचा में वीर बुद्ध भगत की प्रतिमा स्थापित कर जतरा लगाने की परंपरा की शुरूआत किए थे ।इस कार्यक्रम में एक ओर आदिवासी संस्कृति की झलक मिलेगी तो दूसरी ओर विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी लोगों को मिलेगी ।इस जतरा में जितने भी खोड़हा दल आएंगे उन्हें प्रतीक चिन्ह के रूप में झंडा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह हैं। दौरा में कुणाल अभिषेक, मुकेश उरांव, करमा उरांव , करमचंदभगत, बसुआ उरांव, मोहन भगत, दिगंबर उरांव, रामदयाल उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता : शशिधर

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ पितृ दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया ।प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद एवं अभिभावक स्वरूप शिखा घोषाल ने संयुक्त रूप से ऊं ,मां भारती एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश एवं भूमिका नीलिमा सिंह ने दिया साथ ही उन्होंने कहा कि माता-पिता सूर्य की तरह हैं जिनके बिना जीवन अंधकारमय है। माता-पिता के चरणों में चारों धाम हैं। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने मातृ -पितृ दिवस की विशेषता को बताते हुए कहा कि माता-पिता ही तीर्थ व्रत है ,इनसे बड़ा कोई तीर्थ नहीं । जिसने करली इनकी सेवा, भवसागर से पार है। पूजन का कार्यक्रम आचार्या जया मिश्रा के द्वारा कराया गया।भैया- बहनों ने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त किया। कक्षा सप्तम ,अष्टम की बहनों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता का पूजन करने से सभी तीर्थ की यात्रा करने का फल मिलता है। माता-पिता का सम्मान करके जीवन में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है और उनका आशीर्वाद मिलता है। संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने माता-पिता को संबोधित करते हुए एकल गीत प्रस्तुत की। अध्यक्षीय भाषण में शशिधर अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है ।जिसे विश्व भर की सभी संस्कृतियों की जननी माना जाता है। भारतीय संस्कृति हमेशा से विशेष रही है। मनुष्य के जीवन में माता-पिता का स्थान महत्वपूर्ण होता है। माता पिता प्रेरणा ,सहायता ,मार्गदर्शन का स्रोत होते हैं माता-पिता। माता-पिता अपने बच्चों से निस्वार्थ भाव से प्रेम करते हैं। मातृ -पितृ दिवस में आए अभिभावकों को हनुमान चालीसा पुस्तक भेंट की गई । मंच संचालन प्रोन्नति यादव ने किया ।धन्यवाद ज्ञापन मधुमिता शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य -आचार्या एवं कर्मचारीयों ने सहयोग किया ।शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### अवैध चिप्स परिवहन करते पकड़ा गया हाईवा,सदर थाना में मामला दर्ज

लोहरदगा। सदर थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक मोड़ के निकट अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन विभाग ने एक हाईवा वाहन को जब्त कर लिया। जप्त वाहन अवैध रूप से चिप्स (क्रशर से निकला पत्थर) का परिवहन कर रहा था। विभागीय अधिकारियों ने जांच के दौरान वाहन को रोका और कागजात की मांग की, तो चालक पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए खनन निरीक्षक ने हाईवा को जब्त कर सदर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करा दिया। डीएमओ राजाराम प्रसाद के निर्देश पर खनन निरीक्षक ने इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है ।पुलिस मामले की जांच कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया है। खनन विभाग द्वारा लगातार अवैध खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने से इस अवैध धंधे में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने इस संदर्भ में कहा कि, यह कार्रवाई खनिज अधिनियम के तहत की गई है। विभाग लगातार अभियान चला रहा है। जिससे, अवैध कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। ताबड़तोड़ कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन और खनन विभाग की यह मुहिम जारी रहेगी, ताकि खनिज संसाधनों की चोरी और गैर-कानूनी कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि, जिले में अवैध खनन और परिवहन को नियंत्रित करने को लेकर विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।

# गुमला शहर को चारों ओर से घेरे नदियों का अस्तित्व को लेकर कर रही है जदोजहद

## शहरी क्षेत्र में भूगर्भीय जलस्त्रोत को स्थिर रखने में नदियां निभा रही थी अहम भूमिका

### नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने व सीमांकन का कार्य भी रहा गया अधूरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर को चारों ओर से घेरे नदियों के सौर्दयीकरण का कार्य अधर में लट चुका है। पूर्व में नदियों पर हुए अतिक्रमण को दूर करने व उसके सीमांकन का कार्य गुमला नगर परिषद व अंचल कार्यालय के द्वारा किया गया था। परंतु यह कार्य भी अधूरा रह गया। गुमला शहर के चारों दिशाओं में नदियां बहती है जो आज अतिक्रमण के कारण नाले का रूप ले चुकी है या फिर अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिए जदोजहद कर रही है। ये नदियां शहर में पानी के सबसे अच्छे स्त्रोत हैं जो भूमिगत जलस्त्रोत को स्थिर बनाये रखने में अहम योगदान कर रही है। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में अंधे हो चुके लोग नदियों का अतिक्रमण कर उसे संकुचित बना दिये हैं। लोग अपने हिसाब से जहां-जहां नदियों का अतिक्रमण कर उसे समाप्त करने में जुटे हैं। ये नदियां शहर के लिए आदिकाल से जीवनदायनी रही है। इनके अगल-बगल में बस्तियां बसी और लोगों के जीवन का सहारा नदियां बनी थी।

क्योंकि गुमला कृषि प्रधान जिला है। यहां के लोग खेती बारी कर ही अपनी जीविका चलाते थे। कभी इन नदियों के अगल-बगल के खेतों में जमकर धान सहित सब्जी की खेती होती थी। लेकिन धीरे-धीरे नदियों के अस्तित्व के साथ खेती भी खत्म होती गयी। क्योंकि सिंचाई के लिए नदियों में पानी ही नहीं रहता है। इन नदियों का जीर्णोद्वार कर इन्हें जीवन उपयोगी बनाया जा सकता है। साथ ही भू गर्भीय जल के गिरते स्तर में सुधार लाया जा सकता है।

वहीं नदियों के अस्तित्व को बचाकर गुमला को एक सुंदर शहर के रूप में विकसित करने की परिकल्पना को भी साकार किया जा सकता है। क्योंकि कोई भी ऐसा जिला नहीं है जिसके शहरी इलाकों के चारों ओर नदियां बहती है।



पालकोट रोड स्थित पुगु नदी का हाल

# या रब हमारे गुनाहों को माफ करना, मेरी तौबा कुबूल कर...

## शबे बरात पर रात भर जाग कर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने की इबादत

खबर मन्त्र संवाददाता




घाटो बगीचा गुमला में सजाया गया कब्रिस्तान

**गुमला।** या रब हमारे गुनाहों को माफ कर दे, मेरी तौबा कुबूल फरमा, मेरी इबादतों को अपनी रहमत में जगह दे। शबे बरात की रात कुछ इस तरह की दुआओं के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इबादत की। शहर के जामा मस्जिद, गौसिया मोती मस्जिद, मस्जिद कादरिया, मस्जिद गौसुलवरा, मस्जिद रजा ए हबीब, मस्जिद फैजान ए रजा, मक्का मस्जिद, मदीने मस्जिद, मस्जिद होदा और जैनब मस्जिद में रात भर इबादतों का सिलसिला चलता रहा। मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ रात भर मस्जिदों में लगी रही। मस्जिद में रोशनी की अच्छी व्यवस्था की गई थी। जामा मस्जिद साहित अन्य कई मस्जिदों को आकर्षक तरीके से सजाया भी गया था। विशेष रूप से थाना रोड और बाजार टांड स्थित कुछ गलियों को आकर्षक कुमकुमों के साथ प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने फर्ज, सुन्नत के बाद विशेष कर नफिल नमाजें अदा कीं। नफिल नमाजों के साथ-साथ कई मस्जिदों में तकरीरों का भी इंतजाम किया गया था। परवरदिगार के जिक्र के साथ-साथ हजरत मोहम्मद पर दरूद ओ सलाम का नजराना भी पेश किया गया। गुमला कब्रिस्तान में भी रोशनी की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी। रात भर लोग अपने पूर्वजों के कबरों के निकट जाकर फातिहा पढ़ते नजर आए। उन्होंने पूर्वजों के बख्शीश के लिए अल्लाह से दुआएं की। शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में शब ए बरात का त्यौहार संपन्न हुआ। शुक्रवार के दिन लोगों ने उपवास किया।

### पुलिस ने एक युवक का शव किया बरामद



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के काड़ासिल्ली गांव से घाघरा पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के कुरूमगढ़ निवासी विश्राम लोहरा का शव बरामद किया। शव के चेहरे और गले पर जख्म के निशान हैं। जिससे यह प्रतीत हो रहा है की गला घोटकर और सिर चेहरे पर वार कर उसकी हत्या की गई है। घाघरा पुलिस ने बताया कि गुरुवार की शाम ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि गांव के मुख्य पथ से लगभग 700 मीटर की दूर खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस देर शाम शव को कब्जे में लेकर घाघरा थाना लाई। वहीं आज शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## खबर एक नजर में

### कांग्रेस नेता से घाघरा निवासी ने अपनी बच्चियों की पढ़ाई हेतु मदद की अपील की

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष से घाघरा गांव चड़िया गांव निवासी बसंत कुमार साहू मिले और अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उसके परिवार की बच्चियाँ पढ़ना लिखना चाहती है और पढ़ लिख कर अपने परिवार एवं गांव जिला और राज्य का नाम रोशन करना चाहती है। परंतु पढ़ाई लिखाई करने में बहुत सारी समस्या उत्पन्न हो रही है। पैसों की बहुत दिक्कत है, इस कारण बच्चियाँ पढ़ नहीं पा रही है। बच्चियों का 5 क्लास तक पढ़ाई अपने गांव के स्कूल में हो चुकी है। अब आगे बच्चियाँ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा में नामांकन 6 क्लास में करवाकर पढ़ाई लिखाई करना चाहती है। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो. मुख्तार आलम ने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगपति, नेता और अभिनेता के बच्चे अच्छे-अच्छे स्कूल में पढ़ाई करते हैं और गरीब घर के बच्चे और बच्चियाँ पैसों के तंगी होने के कारण पढ़ नहीं पाते हैं। परंतु गरीबी से जूझ रहे बच्चों और बच्चियों को पढ़ने लिखने के लिए मदद करेंगे। ताकि पढ़ने में कोई भी गरीब परिवार का बच्चा वंचित ना रह जाए। बच्चियों का नामांकन करवाने हेतु गुमला जिला प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा के वार्डेन से बात करूंगा और जल्द से जल्द इन बच्चों का नामांकन करवाऊंगा।

### झारखंड नवनिर्माण दल का गुमला में चेतावनी मार्च पांच मार्च को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल जिला इकाई गुमला द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं को लेकर तथा सहारा इंडिया सहित सभी ननबैंकिंग कंपनी में गुमला जिला व राज्य के लोगों का मेहनत के जमा पैसे शुद्ध समेत जल्द भुगतान की मांग को लेकर 5 मार्च 2025 को जिला मुख्यालय गुमला में जिला स्तरीय चेतावनी मार्च निकालेगी। चेतावनी मार्च के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा प्रस्तावित मांगों पर झारखंड सरकार द्वारा बजट सत्र के दौरान त्वरित कार्रवाई के लिए गुमला उपायुक्त के जरिए माननीय मुख्यमंत्री को मांग-पत्र भेजी जाएगी । कार्यक्रम की सफलता के लिए जिले के सभी 12 प्रखंडों में तैयारी शुरू कर दी गई है । वहीं बजट सत्र के दौरान 19 मार्च 2025 को राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत रांची में आयोजित विधानसभा मार्च की तैयारी भी साथ-साथ की जा रही है ।

### नौसेना प्रमुख ने डीएवी स्कूल के बच्चों द्वारा भेजे गये ग्रीटिंगस कार्ड के बदले भेजे मोमेंटो




नौसेना प्रमुख द्वारा भेजे गये मोमेंटो के साथ प्रधानाचार्य व शिक्षक

**गुमला।** स्केचपेंट एक्सप्रेस फार इंडिया के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सेना को नववर्ष ग्रीटिंग काड्र्स भेजे थे। लगभग 600 कार्ड सेना की विविध इकाइयों को भेजे गए थे। यह गर्व की बात है कि डीएवी गुमला के छात्रों द्वारा बनाए गए नए साल के ग्रीटिंग कार्ड भेजने के लिए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने विद्यालय को काफी सुंदर मोमेंटो भेजकर बच्चों के प्रति अपना प्रेम अभिव्यक्त किया। विद्यालय को नौसेना प्रमुख के स्टाफ ऑफिसर कैप्टन अश्विनी कुमार हंस और आईएनएस वज्रबाहु के कैप्टन विवेक शर्मा से प्रशंसा पत्र भी प्राप्त हुए। इस सम्मान से आह्लादित प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने शिक्षक श्री पार्थ प्रतिम मैती, श्री अभिजीत झा, श्रीमती संजुक्ता खटुआ, श्री मिथिलेश कुमार दुबे समेत सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की एक्टिविटीज का उद्देश्य विद्यार्थियों के कलात्मक और गुणात्मक विकास के साथ उनके अंदर राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना जागृत कर करना है।

### मारपीट के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सेन्हा-लोहरदगा ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठियो गांव में बीते वर्ष मारपीट की घटना हुई थी। जिस मामले में फरार चल आरोपियों को सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार पर एएसआई असरफी बहेलिया द्वारा गिरफ़्तार कर तीनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### पत्नी को धमकी देने वाला शख्स हथियार के साथ गिरफ्तार

**कैरो।** थाना क्षेत्र के ख्वास अंबवा गांव से बगडू थाना क्षेत्र के चरहु गांव निवासी ईदुल खान के पुत्र किताबुल खान को पुलिस द्वारा देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया । आरोपित को कैरो थाना पुलिस ने कांड संख्या 8/25 शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-b)/26 के तहत जेल भेज दिया गया। आरोपित को ख्वास अंबवा गांव स्थित अपने ससुराल में आशिक अंसारी के घर से गिरफ्तार किया गया था। जिसपर कार्रवाई करते हुए कैरो थाना पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया।

### ग्राम जूरिया में लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**लोहरदगा।** बीते दिनों लोहरदगा प्रखंड के ग्राम जूरिया में ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण बिजली बाधित थी। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय में लिखित आवेदन के साथ किया था। जिसपर त्वरित करवाई करते विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के प्रयास से विधायक प्रतिनिधि ने तत्काल ट्रांसफार्मर लगवाया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक के कार्य की सराहना की और कहा कि बिजली बाधित होने से मैट्रिक इंटर के परीक्षार्थी को काफी परेशानी होती एवं त्योहार मनाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता परंतु विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने तत्परता से हमारी समस्या का समाधान किया एवं उनके प्रयास से पुराने तारों को हटवाकर नया तार लगवाया जा रहा है जिससे आमजन सुरक्षित महसूस कर रहे है।

# जिले में कल से प्रारंभ होगा गुमला लिटरेचर फेस्टिवल

## तीन दिनों के इस आयोजन का जायजा लेने पहुंचे उपायुक्त



लिटरेचर फस्टिवल को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में आयोजित होने वाले द्वितीय गुमला लिटरेचर फेस्टिवल को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। यह बहुप्रतीक्षित साहित्यिक महोत्सव 15 फरवरी 2025 को अपराह्न 4:00 बजे से प्रारंभ होगा तथा 16 एवं 17 फरवरी को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर देशभर के ख्यातिलब्ध लेखक, कवि, साहित्यकार, कथाकार एवं रचनाकार अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उक्त त्रिदिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पहुंचे। जहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने गेस्ट्स के आगमन हेतु वाहन व्यवस्था, लाइजनिंग ऑफिसर्स की जिम्मेदारी, स्टेज एवं साउंड मैनेजमेंट, लाइव स्ट्रीमिंग, सिक्योरिटी, ट्रैफिक प्रबंधन, रजिस्ट्रेशन डेस्क, फूड काउंटर सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न प्रकाशकों एवं लेखकों की पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, नागरिकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, गुमला हाट एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण उत्पादों की प्रदर्शनी तथा लाइव शो का भी आयोजन किया जाएगा। पूरे आयोजन स्थल की भव्य सजावट की जा रही है, जिससे आगंतुकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं।

यह निःशुल्क कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए खुला रहेगा, जिसमें टॉक शो, ओपन माइक सहित कई साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक क्थ्ऽ, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, ऊछफ गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम सीडीपीओ गुमला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आजादी के इतने लंबे दशक के बाद भी जिले के कई गांव में आने-जाने का सड़क नहीं है

## पगडंडी या उबड़-खाबड़ रास्ते से ग्रामीण आते जाते हैं गांव, बीमार पड़ने पर मरीज को खटिया पर लादकर लाते हैं मुख्य सड़क तक

### चुनावों में उठता रहा है सड़क को लेकर वोट बहिष्कार का मामला, क्षेत्र के ग्रामीणों को विकास का अब भी है इंतजार

खबर मन्त्र संवाददाता



कई गांव में जाने के हैं ऐसे रास्ते

**गुमला।** आजादी के इतने लंबे दशक के बाद भी गुमला जिला के कई गांवों में आज तक आने-जाने के लिए एक अदद बेहतर सड़क भी नसीब नहीं है। ग्रामीण पगडंडियों व उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर गांव आते-जाते हैं। जिसे इन गांवों का और यहां के ग्रामीणों का विकास अवरूद्ध हो गया है। देश को विश्व की तीसरी सबसे तेज अर्थव्यवस्था में पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन गुमला जिले के लोग तेज से विकसित देश में फटेहाल जीवन यापन को मजबूर हैं। बात केवल सड़क की नहीं है कई गांवों के लोग आज भी बिजली जैसे महत्वपूर्ण चीज से दूर हैं। यहां के लोग आज भी ढिबरी युग में जीवन यापन को मजबूर हैं। गुमला एक पिछड़ा और आदिवासी बहुल जिला है। जहां का कायाकल्प कागजों में अधिक व धरातल पर कम दिखलाई पड़ता है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी कई गांवों के विकास में बाधक बनी हुई है। क्योंकि जनप्रतिनिधि गांवों के विकास को लेकर कोई विशेष खाका तैयार करने में कामयाब साबित नहीं हो पाये हैं। यही कारण है कि जब भी चुनाव का दौर आता है ग्रामीण क्षेत्र के लोग वोट बहिष्कार की चुनौती देने लगते हैं और किसी तरह उन्हें मना कर वोट डलवा दिया जाता है। परंतु उसके बाद गांव की स्थिति जस के तस रह जाती है। रायडीह प्रखंड के ऐसे कई गांव हैं जहां आज भी बेहतर सड़क के लिए लोग तरस रहे हैं। जिसमें रायडीह प्रखंड के उपरखटंगा से लालमाटी होते हुए सोकराहातु तक सड़क नहीं है। यहां के ग्रामीण कई किलो मीटर पैदल चलने के बाद मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। बीमार पड़ने पर खटिया पर लादकर लोगों को लाते हैं। इसी तरह टुडुरूमा से चैरोटोली होते हुए हेसाग तक सड़क नहीं है, कांसीर से नीच डुमरी तक भी सड़क नहीं है। वहीं प्रखंड के लुरू से लुमकोना तक जाने के लिए सड़क पर पुल नहीं है। ऐसे कई गांव हैं जहां आज भी लोग सड़क का इंतजार कर रहे हैं। अपना दुख दर्द भी बयां कर चुके हैं। फाइलों में गांव का नाम भी दर्ज हैं लेकिन सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं बन पाया है।

### रायडीह प्रखंड के कई गांव के लोग आज भी ढिबरी युग में कर रहे हैं जीवन यापन

रायडीह प्रखंड के कई ऐसे गांव है जहां आज भी लोग प्राचीन युग में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। क्योंकि गांव में बिजली रानी नहीं पहुंच पायी है। बिजली की रोशनी देखने के लिए कई गांवों के लोगों की आंखें पत्थरा गयी है। कई बार आवेदन भी बिजली विभाग व जिला प्रशासन को दे चुके हैं। जिले में राजीवग गांधी विद्युतीकरण योजना चलाये जाने के बाद भी कई गांव बिजली से अछूते रह गये। प्रखंड के नाचल, जरजट्टा, बधिम लोंगरा, बुचुघाट, गढ़टोली, बुधरूदरा, वासुदेव कोना, पकड़ी कोना, उपरखटंगा, लालमाटी, कोबिटोली, दीपाटोली, चिरगांव व नीच खटंगा गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंच पायी है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



साकची गोलचक्कर के बगल में टाटा स्टील की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा लगायी गई है। मुख्य चौराहे के पास यह प्रतिमा शहरवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है, और स्वाधीनता आंदोलन की याद दिलाती है।

# विलुप्त संस्कार को बचाये रखने के लिए भागवत कथा का आयोजन बेहद आवश्यक : चंपई सोरेन

- पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पोटका के मुहुलडिहा में चल रहे भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पोटका/जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड अंतर्गत मुहुलडिहा गांव में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कि कथा में महाराजा श्याम सुंदर चक्रवर्ती ने गोकर्ण बंधुकारी की कथा में भगवान शिव के पुत्र गोकर्ण को उनके पिता ने एक वरदान दिया था जो भी उसकी पूजा करेगा उसे मोक्ष प्राप्त होगा। भागवत के मंगलाचरण, भागवत की रचना कैसे हुई, सुखदेव गोस्वामी का पवित्र जीवन, परीक्षित महाराज को ब्रह्मोशाप प्राप्ति आदि विषयों पर भक्त मंडली से रूबरू होते हुए बताया कि रामायण एवं महाभारत की कथा हमें जीवित रहने को सिखाती है मगर भागवत कथा हमें मरने को सिखाती है कहने का तात्पर्य ये हुआ कि हमें इस माया के संसार में कैसे जीवन जीना होगा ताकि मोक्ष की प्राप्ति हो भागवत हमें यही शिक्षा देती है।

भागवत पिट पर आज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व विधायक श्रीमती मेनका सरदार, हल्दीपोखर पूर्वी के मुखिया देवी भूमिज, भाजपा नेता गणेश सरदार, चंद्रशेखर गुप्ता ,पाल्टू मंडल, गुना प्रसाद महतो आदि भागवत प्रेमी महानुभावों ने माथा टेका। पूर्व मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा विलुप्त संस्कार को बचाने के लिए भागवत कथा का आयोजन अति आवश्यक है।

कथा स्थल में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई पूरा पंडाल भक्त मंडली से भरा हुआ था।

कथा में सभी भक्त मंडलियों को सुचारू रूप से बैठने एवं समुचित व्यवस्था करने के लिए गांव के वॉलिंटियर्स श्रीकांत मंडल, सजल मंडल, सुमन मंडल वाणिज्य गोप, दुलाल मंडल, विधान मंडल, बिल्टू मंडल, अचिंत मंडल, स्नेहा मंडल, माधवी मंडल, अमृता खंडवाला वर्षा मंडल, सरस्वती मंडल, आदि की मुख्य भूमिका रही।



भागवत कथा के दौरान श्रोताओं को संबोधित करते पूर्व सीएम चंपई सोरेन।

## स्पीड न्यूज



### बेनाशोल पंचायत भवन में रक्तदान शिविर कल

**जमशेदपुर।** शहीद दिलीप बेसरा स्मारक समिति, बेनाशोल और नयी जिंदगी परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में 16 फरवरी को मुसाबनी प्रखंड के बेनाशोल पंचायत भवन में लगातार तीसरी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में कारगिल शहीद दिलीप बेसरा की 43वीं जन्म जयंती समारोह पर पंचायत निवासी अपने वीर सपूत के लिए रक्तदान कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सौजन्य से रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर 76 बार के रक्तदाता राजेश मार्डी रक्तदान शिविर की तैयारी हेतु बेनाशोल गांव पहुंचे थे। उन्होंने शहीद दिलीप बेसरा की जयंती पर बेनाशोल फुटबॉल मैदान में चल रहे फुटबॉल लीग का भी आनंद उठाया। मौके पर सिंगराई बेसरा, मुखिया सुकुरमुनी हेंब्रम, गौरंग माहली, उपमुखिया पिंटू दास, भाई नारायण बेसरा, प्रशांत कुमार हांसदा, चांदू राम टुडू, सोमनाथ हांसदा आदि थे।

### सड़क हादसे के बाद विवाद में मारपीट

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थानांतर्गत गम्हरिया दुगार्पूजा मैदान के समीप टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर एक सड़क हादसे के बाद हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। इस मारपीट में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ऑटो चालक पिंटू स्वर्णकार को स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो चालक पिंटू स्वर्णकार दुगार्पूजा मैदान के समीप सामने से आ रही एक कार को पास देने के लिए अपनी ऑटो को दाहिनी ओर मोड़ रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक चालक अनियंत्रित हो गया और उस पर सवार एक युवक गिर गया। इससे गुस्साये बाइक सवार ने ऑटो चालक को ऑटो से खींचकर बुरी तरह पिटाई कर दी जिससे उसका दाहिना हाथ टूट गया।

### मदरसा दारुस सलाम का जश्न-ए-हिफ्ज संपन्न

**जमशेदपुर।** आजादनगर क्षेत्र का प्राचीन मदरसा दारुस सलाम का 46 वां वार्षिक समारोह जशने दस्तार हिफ्ज व किरात का आयोजन संस्था के अध्यक्ष डॉ. नूरजमां खान की अध्यक्षता में किया गया जिस में 21 हाफिज व कारी की दस्तार बन्दी की गई एवं उन्हें सनद दे कर सम्मानित किया गया। मदरसा के सचिव मतलूब अनवर खान की सरपरस्ती में आयोजित इस समारोह का आगाज हाफिज मो जाफर के कुरान के पाठ से हुआ।

### असहायों में जालिम ने किया 30 कंबल वितरण

**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड कार्यालय की लेटलतीफी से प्रखंड क्षेत्र के डोमजूडी पंचायत में देर से कंबल बांटा गया। कंबल पाते ही पंसस जालिम मार्डी व वार्डमेंबर सुरु बाली सोरेन ने बाड़ेघुटू व डुगरीडीह में दिव्यांग हचाई बास्के समेत 30 असहायों में कंबल का वितरण किया।

# बाप-बेटी की सड़क दुर्घटना में मौत से आहत अमरेश बैठे अनशन पर

- कहा, जेम्को चौक से अन्ना चौक तक बदहाल सड़क बनी जानलेवा, अनशन
- अनशन पर बैठे अमरेश कुमार जूस पिलाकर सरयू राय ने अनशन तुड़वाया
- विधायक ने कहा, शनिवार को एसडीओ से करेंगे बात सरयू



अनशन स्थल पर अमरेश कुमार से बात करते विधायक सरयू राय।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जेम्को चौक से अन्ना चौक तक सड़क जानलेवा बन गई है। सड़क की बदहाली के चलते हर दिन कोई न कोई दुर्घटना हो रही है। दो दिन पूर्व ही सड़क पर देर रात एक डंफर ने स्कूटी से स्टेशन से आ रहे बाप-बेटी और बेटे को रौंद दिया। बाप बेटी की मौत हो गई जबकि बेटे का एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना से आहत होकर समाजसेवी अमरेश कुमार अनशन पर बैठ गए हैं कि सड़क को जल्द से जल्द टाटा मोटर्स, नुवोको, टाटा पावर, स्टील स्ट्रीप व्हील आदि कंपनियां मिल कर बनवायें ताकि यह सड़क और लोगों के लिए काल साबित न हो। इतना ही नहीं यहां ट्राफिक व्यवस्था बेहतर किया जाए ताकि कंपनियों के लिए माल लेकर आने वाले वाहनों की कतार सड़क के दोनों ओर नहीं लगे।

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने अनशन पर बैठे अमरेश कुमार का अनशन तुड़वाया। उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि जिस कारण को लेकर वह अनशन कर रहे हैं, उस कारण के आलोक में उनकी उपायुक्त से बात हुई है। उपायुक्त ने इस संबंध में एसडीओ को जिम्मेदारी दी है। एसडीओ से कल सरयू राय मिलेंगे।

**क्या है मामला :** टेल्को थाना अंतर्गत जेम्को मछुआ बस्ती के पास बरिघोड़ा निवासी कृष्ण शर्मा (40) और उनकी बेटी अंजली शर्मा (19) की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई और उनका बेटा विक्की शर्मा (18) गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है।

इसी मुद्दे को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था व जनसमस्याओं को ठीक करने के लिए अमरेश कुमार गुरुवार से अनशन पर बैठे थे। शुक्रवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय अमरेश कुमार से मिले और उन्हें आश्वस्त किया कि ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए वह प्रशासन से बात करेंगे। सरयू राय ने कहा कि सड़कों से भारी वाहन हटाना ही समाधान है। शुक्रवार को ही श्री राय मृत परिवार के लोगों से मिले।

वहीं से उन्होंने एक वरीय पदाधिकारी को फोन किया और कहा कि परिवार बहुत गरीब है इनकी हरसंभव मदद करें।

परिजनों ने विधायक से मांग की कि विक्की शर्मा को बेहतर इलाज दिया जाए। श्री राय ने तुरंत एमजीएम अस्पताल के सुपरिटेंडेंट को फोन किया और विक्की शर्मा के इलाज पर ध्यान देने को कहा।

## एक नजर में

### शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुए सैनिक परिवार



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई ने पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए महाराणा प्रताप चौक साकची में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जमशेदपुर के लोकप्रिय सांसद विद्युतवरण महतो समाजसेवी नीरज सिंह सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार उपस्थित थे। सम्मानित अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराणा प्रताप एवं चेतक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। जिलाध्यक्ष बृज किशोर सिंह एवं सुशील कुमार सिंह ने माननीय सांसद को राजीव रंजन एवं दिनेश सिंह ने समाजसेवी नीरज सिंह को एवं संजय पाठक एवं वरुण कुमार ने सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष बृज किशोर सिंह एवं सुशील सिंह ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के कायराना हमला की निंदा एवं भारतीय सेना की वीरता साहस और बलिदान की सराहना करते हुवे कहा कि जब तक देश की सरहदों पर सेना और देश के अंदर देशभक्त रहेंगे भारत माता का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। कार्यक्रम में हरेन्दू शर्मा, सतनाम सिंह, जे पी कर्ण, अशोक श्रीवास्तव, रमेश राय, डी एस तिवारी, चंदन कुमार, तारकेश्वर नाथ, उपेंद्र प्रसाद सिंह, हरीश प्रमोद कुनार, विनय श्रीवास्तव, ए रमेश आदि थे।

### ह्यूमन वेलफेयर के सहायता शिविर में आये सिटी एसपी



**जमशेदपुर।** मुस्लिम समाज के त्यौहार शब ए बारात के अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं शांति समिति के संयुक्त सहयोग से ओल्ड पुरुलिया रोड सासा इन के सामने एक सहायता शिविर लगाया गया। इस शिविर में जमशेदपुर के सिटी एसपी आईपीसी कुमार शिवाशीष, आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार और सीतागोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान उपस्थित हुए। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने ह्यूमन वेलफेयर के द्वारा लगाए गए सहायता शिविर को देख कर काफी प्रशंसा की रोड नंबर 15 में कपाली एवं आस पास के काफी लोग जाकिरनगर कब्रिस्तान जाते है जिसे ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं शांति समिति के सदस्यों ने ट्रैफिक को कंट्रोल करने में काफी मदद की जिस कारण त्यौहार काफी अच्छा बीता। इस कार्यक्रम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, मतीनुल हक अंसारी, आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान, अफताब आलम, मोहम्मद इजाज अंसारी, आजादनगर थाना शांति समिति के सक्रिय सदस्य सैयद अलाम, एमजीएम अस्पताल के डॉक्टर जहांजेब खान, इरशाद खान, मास्टर सिद्दिक अली, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, ताहिर हुसैन जुटे थे।

## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन ने पुलवामा के शहीदों को किया नमन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आदित्यपुर के श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षणार्थियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की पुण्यतिथि पर गोलमुरी स्थित शहीद स्मारक में एक श्रद्धांजलि सभा की गयी। इसमें कॉलेज के प्रबंधन की सदस्या मौमिता महतो, प्रशिक्षुगण एवं सहायक प्राध्यापक सम्मिलित होकर देश के अमर वीरों को तथा उनके शहादत को नमन किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जमशेदपुर के सार्जेंट मेजर रानधो देवगम ने कहा कि हम सभी देशवासी अपने इन अमर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। हमारा देश सदैव ऐसे बलिदानियो का ऋणी रहेगा। प्राचार्या रचना रश्मि ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह श्रद्धांजलि सभा उन वीर सपूतों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का अवसर है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर ने पुलवामा के वीर शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् जमशेदपुर ने पुलवामा के वीर शहीदों को शहीद स्थल गोलमुरी में श्रद्धांजलि अर्पित की। आज ही के दिन 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया था,जिसमें 45 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। उस दिन के कायराना हमले के लिए पाकिस्तान की निंदा की गयी। सभी वीर शहीदों को जिन्होंने अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए उनके लिए पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सभी सदस्यों ने बारी-बारी श्रद्धासुमन अर्पित किए।देश न कभी झुका है और न झुकेगा, यह संकल्प सभी उपस्थित सदस्यों ने लिया। कार्यक्रम मे भारत माता की जय... भारतीय सेना जिन्दाबाद... वीर शहीद अमर रहे के नारे से वातावरण गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुरूआत वीर शहीदों के सम्मान में दीप जला एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुआ।



शहीदों को नमन करते लोग।

परिषद के अध्यक्ष विनय यादव ने कहा ने कि पुलवामा में हमारे सैनिकों की शहीदी व्यर्थ नहीं जानी चाहिए.उनकी शहीदी को देश हमेशा याद रखेगा। जब तक इस श्रंखला को रोका नहीं जाएगा तब तक उनकी शहीदी पूरी नहीं होगी. हमें इन्हे पहचान कर रोकने की जरुरत है।

## सड़क दुर्घटना के शिकार परिवार के घर पहुंचे विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा ने जेम्को रोड ऐक्सिडेंट में मृत कृष्णा शर्मा और उनकी बेटी अंजलि शर्मा के बारिगोडा के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और एम जी एम अस्पताल में जाकर विक्की शर्मा से मुलाकात कर आश्वासन और विश्वास दिलाया की जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज हमेशा पिडीत परिवार के साथ है। इलाजरत विक्की शर्मा के अस्पताल के खर्च को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज मदद करेगा। विक्की शर्मा को एम-जी एम अस्पताल में ओ पी डी में इलाजरत को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया था। सुचना पाकर जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा, महामंत्री सुजित शर्मा अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली डाक्टरों से मुलाकात कर बातचीत कर एडमिशन पर्ची बनवाया और कल विक्की शर्मा को वार्ड में शिफ्ट किया जायेगा डाक्टरों के आदेशानुसार।



एमजीएम अस्पताल जाकर सड़क दुर्घटना में बचे विक्की श्यार्मा से मिलते रामविलास शर्मा व सुजीत शर्मा।

## टाटा स्टील फाउंडेशन के दूसरे मोतियाबिंद शिविर का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जामाडोबा/ जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन ने शंकर नेत्रालय के सहयोग से मालकेरा कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया। वित्तीय वर्ष 2025 का यह पहला शिविर दो चरणों में आयोजित किया गया है–पहला चरण (स्क्रीनिंग) 10 से 13 फरवरी तक आयोजित हुआ, जबकि दूसरा चरण (शल्य चिकित्सा) 14 से 18 फरवरी 2025 के बीच आयोजित किया जायेगा। मालकेरा कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन किया गया। शत्रुघ्न महतो (बाघमारा विधायक) मुख्य अतिथि थे। शिविर के स्क्रीनिंग चरण में 770 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 250 मरीजों में शल्य चिकित्सा की जरूरत पायी गयी। इन सर्जरी का संचालन डॉ सुजॉय सरकार और डॉ आहाना सेन (शंकर नेत्रालय) 14 से 18 फरवरी के बीच करेंगे। मौके पर शत्रुघन महतो (बाघमारा विधायक), संजय राजोरिया (जनरल मैनेजर), नरेंद्र कुमार गुप्ता (चीफ, जामाडोबा ग्रुप), विकाश कुमार (चीफ, सिजुआ ग्रुप) आदि मौजूद थे।

### पटमदा : बिड़रा ग्राम विकास भवन की लाईब्रेरी को फिर से किया जायेगा चालू



**जमशेदपुर।** पटमदा प्रखंड के बिड़रा ग्राम सभा के तहत 14 फरवरी 2025 शुक्रवार को बिड़रा पंचायत अंतर्गत माचा मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित बैठक के दौरान सभा का सभापति ग्रामप्रधान विकाशचंद्र महतो ने किया। जिसमें जिला परिषद मद से बिड़रा ग्राम विकास भवन में पुस्तकालय के नाम पर लाखों की किताब, कंप्यूटर आदि सामग्री बंद पड़ा हुआ है उसको पुनः संचालन का फैसला लिया गया। पुस्तकालय संचालन कमेटी गठित की गयी। पर्यवेक्षक जिप सदस्य खगेन चंद्र महतो, विश्वनाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि खांदु सिंह सरदार, उपमुखिया गोपाल गोराई, पंसस निर्मल रजक उपस्थित था। सर्वसम्मति से चुने गये पदाधिकारियों में अध्यक्ष के पद पर बिजय महतो, सचिव बिप्लब महतो, कोषाध्यक्ष उत्तम रजक, सहसचिव राजू रुहिदास, सहकोषाध्यक्ष सूरज महतो, सदस्य के रूप में राजकुमार कैबर्त आदि को चुना गया। मौके पर बिड़रा पंचायत के ग्रामीण आदित्य महली आदि उपस्थित थे।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस पर अभिभावकों का पूजन कर बच्चों ने लिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** कांड्रा पंचायत के लाहकोठी में मातृ- पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता-पिता के स्वागत के साथ हुई। उसके पश्चात दीप प्रज्जवलन के साथ विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया जिसे सुन दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देख अभिभावको की आंखें भी नम हो गई। इस मौके पर नन्हे-मुन्हें बच्चों ने तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर अपने अभिभावकों का चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा विभिन्न प्रकार के गायन व नृत्य की प्रस्तुति भी की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी डॉ जोगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि संस्कार से युक्त शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षा है। आज सभी बच्चें प्रण लें कि हम अपने माता-पिता का हृदय से सम्मान करेंगे तथा अपने कार्यो द्वारा उन्हें गौरवान्वित करेंगे। मौके पर उपस्थित कांड्रा स्टेशन मास्टर एनके पांडेय और स्टेशन प्रबंधक सुकेश कुमार ने कहा कि आधुनिक भौतिकवाद युग में हम सनातन संस्कृति एवं उनके मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में माता पिता व अपने बड़ों के प्रति आदर एवं सम्मान की भावना को प्रकट करना है। इस आयोजन का लोगों ने काफी सराहना किया। इस मौके पर मुख्यरूप से शिक्षक कालीचरण महतो, हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक जगदुर्लभ महतो, शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह, गौरी प्रसाद, बंगाली गिरी, बृजेश मिश्रा, केएन सिंह, रामराज मिश्रा, डॉ0 मानव कुमार प्लाजा, ममता दास, जोबा दास, मनीषा देवी, सुनीता प्रमाणिक, प्रेमलता देवी, निशा कुमारी गुप्ता, क्रांति देवी, नीला मिश्रा, पूर्व उपमुखिया सुबोध सिंह समेत काफी संख्या में बच्चे व अभिभावकगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम के मौके पर अभिभावकों का पूजन करते स्कूली विद्यार्थी व अन्य।

### वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में मैरेज हाउस बनाने के प्रस्ताव का विरोध, मैदान ही रहने देने की मांग



**जमशेदपुर।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम खेल के मैदान के रूप में विकास करने के लिए छोटा गोविंदपुर के सभी मुखिया एवं पंचायत समिति मिलकर अपनी सहमति दी एवं इस मैदान को एक अच्छे खेल के मैदान के रूप में इसका विकास किया जाएगा ना कि किसी शादी विवाह के मंडप बनाकर फिर के मैदान को खराब किया जाएगा। पूरे गोविंदपुर में एकमात्र खेल का मैदान है जिसमें इस क्षेत्र के सभी बालक का शारीरिक विकास एवं खेलकूद में उनकी सहभागिता निश्चित होती है। इस क्षेत्र के एकमात्र खेलकूद के मैदान को कुछ लोग मिलकर शादी विवाह का मंडप बनाना चाहते हैं जो सरासर गलत है। जल्द ही यहां के जनप्रतिनिधियों के द्वारा डीसी साहब को इसकी शिकायत की जायेगी एवं इसकी सुरक्षा निश्चित की जायेगी।

स्पीड न्यूज

## युवा व्यवसायी संघ ने पुलवामा के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बेरमो /फुसरो।** युवा व्यवसायी संघ कार्यालय में शुक्रवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। यहाँ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपुरा में हुए आतंकी हमले में 40 वीर जवान शहीद हुए थे। कहा कि मातृभूमि की सेवा में उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**बेरमो /फुसरो।** अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में सीसीएल ढोरी के सीएसआर मद के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. यहाँ कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज पाण्डेय, शिशु मंदिर तुपकाडीह के प्रधानाचार्य मंटू गिरी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## तीन दिवसीय सरना सम्मेलन सह मेला का आयोजन

**बेरमो /बोकारो थर्मल।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पलामु पंचायत के छोटकीकुड़ी में सरना समिति की ओर आयोजित तीन दिवसीय सरना सम्मेलन सह मेला गुरूवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह में पहुंचे बतौर अतिथि डुमरी विधायक टाईगर जयराम महतो ने कहा कि आदिवासियों का धर्मस्थल कुड़ीबुरू धोरोमगाढ़ की पहचान राष्ट्रीय पटल पर कायम होगी और पर्यटन स्थल के रूप विकसित किया जाऐगा।

## तेज रफ्तार कार ट्रेलर से टकराई दो लोग घायल

**बेरमो।** डुमरी के एन एच 19 लक्ष्मण मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार कार आगे चल रही ट्रेलर से जा टकराई। जिसमें कार में सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे में ड्राइवर को अंदरूनी छोटे आई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। जबकि एक महिला को हल्की चोटें आई है। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि कार सवार प्रयागराज से स्नान कर हावड़ा अपने घर जा रहे थे तभी उनकी तेज रफ्तार कार आगे चल रही ट्रेलर से टकरा गई। जहां हादसा के बाद ट्रेलर भागने में सफल रहा। जबकि घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर पुलिस कार को जप्त कर थाने ले आई है।

## लिवर फाइब्रो स्कैनिंग जांच शिविर का आयोजन

**बेरमो।** डीवीसी कोनार डैम डिस्पेंसरी द्वारा लिवर फाइब्रो स्कैनिंग जांच शिविर का आयोजन जायडस फार्मा हेल्थ केयर, रांची के सहयोग से किया गया। जायडस फार्मा हेल्थ केयर की ओर से सुशांत सिंह और लैब टेक्नीशियन के द्वारा जांच का संचालन किया। शिविर का उद्घाटन कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया और द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम में डॉक्टर बी एन मंडल, प्रबंधक असैनिक गोपाल महतो, पवन कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, सीएसआर के सुनील कुमार, बी के महतो, राजेश्वर रजक आदि सम्मिलित हुए।

## अवैध बालू लदा ट्रेक्टर को खनन विभाग ने पकड़ा, किया पेटरवार थाने के सुपुर्थ

**बेरमो।** उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार आज दिनांक 13/02/2025 को पेटरवार थानांतर्गत खेतको क्षेत्र पर छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें खेतको नहर टोला के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन करते हुए 04 ट्रैक्टरों पकड़ा गया, जिसे विधिवत जप्त कर पेटरवार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### बीएसएल में 31 कर्मियों को मिला

# बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ का अवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2024 के मई से अगस्त माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 31 कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में ईडी संकार्य सीआर महापात्रा व ईडी मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी एवं संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

ईडी श्री महापात्रा ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी योगदान है।

उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता को 08 मिलियन टन तक बढ़ाने की विस्तार योजना है और हमें पूर्ण विश्वास है कि हम सभी लोग अपनी लाभप्रदता को बढ़ाकर और नवाचार के जुनून के साथ काम कर इसे संभव कर पाएंगे। ईडी सुश्री राजश्री बनर्जी ने सभी कर्मचारियों व उनके परिवार के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा विकास की गति को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व इस्पात बाजार कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और आप सभी के योगदान से हम इस चुनौती को पार करेंगे।

# महाकुंभ पर आधारित कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में वर्तमान सत्र की फाइनल परीक्षाओं से पूर्व विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में आयोजित स्पेशल एसेंबली में छात्र-छात्राओं ने फागुन और प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कड़ी की शुरूआत डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की अंतर विद्यालय समूह-गान प्रतियोगिता में प्रथम रही विद्यालय की टीम ने होलियाना राग प्रस्तुत किया। गायन प्रस्तुत करने वाले बच्चे पारंपरिक परिधान में रंग-अबीर लगाकर पहुंचे थे। इसके बाद महाकुंभ आधारित आकर्षक नृत्य के जरिए विद्यार्थियों ने भारत की अतुलनीय व समृद्ध आध्यात्मिक और सनातन सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। भगवान शिव ऋषि-मुनि और साध्वियों के वेश में त्रिशूल आदि लेकर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति मनोरम बनी रही। इसके पूर्व सभा के प्रारंभ में छात्रा शालिनी ने सुविचार छात्र सात्विक रूपम द्विवेदी ने दैनिक समाचार तथा प्रिशु आनंद ने परीक्षा के दिनों में तनाव और इसके प्रबंधन पर प्रभावशाली संभाषण प्रस्तुत किया। छात्रा फैजा अथर ने कविता के माध्यम से गुरुजनों के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य ने पुरस्कृत भी किया।

खबर एक नजर में

## सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपी को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास-बोकारो में यातायात व्यवस्था सुचारू करने को लेकर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने चास के एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह बोकारो के सिटी डीएसपी आलोक रंजन तथा ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर के साथ बैठक कर एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर चैम्बर के संरक्षक संजय वैद ने बैठक में मुख्य सड़क पर खड़े रहने वाले बड़े व्यावसायिक वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की। कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा मांगे जाने वाले माल की आपूर्ति करने वाले वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चास में पार्किंग क्षेत्र चिह्नित कर उसे विकसित किया जाए। महासचिव राजकुमार जायसवाल ने बताया कि चास में यातायात व्यवस्था सुचारू न होने के कारण आस-पास के क्षेत्र से खरीदारी करने आने वालों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बोकारो नगर की हृदयस्थली सिटी सेंटर में भी यातायात अस्त-व्यस्त होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और जाम की स्थिति बनी रहती है। बैठक में नया मोड़ बस स्टैंड के अंदर ही बसों के पड़ाव सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई क्योंकि अधिकतर बसें मुख्य सड़क पर ही खड़ी होकर सवारियां उठाती हैं। सेक्टर 12 मोड़ नया मोड़ सिटी सेंटर सेक्टर 4 मोड़ आदि पर पड़ाव चिन्हित करने पर जोर दिया गया। बैठक में मनोज चौधरी संजय बैद राजकुमार जायसवाल नरेंद्र सिंह सुभाष जैन अनूप भालोटिया शैलेंद्र जायसवाल अंकित चोपड़ा सहित कई अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## भाजपा संगठन पर्व की प्रक्रिया को तेजी के साथ पूर्ण करने के लिए बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** भाजपा कार्यालय गोड्डा में गोड्डा विधानसभा के पथरगामा, गोड्डा नगर, गोड्डा ग्रामीण, वीसाहा मंडल की संगठन चुनावी प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण किया जाय इस निहित जिला चुनाव संगठन अधिकारी श्री अभय सिंह ने जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश सभी मंडल संगठन चुनाव प्रभारी को दिया गया।मौके पर सभी चुनाव प्रभारी से सभी शक्ति केंद्र प्रभारी से प्रगति की रिपोर्ट लेते हुए 3 दिनों के अंदर सभी शक्ति केंद्र के संयोजक,सह संयोजक सभी बूथों की 12 सदस्यीय कमिटी बनाकर पूर्ण करने को कहा गया ताकि मंडल अध्यक्ष का चुनाव बूथ अध्यक्षों द्वारा किया जा सके तभी जिला अध्यक्ष का चुनाव तय समय के अंदर किया जा सके व प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में जिला अध्यक्ष शामिल हो सके। मौके पर जिला सदस्यता प्रभारी मुरारी चौबे, जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, जिला मंत्री नितेश सिंह, जय शंकर सिंह, पवन झा, आशीष यादव, जीतू सिंह, राजेश भगत, पप्पू शर्मा, शिवराम जी, प्रताप दत्ता, मणिकांत महतो, जयप्रकाश सिंह मौजूद थे। ये जानकारी सह मिडिया प्रभारी प्रितम गाडिया ने दी।

### हमारा दायित्व है कानून की धाराओं का पालन करते हुए

## जन समस्याओं का समाधान करना : अनिमेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी ने अपने जिला मुख्यालय कार्यालय मे जिला पुलिस के अधिकारियो, जिला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षकों, थाना प्रभारी के साथ अन्य शाखा अधिकारीयों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक मे अपने कर्तब्य और उत्तरदायित्व का पाठ पढ़ाते हुए कहा हमारा ये पहला दायित्व है किसी शोषित पीड़ित ब्यक्ति महिला बच्चे छात्र छात्रा द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जाँच करें और पीड़ित ब्यक्ति की सहायता के लिये प्रस्तुत हो। लोगों मे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े और संकट मोचक की भूमिका मे हम उनके साथ रहकर उनकी सुरक्षा जान माल की क्षति होने से बचाएं। कानून तोड़ने वालों अपराध कर्मियों और क्षेत्र और समाज मे शांति भंग करने वालों के खिलाफ खडे होकर शांति और भय हीन वातावरण का निर्माण करें। उन्हें लगे कि पुलिस के जवान हमारी सुरक्षा के लिये हमारे आस पास ही खडे है। जिले मे छिट फुट हो रही चोरी कि घटनाओं पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए ये निर्देश दिया पेट्रोलिंग ब्यवस्था मे सुधार लाने की जरूरत है पेट्रोलिंग टीम सिर्फ मुख्य मार्गो पर पेट्रोलिंग करने से अपराध नियंत्रण कि दिशा मे काफी नहीं है। पेट्रोलिंग दस्ता मुख्य मार्गो पर आने जाने से कर्तब्य पूरा नहीं हो जाता वाहन से उतरकर चौंक चौराहे पर खोजपूर्ण नजर रखनी होंगी। नशा के कारोबार और इसके आदी लोगों पर नजर रखनी होंगी गुप्त सूत्रों से पता कर इन पर जाँच करने की आवश्यकता होंगी। अवैध खनन, और जगल मे पेड़ों की कटा ई, दो पहिया वाहन की नियमित चेकिंग करने पर बल दिया। वारंटीयों की धर पकड़, न्यायालय के निदेर्शों का पालन करने का निर्देश दिया।

## हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे- बाजे के साथ निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा

**बेरमो /फुसरो।** पिछरी कॉलोनी में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रामकथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन को लेकर शुक्रवार को गाजे- बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकाली जो पिछरी के मुख्य सडक मार्ग होते हुए हथिया पत्थर स्थित दामोदर नदी पहुंचा, जहां बिहार से आए आचार्य मनोज चौबे ने मुख्य यजमान सिंटू मिश्रा व उनकी धर्म पत्नी विभा देवी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर पूजा अर्चना कराया. शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के कलश में जल भरकर पुनः हनुमान मंदिर वापस आया. कॉलोनी निवासी समाजसेवी उदेश दुबे के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गयी. जिसमें कतरास से आए कलाकारों द्वारा भगवान शिव- पार्वती, राम- लक्ष्मण व सीता, वीर हनुमान एवं वानर सेना की झांकी निकाली गयी. श्री दुबे ने बताया कि हनुमानजी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 फरवरी से 18 फरवरी तक पांच दिवसीय रामकथा किया जाएगा. जिसमें प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रवचन सुनायी जाएगी. 18 फरवरी को विशाल भंडारा के साथ यज्ञ की समाप्ति होगी. मौके पर पंडित अभिषेक शास्त्री, करमु मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, अशोक मिश्रा, अशोक सिंह, रामलाल मुंडा, सौरभ कुमार, प्रवेश मिश्रा, शोभा देवी, मंजू देवी, निकिता मिश्रा, निशा कुमारी, अंजली कुमारी, पायल मिश्रा, ऋषि मिश्रा आदि लोग मौजूद थे। सीसीएल के सीएमडी ने ढोरी क्षेत्र का किया निरीक्षण।

## सीसीएल का चालू वित्तीय वर्ष में सौ मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित : सीएमडी

**बेरमो।** सीसीएल के सीएमडी नीलेंदू कुमार सिंह ने सीसीएल के ढोरी एरिया का दौरा किया। दौरे के क्रम में क्षेत्र के एसडीओसीएम और एएडीओसीएम परियोजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएमडी सिंह ने ढोरी जीएम रंजय सिंहा से कोयला उत्पादन व डिस्पैच से संबंधित जानकारी ली। साथ ही परियोजना का नक्शा का अवलोकन करते हुए उत्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर सीएमडी सिंह ने कहा कि देश के ऊर्जा में कोयला की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए लक्ष्य के अनुसार उत्पादन और कोयला का सम्प्रेषण करना है। साथ ही उन्होंने अधिकारीयों को एएडीओसीएम परियोजना से बेहतर कोयला उत्पादन की तैयारी में लग जाने को कहा। कहा कि सीसीएल के 14 एरिया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक सौ मिलियन टन का कोयला उत्पादन लक्ष्य निर्धारित है। कहा कि सीसीएल ने जिस तरीके से तैयारी कर रखी है कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सौ मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगें। कहा कि सीसीएल में नयी परियोजनाओ को खोलेने की योजना है। कहा कि ढोरी एरिया के पिछरी को जल्द ही चालू किया जायेगा।बंद तारमी ओसीपी परियोजना के लिए भी विशेष ध्यान केंद्रित है। वहीं एसडीओसीएम परियोजना का विस्तारीकरण पर विचार किया जा रहा है। सीएमडी ने विस्थापन नीति पर बात करते हुए कहा की इस पर चार महत्वपूर्ण चीजो का ख्याल रखा जाता है। उन्होनें बताया कि हाईवाल से नये तकनीकी के तहत अंडर ग्राउंड कर हाईवाल माइनिंग द्वारा कोयला उत्पादन की योजना है। कहा कि ढोरी एरिया के अमलो माइन्स के हाईवाल माइनिंग के तहत नये तकनीकी से कोयला उत्पादन का किया जायेगा। मौके पर ढोरी जीएम रंजय सिंहा, एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, अमलो पीओ राजीव कुमार सिंह, ढ़ोरी खास पीओ रंजीत कुमार, एसडीओसीएम कल्याणी पीओ शैलेश प्रसाद, एसओपी माला कुमारी एसओ ईएंडएम जी मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार, एसओएक्स यू के पासवान, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह, प्रबंधक मुन्नीनाथ सिंह, एरिया सेल ऑफिसर राजेश कुमार गुप्ता सेल ऑफिसर विवेक कुमार व डी के सिंहा, , पीई एस सी सिंहा, मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह गणेश मल्लाह, इनमोसा नेता पवन सिंह व मदन सिंह, समाजसेवी दौलत महतो, पूर्व मुखिया नकुल महतो, मुरारी प्रसाद सिंह, बैजनाथ सिंह, मोहम्मद कलीमुद्दीन, सुरेंद्र गिरि, सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाल विवाह नहीं करने का दिया संदेश

**लातेहार।** लातेहार को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए शुक्रवार को वेदिक सोसाइटी सदर प्रखंड के निंदिर मस्जिद में मदरसा के शिक्षक इमाम हाफिज मनौवर भागलपुरी के द्वारा जुमा नमाज अदा करने वाले लगभग 200 लोगों को अपने बच्चों का बाल विवाह नहीं करने के लिए सन्देश दिया गया। उन्हें बताया गया की लड़की का निकाह 18 वर्ष और लड़का का निकाह 21 वर्ष के बाद ही करे अगर आप इस उम्र से पहले करते है तो आप पे कानूनी कारवाई की जायगी और आप जेल सकते है। इसलिए आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे और जो कानून में निकाह का उम्र निधारित है उसके बाद ही करे। वेदिक सोसाइटी के द्वारा जिला के सभी मस्जिद में जुमा के दिन पेश इमाम के द्वारा बाल विवाह को लेकर जागरूक करने का काम किया जाएगा।

# पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी ने लिया मंदिरो की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं मोतिया ओ पी प्रभारी महावीर पंडित ने मिलकर ओ पी क्षेत्र के बक्सरा, मोतिया, सिकटिया सहित कई गांवों के मंदिरों का दौरा किया तथा उपस्थित ग्रामीणों से मंदिरों की सुरक्षा संबंधी जायजा लेते हुए कई अवश्य दिशा निर्देश दिए।

पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मंदिर में सी सी टीवी कैमरे अवश्य लगवाएं, शराबियों, नशेड़ियों आदि असामाजिक तत्वों को मंदिर में प्रवेश न करने दे, दानपेटी एवं मंदिर गेट में मजबूत ताला लगवाएं, मंदिर समिति की ओर से वॉलिंटियर्स की व्यवस्था करें, किसी भी घटना की सूचना पुलिस को ससमय दीजिये। थाना प्रभारी महावीर पंडित ने कहा कि मंदिर के सुरक्षा की दृष्टि से किसी न किसी व्यक्ति को रात्व के समय मंदिर परिसर में अवश्य रखे। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर इसकी सूचना तत्काल थाना को दे। इसमें पूर्व मुखिया हेमन्त कुमार, पूर्व उपमुखिया मनेष यादव, दीपक मंडल, सत्यम कुमार, ओम कुमार मंडल, कृष्णा कुमार, अवदेश ठाकुर, दिनेश यादव, राहुल मंडल, मनीष यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## ट्रेक्टर दुर्घटना में बिरहोर मजदूर की मौत, शव घर पहुँचते ही पसरा मातम

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु बिरहो कलोनी निवासी राजकुमार बिरहोर 20 वर्षीय की चतरा के सिमरिया थाना क्षेत्र के भवानी मठ के समीप ट्रेक्टर दुर्घटना मे शुक्रवार को मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आते ही घर मे चीख चित्कार से मातम पसर गया। मृतक के पिता शंकर बिरहोर ने बताया की मेरा पुत्र सिमरिया थाना क्षेत्र के नवादा निवासी असरफ मियाँ का ट्रेक्टर मे मजदूरी का काम करता था। अचानक ट्रेक्टर दुर्घटना होने की खबर मिली। मृतक राजकुमार के पत्नी अनिता देवी व दो बच्चे का रोरोकर बूरा हाल है। घर मे मात्र एक कमाऊ सदस्य था। राजकुमार के मौत होने से पुरे बिरहोर कलोनी मे मातम पसर गया है।

# बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने विधानसभा अंतर्गत जनहित में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम श्रीमती श्वेता सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत चास प्रखंड अंतर्गत सियाल जोरिया से ब्राह्मण द्वारिका को जोड़ने वाली जोरिया पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

यहां पुल की मांग वर्षों पुरानी है, जिससे इस क्षेत्र का विकास लंबे समय तक लंबित रहा। यह पुल क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगा जो न केवल जनता के आवागमन को सरल बनाएगा बल्कि ग्राम्य क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक समृद्धि में भी योगदान करेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत यह परियोजना गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। वहीं जिला अनाबद्ध निधि से स्वीकृत चास प्रखंड परिसर में अवस्थित पेट क्लिनिक के जीर्णोद्धार और पेट क्लिनिक के भूतल के ऊपर प्रथम तल में ऑनर वेटिंग हॉल क्लिनिकल डायग्नोस्टिक लैब स्टोर रूम डॉक्टर रेस्ट रूम इत्यादि के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर पवन झा बासुकीनाथ घोषाल शंभू दास बासुकीनाथ घोषाल आदि उपस्थित रहे।

## झपटमारी के चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विगत 26 नवम्बर 2024 को बैंक ऑफ इंडिया से जगदीश मांझी एवं उनके भतीजे के बैंक से 28000 रुपए लेकर घर वापस आने के क्रम में एनएच 32 स्थित तलगाड़िया मोड़ पर झपट्टा मारकर पल्सर मोटरबाइक पर सवार बदमाशों द्वारा पैसा छीन लिया गया था। इस सम्बन्ध में चीरा चास थाना में 92 /2024 के तहत दर्ज मामले पर पुलिस सक्रिय रही और आरोपियों प्रकाश दास दीपक राव अर्जुन राव उर्फ कुशल राव और विक्रम राव को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से झपटमारी में गए बैंक दस्तावेज घटना में प्रयुक्त बाइक चार हजार रुपये के साथ तीन मोबाइल तीन बाइक मोटर साइकिल की डिक्की तोड़ने के औजार लोहे की हथौड़ी आदि बरामद हुए। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाशी में पुलिस लगी हुई है।

## सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ इनमोसा आर-पार की लड़ाई लडेगी : विजय

**बेरमो।** इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन (इनमोसा) केंद्रीय समिति की बैठक शुक्रवार को सीसीएल ढ़ोरी ऑफिसर्स क्लब में पवन कुमार सिंह की संचालन में हुई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा इनमोसा की मांगों को नजर अंदाज करने, इनमोसा सदस्यों के समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर रोष जताया गया. प्रबंधन के रवैये के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत आंदोलन के प्रथम चरण 24 फरवरी को परियोजना कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन, दूसरे चरण में 3 मार्च को सभी एरिया कार्यालय तथा तीसरे चरण में 10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय रांची में प्रदर्शन करने तथा चौथे चरण में 24 से 26 मार्च तक तीन दिनों की सामूहिक अवकाश करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि 09 सूत्री मांगों पर सीसीएल प्रबंधन एवं इनमोसा के बीच पूर्व में वार्ता में हुई थी। लेकिन मांगों पर प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गयी।

# यूक्रेन के चेर्नोबिल परमाणु प्लांट पर रूस का हमला

## रेडिएशन शेल्टर को हुआ नुकसान : जेलेंस्की

एजेंसी

**कीव ।** यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षतिग्रस्त रिएक्टर के ऊपर स्थित रेडिएशन शेल्टर को निशाना बनाया। जेलेंस्की ने कहा कि रात में हुए हमले में प्लांट की नष्ट हो चुकी चौथी बिजली यूनिट की छत पर आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि शुक्रवार सुबह तक प्लांट में विकिरण का स्तर नहीं बढ़ा था। जेलेंस्की ने एक्स पर फुटेज पोस्ट की जिसमें एक विस्फोट और कंक्रीट और स्टील से बनी विशाल शील्ड का नुकसान दिखाई दे रहा है। यह शील्ड रेडियोएक्टिव मटेरियल के रिसाव को रोकने के लिए डिजाइन की गई है। यह 275 मीटर (900 फीट) चौड़ी और 108 मीटर (354 फीट) ऊंची है और इसके निर्माण में $1.6 बिलियन की लागत आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि रात में हुए विस्फोट के कुछ ही मिनटों के भीतर अग्नि सुरक्षा कर्मियों और वाहनों ने प्रतिक्रिया दी। एजेंसी ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दुनिया भर में परमाणु सुरक्षा पर नजर रखने वाली आईएईए ने कहा कि चेर्नोबिल के अंदर और बाहर विकिरण का स्तर सामान्य और स्थिर बना हुआ है। चेर्नोबिल रिएक्टर में दुनिया की सबसे खराब परमाणु दुर्घटना हुई थी। 26 अप्रैल 1986 एक भयावह विस्फोट ने में हवा में रेडियोधर्मी पदार्थ का एक गुबार उड़ा दिया था, जिससे पूरे यूरोप में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल लग गया था। यूक्रेन उस समय सोवियत यूनियन का हिस्सा था।



## रूस के साथ शांतिवार्ता में शामिल होगा यूक्रेन : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन दोनों देशों के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस के साथ शांति वार्ता में शामिल होगा। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे इसका हिस्सा हैं। हमारे पास यूक्रेन होगा, और हमारे पास रूस होगा, और हमारे पास अन्य लोग भी शामिल होंगे, बहुत सारे लोग। ट्रंप यूक्रेन संघर्ष की उत्पत्ति का श्रेय आंशिक रूप से यूक्रेन की संभावित नाटो सदस्यता को देते हैं, जिसका रूस ने लंबे समय से विरोध किया था। ट्रंप ने कहा कि पहले दिन से कि कहा है कि वे यूक्रेन को नाटो में नहीं रख सकते। उन्होंने इसे बहुत दृढ़ता से कहा। उन्होंने कहा कि मुझे वास्तव में लगता है कि यही वह चीज थी जो संघर्ष की शुरुआत का कारण बनी। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी और रूसी अधिकारी शुक्रवार को जर्मनी के म्यूनिख में मिलेंगे और यूक्रेन को भी आमंत्रित किया गया है। ट्रम्प ने पत्रकारों से यह भी कहा कि तीनों देशों के उच्च पदस्थ अधिकारी, हालांकि नेता नहीं, संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में काम करने के लिए अगले सप्ताह सऊदी अरब में मिलेंगे। ट्रंप ने कहा कि हम जेलेंस्की और पुतिन के साथ काम कर रहे हैं, और मेरी धारणा यह है कि मुझे पता है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की एक समझौता करना चाहते हैं, और मुझे यह भी लगता है कि मुझे पता है कि राष्ट्रपति पुतिन एक समझौता करना चाहते हैं।

## बंगाल में संघ प्रमुख भागवत की सभा को हाई कोर्ट ने दी मंजूरी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति खारिज करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को आरएसएस को 16 फरवरी को बर्दवान में सभा करने की अनुमति दे दी। सभा में डॉ. मोहन भागवत मुख्य वक्ता हैं। आरएसएस ने इस सभा के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति के लिए अदालत का रुख किया था, क्योंकि ममता बनर्जी सरकार ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था। राज्य पुलिस ने परीक्षा के दौरान शोरशराबे से छात्रों को होने वाली परेशानी की दलील देते हुए सभा की अनुमति नहीं दी थी। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में तर्क दिया गया कि सभा स्थल के आसपास कोई स्कूल नहीं है और इसलिए, छात्रों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। रविवार को स्कूल और सारी परीक्षाएं बंद रहेंगी।

## स्पीड न्यूज

### किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं रहेंगी ममता कुलकर्णी



**महाकुंभ नगर ।** फिल्म जगत से अध्यात्म के क्षेत्र में आई किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा देने वाली ममता कुलकर्णी ने वीडियो जारी कर कहा कि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है और वह किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनी रहेंगी। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर पद पर बने रहने की पुष्टि की।

### पाक के बलूचिस्तान में विस्फोट, 11 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार सुबह हुए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई और चार मजदूर घायल हो गए। बलूचिस्तान लंबे समय से अशांत है। सूबे की सीमाएं अफगानिस्तान से लगती हैं। यह विस्फोट हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हरनाई के डिप्टी कमिश्नर हजरत वली काकर ने बताया कि कोयला खनिकों को ले जा रहे वाहन पर बम फेंका गया। नौ खनिकों की मौके पर मौत हो गई और दो ने कुछ समय बाद दम तोड़ दिया।

### खैबर पख्तूनख्वा में 13 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अलग-अलग अभियानों में 13 आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने केपी के डेरा इस्माइल खान, उत्तरी वजीरिस्तान, लक्की मरवत और खैबर जिलों में अभियान चलाया गया। डेरा इस्माइल खान जिले में अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच झड़प में पांच आतंकवादी मारे गए।

### राष्ट्रपति शासन के बाद मणिपुर में बढ़ी सुरक्षा

**इंफाल ।** असमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद अधिकारियों ने शुक्रवार को राजभवन और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी, जबकि भाजपा के भीतर एन बीरेन सिंह के उत्तराधिकारी के लिए चर्चा जारी रही, जिन्होंने पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद भाजपा अभी तक अपने विधायक दल का नया नेता नहीं चुन पाई है।

### महाकुंभ में मध्यप्रदेश के इंदौर से माला बेचने आईं मोनालिसा बनेंगी हीरोइन



**महाकुंभ नगर।** मध्यप्रदेश के इंदौर की रहने वाली नीली कजरारी आँखों वाले मोनालिसा महाकुंभ में माला बेचने आई थीं। ब्लॉगर्स की ऐसी नजर पड़ी कि देखते ही देखते वो वायरल गर्ल बन गईं। सोशल मीडिया सनसनी के बाद अब फिल्मों की ग्लैमरस हसीना बनने जा रही हैं। मोनालिसा के हाथ पहली फिल्म लग गई है। सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग में हर दिन इजाफा हो रहा है। मोनालिसा पर निर्देशक सनोज कुमार की नजर पड़ गई। मोनालिसा के घर पहुंचकर उन्होंने उसे फिल्म ऑफर कर दी और साथ मोनालिसा को मुंबई ले आये।

## जामताड़ा से साइबर ठगों ने डॉक्टरों से मांगा पैसा

**रायबरेली : स्वास्थ्य विभाग में एलोपैथिक और डेंटल डॉक्टरों से नौकरी के नाम पर मांगा रुपये**

**रायबरेली।** झारखंड में बैठे साइबर अपराधियों ने नौकरी के नाम पर डॉक्टरों से पैसे की मांग कर दी, जिसका ऑडियो सामने आने पर हड़कंप मच गया है। साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी, जिसमें पता चला है कि झारखंड के जामताड़ा से सभी फोन कॉल्स किये गए थे। रायबरेली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में एलोपैथिक और डेंटल डॉक्टरों के 24 पदों की भर्ती होनी है। जिसके लिए साक्षात्कार सात फरवरी को हुआ था। एडीएम वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव, सीएमओ डॉक्टर नवीन चंद्रा व डीपीएम राकेश सिंह की एक कमेटी बनाई गई। जिसके लिए, दंत रोग के एक पद पर 26 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया, जबकि एमबीबीएस के 23 पदों के लिए 27 अभ्यर्थियों शामिल हुए। इससे पहले कि इसका परिणाम घोषित होता कि साक्षात्कार के बाद साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। मोबाइल फोन करके चयन सूची में नाम शामिल करने के लिए साइबर अपराधी अभ्यर्थियों से रुपये की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार अब तक 15 लोगों के पास फोन आया, जिनका ऑडियो भी वायरल हुआ। जिसके बाद सीएमओ ने एसपी से कार्रवाई करने का अनुरोध किया। एसपी डॉ यशवीर सिंह के निर्देश पर साइबर पुलिस ने जांच शुरू की। अभ्यर्थियों से फोन कर रुपये मांग करने वाले झारखंड के जामताड़ा के रहने वाले हैं। उन्होंने बैंक खातों के नंबर भी दिए हैं। पुलिस इन नम्बरों का डेटा भी खंगाल रही है। एक अभ्यर्थी डॉ वीरेंद्र कुमार के मोबाइल पर साक्षात्कार के बाद फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम कर्म कुमार बताया।

# महाकुंभ से यूपी हुआ मालामाल

## राज्य की अर्थव्यवस्था में तीन लाख करोड़ की वृद्धि होगी : योगी

एजेंसी

**▸▸ महाकुंभ पर 1500 करोड़ खर्च किए गए हैं : सीएम**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में करीब तीन लाख करोड़ रुपये की वृद्धि का अनुमान है। योगी ने कहा कि महाकुम्भ न केवल आस्था का महापर्व है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अनुमान लगाया कि इस आयोजन से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग कुंभ पर खर्च को लेकर सवाल उठाते हैं, लेकिन यह निवेश प्रयागराज के संपूर्ण पुनरुद्धार के लिए किया गया है। महाकुम्भ पर कुल 1500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन इसके बदले में उत्तर प्रदेश को तीन लाख करोड़ रुपये का लाभ होने जा रहा है। यह आयोजन पर्यटन और व्यापार को भी बड़ा प्रोत्साहन देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल हैं। कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया।

योगी ने कहा कि महाकुम्भ में असाधारण भीड़ को संभालने के लिए सड़क मार्ग, रेलवे और वायु मार्ग से बेहतरीन कनेक्टिविटी दी गई है। 40 रेगुलर फ्लाइट्स प्रयागराज को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ रही हैं, वहीं रेलवे द्वारा सैकड़ों मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया है। सड़क मार्ग से सबसे अधिक श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं और इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा स्वीकृत विभिन्न सड़क परियोजनाओं ने अहम भूमिका निभाई है। योगी ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया और सुचारू व्यवस्थाओं के कारण कोई अव्यवस्था नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह डबल इंजन सरकार की प्रशासनिक दक्षता का परिणाम है।



### अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु लगा चुके हैं डुबकी

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो उत्तर प्रदेश की शक्ति और व्यवस्थागत कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ में लोगों की सैकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। योगी ने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है और पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है। इस बार पहली बार श्रद्धालु अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन कर पा रहे हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सीमित पहुंच में रखा गया था।

## बिहार में एक कॉल पर घर पहुंच जायेगा बालू

**0612-2215360 एवं मोबाइल नं 9472238821 पर करें संपर्क**

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम सह खान एवं भू-तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि आम लोगों को उनकी मांग के अनुरूप बालू उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री ने कहा कि यदि किसी को बालू प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई हो रही है तो वह विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर - 0612-2215360 एवं मोबाइल - 9472238821 पर संपर्क कर बालू प्राप्त कर सकता है। फोन करने के बाद आपके दरवाजे तक बालू पहुंच जाएगा।

बालू मित्र पोर्टल की व्यवस्था भी जल्द: डिप्टी सीएम ने कहा कि लोगों को बालू सुगमता से मिले इसके लिए खनन निगम के माध्यम से भी बालू की आपूर्ति के विकल्प पर विचार हो रहा है। बालू मित्र पोर्टल की व्यवस्था भी बहुत जल्द प्रचालन में आ जाएगी। जिससे बालू के अवैध खनन, बिक्री और कालाबाजारी पर अंकुश लगाते हुए लोगों के अनुरूप बालू उपलब्ध कराने में सफलता मिलेगी।



**नीतीश ने जहानाबाद को दी 241 करोड़ की सौगात**

**पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान शुक्रवार को जहानाबाद जिले में काको प्रखंड के धरहरा ग्राम स्थित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय परिसर से 241.20 करोड़ रुपये की 88 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।**

## दिल्ली में भाजपा विधायक दल की बैठक रविवार को

**18 को हो सकता है शपथ**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नयी सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज हो गयी और इस कड़ी में 16 फरवरी को विधायक दल की बैठक और 18 फरवरी को हो सकता है शपथ ग्रहण। पार्टी सूत्रों से जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका का दो दिवसीय दौरा समाप्त करके नयी दिल्ली लौट रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाएंगे। 16 फरवरी को पार्टी के विधायक दल की बैठक हो सकती है, जिसमें मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जाएगा और अनुमोदन होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता दिल्ली के नये मुख्यमंत्री की घोषणा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश की नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 18 फरवरी को आयोजित हो सकता है। शपथ ग्रहण स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा है, लेकिन ज्यादा संभावना इस समारोह के रामलीला मैदान में होगा । भाजपा ने आठ फरवरी को आए दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में 48 सीटें जीती हैं।

## आरबीआइ ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाया बैन

**नयी दिल्ली।** आरबीआइ ने शुक्रवार को मुंबई स्थित न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल को 12 महीने के लिए भंग कर दिया है। आरबीआई ने बैंक के संचालन के लिए नया प्रशासन नियुक्त किया है। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पैसे निकालने, जमा करने, लोन देने और किसी प्रकार के लिए लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिया था। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक ने खराब प्रशासन के लिए न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल में फेरबदल किया गया है।

## पूनम गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन में लिए सात फेरे

एजेंसी

**नयी दिल्ली/ भोपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी की बेटी और सीआरपीएफ की असिस्टेंट कमांडेंट पूनम गुप्ता की शादी राष्ट्रपति भवन में हुई। उन्होंने अवनीश कुमार के साथ सात फेरे लेकर अपने दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। शादी समारोह बुधवार रात राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा कॉम्प्लेक्स में हुआ। खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया। गुरुवार को विदाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

दरअसल, पूनम गुप्ता का चयन सीआरपीएफ में हुआ तो ट्रेनिंग के बाद उनकी पहली पोस्टिंग नक्सल प्रभावित बिहार के गया जिले में थे। इससे पहले सीआरपीएफ अफसरों और जवानों की ट्रेनिंग भी जंगल में होती है। जंगल में ट्रेनिंग के दौरान ही अवनीश कुमार और पूनम गुप्ता की मुलाकात हुई थी। इसी मुलाकात के बाद दोनों करीब आने लगे थे। सीआरपीएफ की अधिकारी पूनम गुप्ता वर्तमान में राष्ट्रपति की पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (पीएसओ) के रूप में तैनात हैं। उनकी शादी राष्ट्रपति की विशेष अनुमति से राष्ट्रपति भवन में आयोजित की गई। इस समारोह में परिवार के करीबी सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी रही। पूनम गुप्ता के पति अवनीश कुमार भी सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट हैं। वे जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं।

यूपीएससी में चयन के बाद आर्मी की राह चुनी : पूनम गुप्ता के पिता रघुवीर गुप्ता श्योपुर के नवोदय विद्यालय में कार्यालय अधीक्षक के पद पर रहे हैं। मां किरण गुप्ता श्योपुर में शिक्षक हैं। पूनम के भाई दिव्यांशु गुप्ता एमबीबीएस करने के बाद दिल्ली से पीजी कर रहे हैं। पूनम ने अपनी बीएससी तक की पढ़ाई शिवपुरी में से की थी। पूनम का चयन यूपीएससी में हुआ था। जिसमें उन्होंने आर्मी को चुना था। बाद में उन्होंने दिल्ली सीआरपीएफ में ट्रेनिंग ली थी। पूनम ने 2021 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था। पूनम गुप्ता की शैक्षणिक उपलब्धियों और देशसेवा का सफर प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने गणित में ग्रेजुएशन और इंग्लिश लिटरेचर में एमए किया है। साथ ही उन्होंने जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से बीएड भी किया। पूनम ने यूपीएससी सीआरपीएफ परीक्षा-2018 में 81वीं रैंक हासिल कर सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट का पद प्राप्त किया। पूनम ने गणतंत्र दिवस 2024 की परेड में सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी का नेतृत्व किया था।



**▸▸ गया के जंगल में ट्रेनिंग के दौरान अवनीश और पूनम गुप्ता की हुयी थी मुलाकात**

### मैगी ने बढ़ाया प्यार

दूल्हा अवनीश कुमार ने मीडिया से बात करते हुए अपनी लव स्टोरी शेयर की है। उन्होंने बताया कि हमदोनों जंगल में ट्रेनिंग के लिए गए थे। ट्रेनिंग के दौरान ही पूनम गुप्ता ने टिन पर मैगी बनाई और मैगी के स्वाद में खोकर हम एक-दूसरे के करीब आए। जंगल में अन्य साथियों ने यह सब देखा था। इसके बाद से हमदोनों में प्यार और स्नेह बढ़ा।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 200 और निफ्टी 102 अंक लुढ़का



**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाने के प्रस्ताव से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार आठवें दिन लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 199.76 अंक लुढ़ककर 75,939.21 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.15 अंक की गिरावट लेकर 22,929.25 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.59 प्रतिशत कमजोर रहकर 39,731.79 अंक और स्मॉलकैप 3.24 प्रतिशत का गोता लगाकर 45,411.25 अंक पर आ गया।